

वार्षिक विवरण
Annual Report
2019–20

यूपीएमआरसी

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

UTTAR PRADESH METRO RAIL CORPORATION LTD.

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	निदेशक मंडल	3
2	शेयरधारकों हेतु चेयरमैन महोदय का संदेश	4
3	शेयरधारकों के नाम प्रबंध निदेशक महोदय का संदेश	6
4	2019–20 के प्रमुख घटनाक्रम	8
5	निदेशकों का प्रतिवेदन	13
6	कॉर्पोरेट अभिशासन पर प्रतिवेदन	32
7	वार्षिक रिटर्न का सारांश	38
8	सचिवीय लेखापरीक्षक प्रतिवेदन	45
9	स्वतंत्र लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन	51
10	वर्ष 2019–20 के लिए वित्तीय विवरण	61
11	महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखाओं पर टिप्पणियां	82
12	नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन	113

पंजीकृत कार्यालयः

प्रशासनिक भवन, विपिन खण्ड
गोमती नगर, लखनऊ–226 010, फोन : 0522–2304011
ईमेल : cslmrcl@gmail.com, वेबसाइटः www.upmetrorail.com

सांविधिक लेखापरीक्षक

मेसर्स डी. एस. शुक्ला एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
जी.एफ.–2 एकता अपार्टमेंट,
125, चंद्रलोक, अलीगंज,
लखनऊ–226 024

आंतरिक लेखापरीक्षक

मेसर्स एन.एन. कपूर एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

सचिवीय लेखापरीक्षक

मेसर्स दिलीप दीक्षित एंड कम्पनी
कम्पनी सचिव

कम्पनी सचिव

पुष्पा बेलानी

हमारे बैंक

भारतीय स्टेट बैंक
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

निदेशक मंडल

नाम	पदनाम
श्री दुर्गा शंकर मिश्रा	चेयरमैन एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव
श्री कुमार केशव	प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
श्री श्याम सुंदर दुबे	नामिती निदेशक, भारत सरकार, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (एमओएचयूए)
श्री विनय कुमार सिंह	नामिती निदेशक, भारत सरकार, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड
श्री दीपक कुमार	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रधान सचिव, आवास और शहरी नियोजन विभाग, उ.प्र. सरकार
श्री मुकेश कुमार मेश्राम	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार आयुक्त, लखनऊ
श्री शिवदास मीणा	नामिती निदेशक, भारत सरकार, अपर सचिव, एमओएचयूए
श्री प्रदीप एम. सिकदर	नामिती निदेशक, भारत सरकार, ईडी/एसआईजी (विकास), रेलवे बोर्ड
श्री आलोक कुमार	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार, अपर मुख्य सचिव, आवास और शहरी नियोजन विभाग
श्री संजय मिश्रा	पूर्णकालिक निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना), उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन
श्री सुशील कुमार	पूर्णकालिक निदेशक (परिचालन), उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन
श्री अतुल कुमार गर्ग	पूर्णकालिक निदेशक (चल स्टॉक एवं प्रणालियां), उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

*निदेशक (वित्त) का पद दिनांक 31.03.2020 तक रिक्त था
*उत्तर प्रदेश सरकार के नामिती निदेशक के एक पद का नामांकन 31.03.2020 को रिक्त हुआ था

शेयरधारकों हेतु चेयरमैन महोदय का संदेश



प्रिय शेयरधारको,

आपकी कंपनी की 7वीं वार्षिक आम बैठक में आप सबका स्वागत करना, मेरा गौरवपूर्ण सौभाग्य है। आज आपकी उपस्थिति एवं कंपनी की सफलता के लिए महत्वपूर्ण आपके सतत सहयोग हेतु, मैं आपसभी का आभार प्रकट करता हूं। वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए निदेशकों के प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित खाते, सांविधिक लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन एवं उनपर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ, आपसभी को पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं और आपकी अनुमित से, मैं उन्हें पठित मानता हूं।

आपकी कंपनी, वर्तमान में लखनऊ मेट्रो परियोजना फ़ेज़ 1–ए के अंतर्गत 22.878 किमी. लंबे संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर 9 मार्च, 2019 से मेट्रो यात्री सेवाओं का परिचालन कर रही है। लखनऊ मेट्रो के यात्रियों द्वारा मेट्रो सेवाओं को बहुत ही उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है तथा सेवाओं को सभी के द्वारा सराहा जा रहा है। संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर मेट्रो सेवाओं के शुभारंभ से ही औसत दैनिक राइडरशिप लगभग 70 हज़ार रही है।

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया, जिसका कंपनी के परिचालन एवं राजस्व पर प्रभाव पड़ा। 23 मार्च, 2020 की रात्रि से लेकर 6 सितंबर, 2020 तक मेट्रो सेवाएं स्थगित रहीं और परिणामस्वरूप लॉकडाउन की अवधि में कंपनी को फ़ेयर बॉक्स से शून्य राजस्व प्राप्त हुआ। कंपनी ने 7 सितंबर, 2020 से भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए मेट्रो सेवाओं का पुनरारंभ किया। कंपनी मेट्रो सेवाओं के पुनरारंभ से ही इन दिशा–निर्देशों का क्रियान्वयन कर रही है और अपने कर्मचारियों एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

कानपुर मेट्रो परियोजना के दोनों प्रस्तावित कॉरिडोर्स के लिए भारत सरकार ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है, जो शहर के सभी घनी आबादी वाले इलाकों एवं सार्वजनिक यातायात के अन्य माध्यमों को आपस में जोड़ेगा और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। तद्नुसार, आपकी कंपनी द्वारा कानपुर एवं आगरा मेट्रो परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। कंपनी को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 50:50 संयुक्त स्वामित्व वाले विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में पुनर्गठित करते हुए, कंपनी का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. किया गया (23 अक्टूबर, 2019 से प्रभाव में)।

मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं श्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामय उपस्थिति में कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम हेतु लगाए गए लॉकडाउन के कारण कुछ महीनों के लिए परियोजना के निर्माण कार्य बाधित हुए, लेकिन अब परियोजना का काम पूरी गति के साथ आगे बढ़ रहा है।

चूंकि आगरा शहर, ताज ट्रैपीज़ियम ज़ोन के अंतर्गत आता है, अतः निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए मा. उच्चतम न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता थी, तद्नुसार कंपनी ने आगरा मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए मा. उच्चतम न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल की, जिसे मा. न्यायालय द्वारा अनुमोदन प्रदान कर किया गया, जिसके बाद 7 दिसंबर, 2020 को मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगरा में मेट्रो के सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

आपकी कंपनी को इंटरनैशनल रॉयल सोसायटी फ़ॉर द प्रिवेंशन ऑफ़ ऐक्सिडेंट्स (आरओएसपीए) द्वारा लखनऊ मेट्रो परियोजना के फ़ेज़ 1–ए हेतु प्रोजेक्ट/इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी के अंतर्गत साल 2019 के लिए 'गोल्ड' पुरस्कार प्रदान किया गया। आपकी कंपनी को, 12वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के दौरान नवंबर, 2019 में लखनऊ मेट्रो परियोजना के लिए 'बेस्ट अर्बन मास ट्रांज़िट परियोजना' का पुरस्कार प्रदान किया गया। कंपनी को, ऊर्जा एवं शक्ति संरक्षण हेतु नवोन्मेष के लिए ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2019' से सम्मानित किया गया।

इस उपलक्ष्य पर मैं, यूपीएमआरसी के प्रति सहयोग प्रदान करने के लिए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, निदेशक मंडल, विभिन्न शेयरधारकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं, कंपनी के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा एवं गंभीर प्रयासों की सहृदय सराहना करता हूं, जिनकी बदौलत सर्वोच्च सुरक्षा–संरक्षा एवं गुणवत्ता के मानकों के साथ कंपनी बहुत ही दुष्प्राप्य समय–सीमा के अंतर्गत अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल हो सकी। कंपनी का रूपांतरण एक सतत प्रक्रिया है एवं यह भी संज्ञान में लेना चाहिए कि अपेक्षित परिणाम रातों–रात प्राप्त नहीं होते। हमने असाधारण प्रगति की है, लेकिन अभी भी एक लंबा सफ़र है, जो हमें तय करना है।

मैं लखनऊ एवं संपूर्ण उत्तर प्रदेश की जनता के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने अपना संरक्षण एवं प्रोत्साहन बनाए रखा, जिसकी बदौलत कंपनी अपने निर्धारित दृष्टिकोण एवं मुहिम के साथ आगे बढ़ सकी। अंत में, मैं यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक एवं पूरी टीम को कंपनी के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु एवं कंपनी को एक प्रतिष्ठित संगठन के रूप में विकसित करने की दिशा में किए गए उनके अथक प्रयासों, अमूल्य योगदान एवं निष्ठा हेतु बधाई देता हूं। हमने बहुत ही कम समय में कई लक्ष्य प्राप्त किए हैं और अब आम जनता की हमसे अपेक्षाएं और भी बढ़ गई हैं, जिनकी हमें निश्चित रूप से प्रतिपूर्ति करनी है। मैं सर्वथा आश्वस्त हूं कि हम यूपीएमआरसी को एक ऐसी कंपनी के रूप में रूपांतरित करेंगे, जो अपने शेयरधारकों के लिए सकारात्मक मूल्य का सृजन कर सके।

सधन्यवाद,

ह0/–

(दुर्गाशंकर मिश्रा)
चेयरमैन, यूपीएमआरसी
सचिव, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

शेयरधारकों के नाम प्रबंध निदेशक महोदय का संदेश

प्रिय शेयरधारको,

आपकी कंपनी की 7वीं वार्षिक आम बैठक में आप सबका स्वागत करना, मेरा गौरवपूर्ण सौभाग्य है। 5 सितंबर, 2017 को लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत, ट्रासंपोर्ट नगर से चारबाग़ के बीच 'प्रयॉरिटी कॉरिडोर' पर वाणिज्यिक सेवाओं का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद 8 मार्च, 2019 को सीसीएस एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया के बीच निर्मित संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर मेट्रो परिचालन की शुरुआत हुई। यूपीएमआरसी को प्रत्येक दिन, यात्रियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

अपने यात्रियों का भरोसा बनाए रखना, हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनकी सुरक्षा एवं संरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च रूप से प्राथमिक है। लखनऊ मेट्रो, शहरवासियों को सरकार की ओर से दी हुई एक सुंदर सौगात है और साथ ही, यह सार्वजनिक यातायात का सबसे सुरक्षित साधन है। कोविड–19 की वैश्विक महामारी के इस समय में, जब लोग सार्वजनिक यातायात के साधनों के प्रयोग के प्रति संदेह में हैं, हम अपने यात्रियों को आश्वस्त करते हैं कि लखनऊ मेट्रो उन्हें एक पूर्णरूप से सुरक्षित एवं बाधारहित यातायात का साधन उपलब्ध कराता है। हम समझते हैं कि ग्राहकों के साथ हमारा संबंध पुनीत है और इसलिए, हम अपने यात्रियों से यह निवेदन करते हैं कि वे हमारे बीच के संबंध और भी प्रगाढ़ बनाने के लिए दैनिक यात्रा हेतु मेट्रो सेवाओं का उपयोग करें।

मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत ही हर्ष महसूस हो रहा है कि लखनऊ मेट्रो ने समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत विभिन्न उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें लगभग 23 किमी. लंबे संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर मेट्रो सेवाओं के परिचालन के दौरान अच्छे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन के प्रदर्शन हेतु प्रोजेक्ट/इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी के अंतर्गत, 'इंटरनैशनल सेफ़्टी अवॉर्ड–2019' का पुरस्कार; ऊर्जा एवं शक्ति संरक्षण हेतु नवोन्मेष के लिए भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2019'; 12 वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया प्रदर्शनी एवं सम्मेलन, 2019 में लखनऊ मेट्रो परियोजना को' मास रैपिड ट्रांज़िट प्रोजेक्ट' पुरस्कार एवं रेल इन्फ्रा ऐंड मोबिलिटी बिज़नेस डिजिटल अवॉर्ड्स, 2020 समारोह के दौरान 'ग्रीन मोबिलिटी प्रोजेक्ट ऑफ़ द इयर' का सम्मान शामिल हैं।

लखनऊ की जनता को एक सार्वजनिक यातायात का सबसे सुरक्षित साधन उपलब्ध कराने के साथ, हम आने वाले सालों में पूरी कर्तव्यपरायणता के साथ कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भी प्रतिबद्ध हैं। यूपीएमआरसी, कानपुर एवं आगरा मेट्रो परियोजनाओं के सिविल निर्माण को सुदृढ़ बनाने एवं निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत अपेक्षित प्रगति की लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं श्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामय उपस्थिति में कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम हेतु लगाए गए लॉकडाउन के कारण कुछ महीनों के लिए परियोजना के निर्माण कार्य बाधित हुए, लेकिन अब परियोजना का काम पूरी गति के साथ आगे बढ़ रहा है।

हाल ही में, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को आगरा मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु भी मा. उच्चतम न्यायालय की ओर से अनुमोदन प्राप्त हुआ, जिसके बाद मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिनांक 7 दिसंबर, 2020 को आगरा में मेट्रो रेल परियोजना के सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।

मैं, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार, विभिन्न सरकारी एजेंसियों, हमारे आपूर्तिकर्ताओं, कॉन्ट्रैक्टरों एवं यात्रियों समेत सभी शेयरधारकों के गंभीर प्रयासों एवं कर्तव्यनिष्ठा को संज्ञान में लेते हुए, उनकी सराहना करता हूं। मैं इस अवसर का संपूर्ण लाभ उठाते हुए, इस साल हमारा मार्गदर्शन करने वाले सभी लोगों एवं इकाईयों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। साथ ही, मैं निदेशक मंडल के अपने सभी साथियों को उनके सतत समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं। कंपनी का रूपांतरण एक सतत प्रक्रिया है एवं यह भी संज्ञान में लेना चाहिए कि ऐच्छिक परिणाम रातों–रात प्राप्त नहीं होते। हमने असाधारण प्रगति की है, लेकिन अभी भी एक लंबा सफ़र है, जो हमें तय करना है। मैं सर्वथा आश्वस्त हूं कि हम यूपीएमआरसी को एक ऐसी कंपनी के रूप में रूपांतरित करेंगे, जो अपने शेयरधारकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य का सृजन कर सके।

सधन्यवाद

ह0/–
(कुमार केशव)
प्रबंध निदेशक

2019–20 के प्रमुख घटनाक्रम

अप्रैल, 2019

यूपीएमआरसी ने मनाया 'विश्व पृथ्वी दिवस'

'ग्रीन मेट्रो, क्लीन मेट्रो' के अपने दृष्टिकोण के साथ, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने 22 अप्रैल, 2019 को विश्व पृथ्वी दिवस (वर्ल्ड अर्थ डे) मनाया और इस अवसर पर कंपनी द्वारा हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर विद्यार्थियों एवं बच्चों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीएमएस, गोमती नगर के विद्यार्थियों ने 'अवर मदर अर्थ' की थीम पर एक नाटक का मंचन किया, जिसमें वनों एवं पनबिजली ऊर्जा के संरक्षण को रेखांकित किया गया।

यूपी मेट्रो द्वारा शिक्षण संस्थानों में विमर्श सत्रों का आयोजन, मेट्रो यात्रा से जुड़े फ़ायदों के संबंध में किया जागरूक

मेट्रो यात्रा एवं इससे जुड़े फायदों के बारे में जागरूकता के प्रसार के उद्देश्य के साथ उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक खास मुहिम चलाई, जिसके अंतर्गत यूपी मेट्रो की टीम ने लखनऊ शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विशेष विमर्श सत्रों का आयोजन किया, जिस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों आदि को मेट्रो के उपयोग से जुड़े फायदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मुहिम के दौरान यूपी मेट्रो को शानदार प्रतिक्रिया मिली और सिर्फ 10 दिनों के समय में 4000 से भी ज्यादा विद्यार्थी इस मुहिम का हिस्सा बने।

मई, 2019

आ□जीबीसी ने यूपीएमआरसी को एक 'ग्रीन मेट्रो रेल सिस्टम' के रूप में प्रमाणित किया

इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी)– भारत में किसी प्रणाली को ग्रीन सिस्टम के रूप में रेटिंग देने और प्रमाणित करने के लिए सर्वोच्च निकायों में से एक– ने यूपीएमआरसी को एकबार फिर 'ग्रीन मेट्रो रेल सिस्टम' के रूप में प्रमाणित किया एवं सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया तक निर्मित कंपनी के संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर के सभी मेट्रो स्टेशनों को 'प्लैटिनम' प्रमाणपत्र प्रदान किया।

ब्रिटिश सेफ़्टी काउंसिल द्वारा यूपीएमआरसी को 'इंटरनैशनल सेफ़्टी अवॉर्ड 2019' प्रदान किया गया

ब्रिटिश सेफ़्टी काउंसिल ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. को लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के फ़ेज़ 1–ए (उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर) हेतु प्रोजेक्ट/इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी के अंतर्गत, 'इंटरनैशनल सेफ़्टी अवॉर्ड 2019' से सम्मानित किया।

यूपीएमआरसी ने तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) पर विमर्श सत्र का किया आयोजन

यूपीएमआरसी ने ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में 7 मई, 2019 को 'कार्यस्थल पर तनाव' विषय पर, तनाव प्रबंधन विमर्श सत्र का आयोजन किया। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल से संबद्ध जाने–माने मनोविशेषज्ञ डॉ. उमर मुशीर ने सत्र का संचालन किया और तनाव के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा करते हुए कई अहम मुद्दों पर बात की।

जून, 2019

'नैशनल डे ऑफ़ रेल इन हॉलैंड' में यूपीएमआरसी पर हु□ चर्चा

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की उपलब्धियों की फ़ेहरिस्त में एक और उपलब्धि जुड़ गई, जब 27 जून, 2019 को 'नैशनल डे ऑफ़ रेल इन हॉलैंड' में यूपीएमआरसी पर चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम में, कंपनी के प्रबंध निदेशक, श्री कुमार केशव ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ मेट्रो परियोजना पर केस स्टडी प्रस्तुत की।

यूपीएमआरसी ने मनाया 'पर्यावरण सप्ताह, 2019'

पर्यावरण सप्ताह के उपलक्ष्य पर, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 3 जून, 2019 से लेकर 9 जून, 2019 तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिवधियों का आयोजन किया। सप्ताह की शुरुआत, कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों समेत शपथ ग्रहण समारोह के साथ की। इस उपलक्ष्य पर, प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, "पर्यावरण के अस्तित्व पर ही हमारा अस्तित्व निर्भर है। एक बेहतर वर्तमान और बेहतर कल के लिए स्वच्छ पर्यावरण अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है।"

जुलाई, 2019

प्रबंध निदेशक ने हज़रतगंज पर पहली कला प्रदर्शनी "मूविंग एक्सप्रेशन" का किया उद्घाटन

कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव ने 17 जुलाई, 2019 को हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर पहली कला प्रदर्शनी 'मूविंग एक्सप्रेशन्स' का शुभारंभ किया। 25 जुलाई, 2019 तक चले इस 9 दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न रचनात्मक कलाकृतियों एवं मूर्तिकला इत्यादि का अविस्मरणीय प्रदर्शन हुआ।

यूपीएमआरसी द्वारा मेट्रो पुस्तक मेले का आयोजन

यूपीएमआरसी ने भारत विमर्श फ़ाउंडेशन और प्रतिष्ठा फ़िल्म्स एवं मीडिया के साथ मिलकर, 3 जुलाई, 2019 से लेकर 7 जुलाई, 2019 तक पांच दिवसीय लखनऊ मेट्रो पुस्तक मेले का आयोजन किया। इस दौरान, यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव ने कहा पुस्तकें हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।

यूपीएमआरसी ने हेपेटाइटिस जागरूकता मुहिम का आयोजन किया

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने 28 जुलाई, 2019 को होप इनिशिएटिव नाम के एक गैर–लाभकारी संगठन के साथ मिलकर हेपेटाइटिस जागरूकता मुहिम का आयोजन किया। इस अवसर पर हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके दौरान आम जनता, मेट्रो यात्रियों एवं कंपनी के कर्मचारियों को अपने विचार एवं दृष्टिकोण प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ एक सिग्नेचर कैंपेन का भी आयोजन हुआ।

अगस्त, 2019

यूपीएमआरसी को प्रतिष्ठित 'टेक्नॉलजी सभा पुरस्कार 2019' प्राप्त हुआ

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) को लब्धप्रतिष्ठ 'टेक्नॉलजी सभा पुरस्कार 2019' से सम्मानित किया गया। इंडियन एक्सप्रेस समूह ने लखनऊ मेट्रो की मोबाइल ऐप के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया। यूपी मेट्रो को एंटरप्राइज़ मोबिलिटी श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। जयपुर में 10 अगस्त, 2019 को आयोजित एक समारोह में श्री प्रकाश कुमार, सीईओ, जीएसटीएन (वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क) के कर–कमलों द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।

आधिकारिक–कार्यालयी क्रियाकलापों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीएमआरसी ने कार्यशाला का आयोजन किया

29 अगस्त, 2019 को, कंपनी ने अपने गोमती नगर (लखनऊ) स्थित प्रशासनिक भवन में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आधिकारिक–कार्यालयी क्रियाकलापों में 'राजभाषा' हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की एक टीम ने यूपीएमआरसी के विभिन्न परिसरों का दौरा किया और आधिकारिक दस्तावेज़ों, फ़ाइलों एवं पत्राचार का विश्लेषण किया, जिसमें यह पाया गया कि कंपनी इन सभी क्रियाकलापों को हिन्दी एवं अंग्रेज़ी दोनों ही भाषाओं में तैयार करती है।

सितम्बर, 2019

यूपीएमआरसी ने 5 सितंबर, 2019 को दूसरा 'मेट्रो दिवस' मनाया

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने 5 सितंबर, 2019 को सफलतापूर्वक मेट्रो परिचालन के उत्कृष्ट दो वर्ष पूरे किए। इस उपलक्ष्य पर यूपीएमआरसी ने ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में लखनऊ मेट्रो दिवस के दूसरे संस्करण का आयोजन किया, जिस दौरान उत्तर प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा; श्री दीपक कुमार, प्रमुख सचिव, आवासन एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं कुमार केशव, प्रबंध निदेशक, यूपीएमआरसी उपस्थित रहे।

यूपीएमआरसी ने जीता अंतरराष्ट्रीय 'रॉयल सोसायटी फ़ॉर द प्रिवेंशन ऑफ़ ऐक्सिडेंट्स (आरओएसपीए)– गोल्ड पुरस्कार'

यूपीएमआरसी ने लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर के लिए प्रोजेक्ट/इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय 'रॉयल सोसायटी फ़ॉर द प्रिवेंशन ऑफ़ ऐक्सिडेंट्स (आरओएसपीए)– गोल्ड पुरस्कार' जीतकर, एक और असाधारण उपलब्धि अपने नाम की। लखनऊ मेट्रो परियोजना को यह पुरस्कार, ग्लासगो, यूके में 12 सितंबर, 2019 को आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

अक्टूबर, 2019

मेमफिस एरिया ट्रांज़िट अथॉरिटी (एमएटीए), यूएस के शिष्टमंडल ने किया यूपीएमआरसी का दौरा

मेमफिस एरिया ट्रांज़िट अथॉरिटी (एमएटीए), यूएस के शिष्टमंडल ने 21 अक्टूबर, 2019 को यूपीएमआरसी का दौरा किया। श्री गैरी रोज़नफ़ील्ड एवं उनकी टीम ने ट्रासंपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में स्थित वर्कशॉप कम इन्सपेक्शन बे लाइन का दौरा किया, जहां पर उन्होंने लखनऊ मेट्रो के रोलिंग स्टॉक्स (मेट्रो ट्रेनों) के लिए स्थापित विश्वस्तरीय अनुरक्षण सेवाओं का जायज़ा लिया। श्री गैरी रोज़नफ़ील्ड ने निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कंपनी के प्रबंध निदेशक को बधाई दी।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक को मिला 'कन्सट्रक्शन वर्ल्ड– पर्सन ऑफ़ द इयर–2019' सम्मान

16 अक्टूबर, 2019 को कन्सट्रक्शन वर्ल्ड ग्लोबल अवॉर्ड्स, 2019 कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव को 'कन्सट्रक्शन वर्ल्ड–पर्सन ऑफ़ द इयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का यह 17वां संस्करण था।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर यूपीएमआरसी द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर, यूपी मेट्रो ने हमारे प्यारे 'बापू' की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जो महात्मा गांधी के स्वच्छता, दयाशीलता एवं सत्यवादिता के सिद्धांतों के अनुक्रम में थे। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के दिन एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य, एक स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण के लक्ष्य के साथ महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित करना था।

नवम्बर, 2019

उप–मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने 'बेस्ट अर्बन मास ट्रांज़िट प्रोजेक्ट' की ट्राफ़ी यूपी मेट्रो के एमडी को प्रदान की

यूपीएमआरसी को 12वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया प्रदर्शनी एवं सम्मेलन में 'बेस्ट अर्बन मास ट्रांज़िट प्रोजेक्ट' का पुरस्कार प्रदान किया गया। यूपीएमआरसी को, देश में सबसे तेज़ी के साथ पूरी होने वाली लखनऊ मेट्रो परियोजना के लिए, निर्धारित समय सीमा से पूर्व परियोजना के क्रियान्वयन, ऊर्जा संरक्षण, प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रमों, रूटों के निर्धारण एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी के बिंदुओं के मद्देनज़र, यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. दिनेश शर्मा, उप–मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा 15 से 17 नवंबर, 2019 के बीच लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में इस पुरस्कार की ट्राफ़ी, कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव को प्रदान की गई।

यूपीएमआरसी ने कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण कार्य का उद्घाटन भूमि पूजन के साथ किया

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. ने कानपुर मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चिह्नित 8.728 किमी. लंबे प्रयॉरिटी कॉरिडोर (आईआईटी से मोतीझील) पर सिविल निर्माण कार्य का शुभारंभ 15 नवंबर, 2019 से किया। सिविल निर्माण का शुभारंभ, आईआईटी, कानपुर के मुख्य गेट पर भूमिपूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने रिग मशीन का बटन दबाकर निर्माण कार्यों की शुरुआत की।

'अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस' के अवसर पर यूपीएमआरसी ने मेट्रो स्टेशनों पर चला 7 दिवसीय मुहिम

अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने यूनिसेफ़ (यूनाइटेड नेशन्स इंटरनैशनल चिल्ड्रेन्स एमरजेंसी फ़ंड) के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशनों पर 7 दिवसीय मुहिम का आयोजन किया। 'बाल अधिकारों पर सम्मेलन' की 30वीं वर्षगांठ पर इस मुहिम का आग़ाज़ किया गया।

दिसम्बर, 2019

यूपीएमआरसी को बीईई द्वारा 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार, 2019' प्रदान किया गया

लखनऊ मेट्रो (वर्तमान में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. का हिस्सा) को राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, 2019' से सम्मानित किया गया। लखनऊ मेट्रो को अपनी परिचालन प्रणाली में प्रयुक्त की गईं ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के मद्देनज़र यह पुरस्कार प्रदान किया गया। लखनऊ मेट्रो, देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना है, जिसमें मेट्रो स्टेशनों, डिपो एवं मेट्रो ट्रेनों में 100% एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था की गई है।

यूपीएमआरसी ने 'निर्भया चेतना दिवस' के रूप में जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. ने रेड ब्रिगेड, लखनऊ– एक गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) के साथ मिलकर 16 दिसंबर, 2019 को 'निर्भया चेतना दिवस' का आयोजन किया।

जनवरी, 2020

यूपीएमआरसी ने कानपुर में यू-गर्डर्स की कास्टिंग का किया शुभारंभ

यूपीएमआरसी ने 20 जनवरी, 2020 से कानपुर मेट्रो के कास्टिंग यार्ड में यू–गर्डर्स की कास्टिंग की प्रक्रिया शुरू की। कानपुर में, लखनऊ मेट्रो परियोजना की अपेक्षा लगभग 2.5 महीने पहले यू–गर्डर्स की कास्टिंग शुरू हुई। प्रबंध निदेशक श्री कुमार केशव ने विधिवत पूजा–अर्चना के बाद यू–गर्डर्स की कॉन्क्रीटिंग की प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

राजभवन के कर्मचारियों, स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों के एक समूह ने मेट्रो यात्रा का आनंद लिया

राजभवन स्थित विद्यालय के लगभग 100 बच्चों ने अपने अध्यापकों एवं राजभवन कर्मचारियों के साथ मिलकर 19 जनवरी, 2020 को लखनऊ मेट्रो की यात्री सेवाओं का आनंद लिया।

फरवरी, 2020

यूपीएमआरसी ने राज्य शाक-भाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी, 2020 में प्रतिभागिता कर जीते पुरस्कार

यूपीएमआरसी ने राजभवन परिसर में आयोजित हुई, राज्य शाक–भाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी, 2020 में प्रतिभागिता की एवं विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पुरस्कार भी प्राप्त किए। 'फूलों के साथ शादी के मंडप की कलात्मक सज्जा' की श्रेणी में कंपनी ने प्रथम पुरस्कार और 'मौसमी फूलों से सज्जित पात्र एवं सिनरारिया पॉट्स' की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

यूपीएमआरसी ने मेट्रो पुस्तक मेले–2020 का किया आयोजन

यूपीएमआरसी एवं रेपर्टवार ने संयुक्त रूप से हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'मेट्रो पुस्तक मेला–2020' का आयोजन किया। यह आयोजन 16 फ़रवरी, 2020 से 1 मार्च, 2020 के बीच हुआ।

मार्च, 2020

लॉकडाउन अवधि में यूपीएमआरसी ने संचालित किया कम्युनिटी किचन

यूपीएमआरसी ने लॉकडाउन अवधि के दौरान, प्रवासी श्रमिकों के लिए नियमित भोजन की व्यवस्था करने के उद्देश्य के साथ ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो की कैंटीन में कम्युनिटी किचन स्थापित एवं संचालित किया।

केयर फ़ाउंडेशन की ज़रूरतमंद महिलाओं ने किया हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन का भ्रमण

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, केयर फ़ाउंडेशन की 45 ज़रूरतमंद महिलाओं ने हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन का दौरा किया, जहां पर उन्होंने माहवारी से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं स्वच्छता के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण के विषय पर विशेषज्ञों के विचार जाने। केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) के एक वैज्ञानिक ने एक सकारात्मक विमर्श के माध्यम से उक्त के संबंध में महिलाओं को जागरूक किया।

यूपीएमआरसी ने संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर मेट्रो यात्री सेवाओं के परिचालन का सफलतापूर्ण एक वर्ष पूरा किया

यूपीएमआरसी ने 8 मार्च, 2020 को संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर (सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया) पर मेट्रो यात्री सेवाओं के परिचालन का सफलतापूर्ण एक वर्ष पूरा किया। इस अवसर पर, यूपीएमआरसी ने सभी पंजीकृत गो–स्मार्ट धारकों को निःशुल्क यात्रा कराई एवं शीर्ष 10 गो–स्मार्ट कार्ड उपभोक्ताओं को सम्मानित भी किया।

यूपीएमआरसी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह, 2020 का आयोजन किया

यूपीएमआरसी ने 2 मार्च, 2020 से 7 मार्च, 2020 तक 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया। यूपीएमआरसी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गोमती नगर स्थित प्रशासनिक भवन एवं ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में आयोजित 'सुरक्षा शपथ समारोह' में हिस्सा लिया।

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,

सदस्यगण
उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि0

आपके निदेशकों को आपके समक्ष, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित लेखाओं, लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन और उनपर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों सहित कंपनी का 7वाँ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है।

1. वित्तीय परिणाम एवं कार्यप्रदर्शन

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की वित्तीय स्थिति

(लाख रुपए में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु	वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु
कुल आय	14815.16	10890.14
घटाएं: परिचालन व्यय	6775.24	2813.63
घटाएं: मूल्यह्रास	24496.50	8582.34
घटाएं: वित्तीय व्यय	626.00	211.46
घटाएं: अपवाद स्वरूप मद	(124.38)	(344.82)
कर से पूर्व लाभ (हानि)	(25026.85)	(7211.16)
जोड़ें/(घटाएं): कर व्यय	-	-
कर के पश्चात शुद्ध लाभ (हानि)	(25026.85)	(7211.16)
सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण	-	-
तुलन पत्र में अग्रेनीत किया गया लाभ	-	-

सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण:

बोर्ड ने सामान्य आरक्षित निधि में कोई राशि अंतरित करने की अनुशंसा नहीं की है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु लाभांश

समीक्षाधीन वर्ष यानी 2019–20 के दौरान कंपनी को हानि हुई, अतः निदेशक मंडल ने कंपनी के इक्विटी शेयरों को लाभांश घोषित करने की अनुशंसा नहीं की है।

2. कंपनी का नाम 'एलएमआरसी' से बदलकर 'यूपीएमआरसी' किया जाना

कंपनी, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है, जिसे उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में इंटीग्रेटेड रैपिड मास पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के क्रियान्वयन हेतु कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत गठित किया गया। चूंकि, कंपनी को उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में रेल परियोजनाओं एवं इंटीग्रेटेड रैपिड मास पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अन्य साधनों के क्रियान्वयन हेतु विश्वसनीय पाया गया, अतः भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने आपसी सहमति के साथ लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. करने का निर्णय लिया, ताकी कंपनी का नाम, उसकी गतिविधियों को बेहतर ढंग से परिलक्षित कर सके। कंपनी के नाम में परिवर्तन हेतु, कंपनी को कंपनी रजिस्ट्रार, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23 अक्टूबर, 2019 को प्रमाण पत्र जारी किया गया।

3. यूपीएमआरसी की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति

(i) कानपुर मेट्रो रेल परियोजना

कानपुर मेट्रो परियोजना के अंतर्गत दो मेट्रो कॉरिडोर्स प्रस्तावित हैं; पहला कॉरिडोर–आईआईटी, कानपुर से मोतीझील के बीच, जिसकी कुल लंबाई 23.785 किमी. है और इसके अंतर्गत 21 मेट्रो स्टेशन आते हैं, जिनमें से 14 स्टेशन उपरिगामी (एलिवेटेड) और 7 स्टेशन भूमिगत (अंडरग्राउंड) हैं। दूसरा कॉरिडोर, चंद्रशेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय और बर्रा–8 के बीच बनना है, जिसकी कुल लंबाई 8.60 किमी. है और जिसके अंतर्गत 4 उपरिगामी एवं 4 भूमिगत स्टेशन निर्धारित हैं। संपूर्ण परियोजना की अनुमानित लागत 11,076.48 करोड़ रुपए है। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना का वित्त–पोषण, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समान इक्विटी के आधार पर संयुक्त रूप से किया जाएगा और आंशिक रूप से वित्त–पोषण की आपूर्ति बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय वित्त–पोषण संस्था/संस्थाओं से सुलभ ऋण के रूप में की जाएगी।



यह परियोजना, शहरवासियों को एक किफ़ायती, भरोसेमंद, सुरक्षित एवं बाधारहित सार्वजनिक यातायात का साधन उपलब्ध कराएगी, जिससे शहर के सतत विकास हेतु भूमि के उपयोग एवं शहरी विस्तार पर नियंत्रण के साथ–साथ शहर में दुर्घटनाओं, प्रदूषण, यात्रा के समय, ऊर्जा उपभोग और असामाजिक घटनाओं में भी कमी आएगी।

आईआईटी, कानपुर से नौबस्ता के बीच बनने वाला परियोजना का पहला कॉरिडोर, शहर के बीचोंबीच, प्रमुख शिक्षण संस्थानों, रेलवे और बस स्टेशनों जैसे कि आईआईटी, कानपुर; सीएसजेएम विश्वविद्यालय, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, झकरकटी बस अड्डा और कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन आदि से होता हुआ गुज़रेगा।

कृषि विश्वविद्यालय से बर्रा–8 के बीच बनने वाला मेट्रो कॉरिडोर, शहर के घनी आबादी

वाले क्षेत्रों जैसे कि काकादेव और गोविंद नगर आदि तक सुलभ यातायात का साधन उपलब्ध कराएगा। मेट्रो, शहरवासियों, औद्योगिक कामगारों, आगंतुकों एवं यात्रियों को एक पर्यावरण के अनुकूल और सतत सार्वजनिक यातायात का साधन मुहैया कराएगी। अनुमान के अनुसार, वाणिज्यिक सेवाओं के प्रारंभ के समय, कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे।

प्रस्तावित कॉरिडोर्स में रेलवे स्टेशनों के साथ बहुविध एकीकरण होगा और साथ ही, इनके साथ बसों का फ़ीडर नेटवर्क, इंटरमीडिएट पब्लिक ट्रांसपोर्ट (आईपीटी) और नॉन–मोटराइज़्ड ट्रांसपोर्ट (एनएमटी) भी उपलब्ध होगा। कानपुर मेट्रो परियोजना, किराए और विज्ञापनों के साथ–साथ ट्रांज़िट ओरिएंटेड डिवेलपमेंट (टीओडी) और ट्रांसफ़र ऑफ़ डिवेलपमेंट राइट्स (टीडीआर) के ज़रिए वैल्यू कैप्चर फ़ाइनैंसिंग (वीसीएफ़) माध्यम से नॉन–फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू उत्पन्न करेगी।

आईआईटी से मोतीझील के बीच चिह्नित प्राथमिक सेक्शन (प्रयॉरिटी कॉरिडोर) का निर्माण कार्य जारी है और ऐसी अपेक्षा है कि कोविड–19 के कारण निर्माण कार्य के प्रभावित होने के बाद भी प्राथमिक सेक्शन निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत ही पूरा हो जाएगा। मेट्रो डिपो का निर्माण कार्य भी अच्छी गति के साथ जारी है।

(ii) आगरा मेट्रो रेल परियोजना

आगरा मेट्रो परियोजना के अंतर्गत दो मेट्रो कॉरिडोर्स निर्मित होंगे, जो शहर के सभी प्रमुख स्थलों को आपस में जोड़ेंगे। पहला कॉरिडोर, सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट के बीच निर्मित होगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 14 किमी. होगी, जिसके अंतर्गत 13 मेट्रो स्टेशन (6 उपरिगामी और 7 भूमिगत) होंगे। दूसरा कॉरिडोर, आगरा कैंट और कालिंदी विहार के बीच बनेगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 15.4 किमी. होगी और इसके अंतर्गत 14 मेट्रो स्टेशन (सभी उपरिगामी) होंगे। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 8,379.62 करोड़ रुपए है।

ये कॉरिडोर्स, शहर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और शहर के भीड़–भाड़ वाले इलाकों को आपस में जोड़ेंगे। यह परियोजना शहरवासियों को एक किफ़ायती, भरोसेमंद, सुरक्षित एवं बाधारहित सार्वजनिक

यातायात का साधन उपलब्ध कराएगी, जिससे शहर के सतत विकास हेतु भूमि के उपयोग एवं शहरी विस्तार पर नियंत्रण के साथ–साथ शहर में दुर्घटनाओं, प्रदूषण, यात्रा के समय, ऊर्जा उपभोग और असामाजिक घटनाओं में भी कमी आएगी।

सिकंदरा से ताज ईस्ट गेट के बीच बनने वाला पहला कॉरिडोर, शहर के बीचोंबीच से होकर गुज़रेगा और प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे कि ताज महल, आगरा फ़ोर्ट, सिकंदरा, आईएसबीटी, राजा की मंडी रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज आदि को आपस में जोड़ेगा। आगरा कैंट और कालिंदी विहार के बीच बनने वाला दूसरा कॉरिडोर; आगरा कैंट रेलवे स्टेशन, कलेक्टरेट, संजय प्लेस और आस–पास के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों को जोड़ेगा। मेट्रो सेवाएं, शहरवासियों, औद्योगिक कामगारों, आगंतुकों एवं यात्रियों को एक पर्यावरण के अनुकूल और सतत सार्वजनिक यातायात का साधन मुहैया कराएगी।

आगरा मेट्रो परियोजना, ताज ट्रैपीज़ियम ज़ोन (टीटीजेड) के अंतर्गत आती है, अतः मा. सर्वोच्च न्यायालय ने ताज ट्रैपीज़ियम ज़ोन में औद्योगिक गतिविधियों एवं पेड़ों की कटाई पर सामान्य प्रतिबंध लगाए हैं। तद्नुसार, कंपनी ने एक याचिका दाखिल की और आगरा मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य आरंभ करने की अनुमानित मांगी। मा. सर्वोच्च न्यायालय ने आगरा मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति प्रदान कर दी है। तद्नुसार, परियोजना का निर्माण कार्य कुछ समय में प्रारंभ होगा।

(iii) लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना

सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया के बीच, लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के लगभग 23 किमी. लंबे संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर पर 8 मार्च, 2019 से मेट्रो रेल का वाणिज्यिक परिचालन हो रहा है।

4. चल स्टॉक (रोलिंग स्टॉक)

31 मार्च, 2020 तक, कंपनी के पास कुल 80 मेट्रो कोच हैं, जिनकी अधिकतम गति क्षमता 90 किमी./घंटा है और निर्धारित गति सीमा 32–35 किमी./घंटा है, जिसमें प्रति स्टेशन रुकने/ठहराव के लिए 30 सेकंड और 100 सेकंड का डिज़ाइन हेडवे शामिल है।

यूपीएमआरसी की ट्रेनें यात्री गुणवत्ता, कम शोर स्तर और पर्यावरण अनुकूलता के संबंध में ऊर्जा सक्षम, विश्वसनीय एवं सुविधाजनक हैं। स्टेनलेस स्टील से बनीं मेट्रो कोचों की बॉडी हल्के वज़न की है। ऊर्जा संरक्षण में सक्षम ये मेट्रो ट्रेनें, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के दौरान ओवरहेड विद्युत ऊर्जा प्रणाली को संचित ऊर्जा वापस करती रहती हैं। ट्रेन की सभी प्रणालियों की निगरानी और आंशिक तौर पर नियंत्रण एक माइक्रोप्रोसेसर आधारित ट्रेन कंट्रोल ऐंड मैनेजमेंट सिस्टम (टीसीएमएस) द्वारा किया जाता है।

कंपनी ने मेसर्स बॉम्बार्डियर ट्रांसपोर्ट इंडिया प्राइवेट लि. और मेसर्स बॉम्बार्डियर ट्रांसपोर्टेशन जीएमबीएच के समूह को 201 कारों हेतु रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग का एकीकृत कॉन्ट्रैक्ट प्रदान किया है। मौजूदा चुनौतीपूर्ण समय में, रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग का एकीकृत कॉन्ट्रैक्ट, तर्कसंगत लागत में एक योग्य प्रदाता को दिया जाना, एक अच्छी उपलब्धि है। कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के लिए मेट्रो कोच, कॉन्ट्रैक्टर के गुजरात के वड़ोदरा में स्थित सावली प्लान्ट में निर्मित होंगे, जो भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' मुहिम के तहत एक बड़ी उपलब्धि है।

कंपनी ने कानपुर और आगरा मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग का कॉन्ट्रैक्ट संयुक्त रूप से दिया है, जिसके परिणामस्वरूप.

- सर्वोत्तम मालसूची प्रबंधन के ज़रिए सबसे किफ़ायती प्रति कार दर पर ख़रीद तथा परिचालन एवं अनुरक्षण में बचत के बल पर अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान;
- दोनों ही परियोजनाओं के पूर्ण होने की समान और चुनौतीपूर्ण समयावधि को देखते हुए परियोजना के तीव्र क्रियान्वयन में योगदान;
- समय और लागत की पर्याप्त बचत के साथ–साथ आरडीएसओ, रेलवे बोर्ड और सीएमआरएस से संयुक्त रूप से अनुमोदन का लाभ;
- चूंकि, दोनों परियोजनाओं में एक ही सिग्नलिंग सिस्टम होगा, इसलिए भविष्य में अतिरिक्त कोचों की ख़रीद के बजाय राइडरशिप को ध्यान में रखते हुए मेट्रो कोचों को एक शहर से दूसरे शहर स्थानान्तरित किया जा सकेगा।

यात्री सुरक्षा हेतु रोलिंग स्टॉक में मौजूद फ़ीचर्स:

- एटीपी/एटीओ: मेट्रो परिचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोलिंग स्टॉक कॉन्टीन्युअस ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) और ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन (भविष्य में) प्रणालियों से लैस है। यह एक स्थापित तथ्य है कि 60–70% दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटियों के कारण होती हैं। उपरोक्त प्रणालियों के फलस्वरूप मानवीय त्रुटियों की भूमिका न के बराबर हो जाती है। रोलिंग स्टॉक में मौजूद कम्प्यूटरीकृत एटीसी प्रणाली, ट्रेन पर संपूर्ण नियंत्रण के लिए गति इत्यादि के डेटा की निरंतर समीक्षा एवं सत्यापन करती रहती है।

- अग्निः रोलिंग स्टॉक में इस्तेमाल हुई सामग्री, अग्निरोधक है और इनका फ़ायर लोड और ऊष्मा अवमुक्ति दर कम होते हैं तथा इनसे धुएं का उत्सर्जन भी कम होता है और फलस्वरूप मेट्रो कोच के अंदर जहरीली गैस फैलने की आशंका नहीं होती। बिजली के जिन तारों का इस्तेमाल किया गया है, उनमें हैलोजन की मात्रा शून्य है और इस वजह से आग लगने की स्थिति में इन तारों से कम धुएं का उत्सर्जन होगा और यात्री पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे।
- आपातकालीन द्वारः रोलिंग स्टॉक में आपातकालीन निकास की व्यवस्था की गई है ताकी आग लगने या ऐसी अन्य आपात–स्थितियों में यात्रियों को सुयोचित ढंग से ट्रेन से बाहर निकाला जा सके।
- क्रैश से बचाव हेतु फ़ीचर्सः रोलिंग स्टॉक में इंटर–कार कपलर्स लगाए गए हैं, जिनमें क्रैश (भिडंत) के प्रभाव को कम करने के लिए ज़रूरी फ़ीचर्स मौजूद हैं और जिनकी बदौलत ट्रेन दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।
- गैंगवेज़ः मेट्रो कारों के बीच में चौड़े गैंग–वेज़ बनाए गए हैं ताकी आपात–स्थिति में यात्री सुरक्षितरूप से कारों के बीच से होकर गुज़र सकें।

5. सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रणः

कॉन्टिन्युअस ऑटोमैटिक ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (सीएटीएस) के साथ "संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण" (सीबीटीसी) पर आधारित अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। कोडेड ऑडियो फ्रीक्वेंसी ट्रैक सर्किट, ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेटिंग सिस्टम (एटीओ), ऑटोमैटिक रूट सेटिंग और ऑटोमैटिक ट्रेन रेग्युलेशन सहित ऑटोमैटिक ट्रेन सुपरविज़न सिस्टम (एटीएस) के माध्यम से ट्रैक से ट्रेन संचार सहित कैब सिग्नलिंग के साथ ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी), लखनऊ एमआरटीएस के ट्रेन कंट्रोल ऐंड सिग्नलिंग सिस्टम की प्रमुख विशेषताएं हैं।

सीसीटीवी प्रणाली, विश्व की नवीनतम तकनीक पर आधारित है। इसमें हाई–एंड रेज़ॉलूशन कैमरा, आईपी आधारित और इन्फ्रारेड सक्षम कैमरे शामिल हैं। यह सुदूर स्थान से भी कैमरा ऐक्सेस करने में मदद करता है। सीसीटीवी रात में भी निगरानी करने में सक्षम है। सिंगल पॉइंट पर सभी कैमरों की निगरानी के लिए डिपो कंट्रोल सेंटर (डीसीसी) बिल्डिंग में एक बड़ी विडियो वॉल स्थापित की गई है।

यात्रियों की मदद के लिए प्लैटफ़ॉर्म के बीच में एक हेल्पफ़ोन लगाया गया है। यदि कोई भी यात्री हेल्पफ़ोन उठाता है, तो स्टेशन कंट्रोलर की सीसीटीवी स्क्रीन में एक सीसीटीवी पॉपअप दिखाई देगा और कंट्रोलर उस यात्री से बात करने के साथ–साथ उसे देख भी सकेगा।

आपकी कंपनी द्वारा अपनाई जा रही संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (कम्युनिकेशन बेस्ट ट्रेन कंट्रोल सिस्टम), मूविंग–ब्लॉक परिचालन सिद्धांत पर आधारित है, जो मेट्रो ट्रैक पर परिचालन के दौरान पूरी तरह से ट्रेन से संचार स्थापित रखता है और प्रणाली के प्रदर्शन की गुणवत्ता को बढ़ाता है (उदाहरणस्वरूप कम से कम हेडवे)।

यह सिग्नलिंग सिस्टम, प्रभावी ट्रेन नियंत्रण और ट्रेन के परिचालन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने में बेहद कारगर है। साथ ही, यह सिस्टम मेट्रो के सुयोचित ढांचागत निवेश और मेट्रो नेटवर्क पर प्रभावी और किफ़ायती रूप से ट्रेनों के परिचालन में भी सहयोग प्रदान करता है। सिग्नलिंग सिस्टम की विशेषताएं:

- 90 सेकंड का डिज़ाइन हेडवे और 120 सेकंड का ऑपरेशनल हेडवे (ट्रेनों की आवृत्ति का समय)
- ड्वेल टाइम (स्टेशन पर रुकने का समय): अधिकतम 45 सेकंड और न्यूनतम 15 सेकंड
- परिचालन प्रणालीः GOA2.
- संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (सीबीटीसी) आधारित कॉन्टीन्युअस ऑटोमैटिक ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (सीएटीएस), जिसमें ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी), ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन (एटीओ) और ऑटोमैटिक ट्रेन सुपरविज़न (एटीएस) सिस्टम शामिल हैं।

सिग्नलिंग सिस्टम सभी ट्रेनों की सटीक तात्कालिक स्थिति की निगरानी करता है, जो बहुत ही भरोसेमंद है। साथ ही, उपरोक्त प्रणाली की बदौलत ट्रैक के किनारे लगने वाले हार्डवेयर उपकरणों की संख्या कम हो गई है, जिसके फलस्वरूप इस प्रणाली के अनुरक्षण (मेंटेनेंस) की लागत भी काफ़ी कम है।

6. स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली (ऑटोमैटिक फ़ेयर कलेक्शन सिस्टम)

स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली, यूपीएमआरसी द्वारा अपनाया गया, एक अभिनव क्रियान्वयन मॉडल है। एचडीएफ़सी बैंक ने ईवीएम मानकों के सह–ब्रांडेड स्मार्ट कार्ड जारी किए हैं, जिनका उपयोग लखनऊ मेट्रो के टिकट और अन्य पॉइंट ऑफ़ सेल्स (PoS) पर असॉर्टेड वैल्यू कार्ड के रूप में किया जा सकता है। सीसीएस हवाई अड्डे से मुंशीपुलिया तक सभी स्टेशनों पर साइट और क्लाउड दोनों पर एएफ़सी उपकरण स्थापित और चालू किए गए हैं।

7. परिचालन और ग्राहक सुविधाओं में वृद्धि

कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों के यात्रा के अनुभव को सुविधाजनक बनाना है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत, कंपनी ने लखनऊ मेट्रो के सभी यात्रियों को कंपनी के सभी स्टेशनों पर मुफ़्त में टॉयलट (शौचालय) ब्लॉक उपलब्ध कराए हैं। आसपास में सफ़ाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए; ट्रेन के अगली यात्रा शुरू करने के पहले टर्मिनल स्टेशनों पर मेट्रो कोच की सफ़ाई की जाती है। सफ़ाई और स्वच्छता के महत्व के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) का मंचन भी किया गया।

8. वैकल्पिक राजस्व हेतु उठाए गए कदम:

अपने आधार को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य के साथ, आपकी कंपनी वैकल्पिक आय के लिए परोक्ष लाभार्थियों और अन्य स्रोतों का संतुलन बनाने के तरीक़े खोज रही है। नॉन–फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू के आयामों की पहचान और तलाश की गई है, जिनमें निम्नलिखित को शामिल किया गया है:

- विज्ञापन
- वाणिज्यिक विकास कार्य और स्टेशन परिसर का खाली स्थान किराए पर देना
- संपत्ति का विकास
- ऑप्टिक फ़ाइबर केबल्स को लीज़ पर देना
- टावर स्पेस लीज़ पर देना
- पार्किंग

कंपनी विज्ञापन, वाणिज्यिक विकास और किराए, पार्किंग और टावर स्पेस को लीज़ पर देकर राजस्व अर्जित कर रही है। कई प्रतिष्ठित ब्रैंड जैसे कि डॉमिनोज़, अमूल, जंबो किंग, नेस्ले, बन मक्खन चाय, गोली वड़ा पाव, मिस्टर ब्राउन, ए–वन फूड्स ऐंड बेकर्स ने लखनऊ मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों पर अपने स्टोर/आउटलेट खोले हैं, जिससे कंपनी को संपत्ति विकास के रूप में लाभ मिल रहा है।

9. विद्युत एवं अनुरक्षण:

- लिफ़्ट और एस्कलेटर के लिए रीजेनरेटिव वीवीवीएफ़ ड्राइव का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके फलस्वरूप ऊर्जा संरक्षण होता है।
- पूरे मेट्रो सिस्टम में हर स्थान पर सिर्फ़ एलईडी लाइटों का ही इस्तेमाल किया गया है।
- सभी स्टेशनों में औद्योगिक स्तर, डिज़ाइन और आकार के लिफ़्ट और एक्सलेटर लगाए गए हैं ताकी प्रवेश द्वार से कॉनकोर्स एरिया एवं स्टेशन के अन्य पेड एरिया तक यात्री सुगम रूप से आवाजाही कर सकें।
- सुयोचित फ़ायर डिटेक्शन और कंट्रोल सिस्टम लगाए गए हैं, जो आग से सुरक्षा हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं।
- सभी मेट्रो स्टेशनों, कार्यालयों और हर वह स्थान, जहां लाइटिंग की आवश्यकता है, वहां पर 100% एलईडी लाइटों का ही इस्तेमाल किया गया है। प्रभावी तकनीक के साथ हो रहा लाइटिंग और एचवीएसी का नियंत्रण।

- समय–आधारित लाइटिंग कंट्रोल सिस्टम के माध्यम से बिजली की बचत की जा रही है। लाइटों को निर्धारित समय–सूची के हिसाब से ही चालू किया जाता है।
- सभी स्टेशनों पर वीआरवी/वीआरएफ़ तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, जो पारंपरिक डीएक्स आधारित यूनिटों से 14% तक अधिक प्रभावी है।
- एक्सलेटर्स में आइडलिंग या स्लो मोड मौजूद है, जो यात्रियों की अनुपस्थिति में गति को धीमा कर देता है और इससे ऊर्जा की बचत होती है।
- साइट की स्थिति और ऊर्जा की बचत को ध्यान में रखते हुए सिस्टम के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु ईसीएस और टीवीएस सिस्टम में वीएफ़डी का प्रयोग किया गया है।
- भूमिगत प्रणाली में कम ऊर्जा की खपत करने वाले चिलर्स का इस्तेमाल किया गया है।

10. कानपुर और आगरा मेट्रो रेल परियोजाओं के लिए नया ट्रैक्शन सिस्टम

आमतौर पर मेट्रो सिस्टम में 25 केवी के एसी ट्रैक्शन का इस्तेमाल होता है, जबकि कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं में 750 वोल्ट्स के डीसी थर्ड रेल ट्रैक्शन सिस्टम का इस्तेमाल होगा।

750 वोल्ट्स डीसी थर्ड रेल ट्रैक्शन सिस्टम से होंगे ये लाभः

- थर्ड रेल सिस्टम में बाहरी कारकों जैसे कि पतंग के धागों आदि से ख़राबी का ख़तरा नहीं होता और इस वजह से परिचालन एवं अनुरक्षण के दौरान सिस्टम में रुकावट कम होती है। यह खूबी, इस सिस्टम को और अधिक भरोसेमंद बनाती है।
- सिंगल फ़ेज़ 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम के कारण होने वाले ईएमसी/ईएमआई की रोकथाम के लिए कई कदम उठाने पड़ते हैं, जबकि 750 वोल्ट्स डीसी थर्ड रेल ट्रैक्शन सिस्टम में इस तरह की व्यवस्था नहीं करनी पड़ती। हालांकि, डीसी ट्रैक्शन में स्ट्रे करंट मैनेजमेंट की आवश्यकता होती है।
- थर्ड रेल डीसी ट्रैक्शन सिस्टम के साथ शहर की खूबसूरती को बनाए रखने का अतिरिक्त लाभ भी जुड़ा हुआ है।
- डीसी ट्रैक्शन में क्षय कम होता है; क्योंकि इसका डिज़ाइन ठोस होता है, इसलिए यह ट्रेनों में लगे करंट कलेक्टर उपकरणों का दबाव झेलने में सक्षम होता है। इस पर हवा और पानी का प्रभाव भी कम पड़ता है क्योंकि इसे कम ऊंचाई पर लगाया (इन्सटॉल) जाता है। अतः थर्ड रेल के लिए कम से कम रख–रखाव की आवश्यकता होती है।

11. संरक्षा

लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर के सभी स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे, डिटेक्टर्स, स्कैनर्स, मेटल डिटेक्टर्स आदि लगे हुए हैं, जिनके माध्यम से मेट्रो स्टेशनों की 24 घंटे निगरानी होती है। प्राथमिक सेक्शन के सभी स्टेशन भूकंपरोधी क्षमता के साथ तैयार किए गए हैं।

कंपनी के सभी 21 मेट्रो स्टेशन और ट्रांसपोर्ट नगर डिपो, आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 प्रमाणित हैं।

लखनऊ मेट्रो परियोजना के फ़ेज़–1ए के सभी 21 मेट्रो स्टेशन, वर्कशॉप और मेंटेनेंस डिपो, अपने "डिज़ाइन और निर्माण" के लिए आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 प्रमाणित हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपने सभी मेट्रो स्टेशनों, रिसीविंग सब स्टेशनों एवं वर्कशॉप और मेंटेनेंस डिपो के लिए, आईएसओ 9001: 2015, आईएसओ 14001: 2015 (ईएमएस) और आईएसओ 45001:2018 की आवश्यकताओं के अनुसार 'गुणवत्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रबंधन प्रणाली' के तहत अपने परिचालन और अनुरक्षण के लिए एकीकृत प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

'राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस' समारोह

यूपी मेट्रो अपने कर्मचारियों, यात्रियों, आम जनता और संबद्ध कॉन्ट्रैक्टरों के कर्मचारियों के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान संचालित करता है। 4 मार्च से 10 मार्च, 2020 तक कंपनी द्वारा 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, सुरक्षा नारा प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों और अन्य सुरक्षा प्रोत्साहन गतिविधियों में भाग लिया। कंपनी के विभिन्न निर्माण स्थलों पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए, जिनमें पर्याप्त संख्या में कॉन्ट्रैक्टरों के कर्मचारियों के साथ–साथ श्रमिकों ने भी भाग लिया।

मेट्रो परियोजना के क्रियान्वयन में संरक्षा हेतु उठाए गए कदमः

निर्माण/कार्य स्थल पर कार्यों का सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ कंपनी द्वारा निरंतर, साइट स्टाफ़ और कॉन्ट्रैक्टर के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एसएचई) के संबंध में अनिवार्य प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। कन्सट्रक्शन प्लान्ट और मशीनरी पर दुर्घटना–रहित संचालन सुनिश्चित करने के लिफ़्टिंग इंजीनियरों, स्कैफ़ोल्डर्स, वाहन चालकों और प्लांट परिचालकों इत्यादि को प्रशिक्षण देने के साथ, उनकी योग्यता की जांच भी की जाती है। इसके अतिरिक्त, मेट्रो परियोजना के क्रियान्वयन एवं परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गएः

- हर निविदा में स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एसएचई) मैनुअल ज़रूर शामिल होता है, जिसमें कॉन्ट्रैक्टर्स को सुरक्षा–संरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए और आम जनता को कम से कम असुविधा पहुंचाते हुए काम करने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश उल्लिखित होते हैं।
- सभी निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग की जाती हैं और निर्धारित परिधि के अंदर ही निर्माण कार्य किए जाते हैं।
- पूरे मेट्रो कॉरिडोर पर ट्रैफ़िक से संबंधित सभी संकेत चिह्न (साइनेज) लगाए जाते हैं।
- त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्विक रेस्पॉन्स टीम) : आर्मी और पैरा–मिलिट्री के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का एक दल हर समय मेट्रो के कार्य स्थलों की निगरानी एवं सुरक्षा करता है और आम जनता की सहूलियत का भी ध्यान रखता है।
- जब निर्माण कार्य समाप्त हो जाता है, सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ववत कर दिया जाता है और आम जनता के आवागमन के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है।
- कॉन्ट्रैक्टर की सेफ़्टी टीम, आपकी कंपनी के जनरल कन्सलटेन्ट के साथ हर सप्ताह संरक्षा के इंतज़ामों को लेकर दौरा करती है। आपकी कंपनी के संरक्षा विशेषज्ञ, जीसी और कॉन्ट्रैक्टर्स, निर्माण स्थलों पर संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दिन–रात काम कर रहे हैं।
- लिफ़्टिंग के सभी उपकरणों की जांच की जाती है और उपयोग में लाने से पूर्व, अधिकृत थर्ड पार्टी के माध्यम से हर 6 महीने में उनका प्रमाणन भी होता है। प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए कलर कोडिंग का अनुसरण किया जाता है। साइट पर नियमित रूप से इलेक्ट्रिकल सिस्टम की भी जांच होती है।
- आम जनता और निर्माण स्थल पर काम कर रहे कामगारों के लिए नियमित रूप से संरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है।
- स्कूलों और कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।
- नुक्कड़ नाटक और रोड शो कराए जाते हैं।

- क्रेन चालकों, रिगर्स, भारी वाहनों/मशीनों के चालकों और ट्रैफ़िक मार्शल्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं।
- ट्रैफ़िक अधिकारी के परामर्श के साथ संपूर्ण प्रोजेक्ट साइट पर पर्याप्त संख्या में ट्रैफ़िक मार्शल्स तैनात किए जाते हैं।
- कॉन्ट्रैक्टरों के पास आपात स्थिति हेतु आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली होती है। साइट पर नियमित रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन होता है ताकी यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपात स्थिति में प्रणाली कारगर हो।
- आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कॉन्ट्रैक्टरों का निर्माण स्थलों से नज़दीक स्थित अस्पतालों के साथ करार होता है।
- मेट्रो निर्माण के फलस्वरूप ज़मीन से निकली मिट्टी को मेट्रो साइट से समय–समय पर स्थानान्तरित किया जाता रहता है।

12. पर्यावरण

जल संचयन :–

वायडक्ट के हर दूसरे स्पैन पर, बारिश के पानी के संचयन के लिए ख़ास तरह के अब्सॉर्पशन वेल्स तैयार किए गए हैं, जिनसे लगभग पूरा वायडक्ट कवर हो जाता है। लखनऊ मेट्रो परियोजना के 22.878 किमी. लंबे उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर (फ़ेज़–1A) के अंतर्गत कंपनी द्वारा 300 से ज्यादा जल संचयन की संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनकी मदद से 20 लाख लीटर तक बारिश का पानी संचय किया जा चुका है। यूपी मेट्रो की इस पहल की बदौलत मेट्रो कॉरिडोर के पास भूमिगत जल के स्तर में वृद्धि हुई है।

ग्रीन कवरः

मेट्रो कॉरिडोर के उपरिगामी हिस्से के नीचे, मेट्रो स्टेशनों पर और लखनऊ मेट्रो परियोजना की कार्यशाला और डिपो में, कई तरह के पौधे लगाए गए हैं और हॉर्टीकल्चर विभाग द्वारा नियमित रूप से इन पौधों के लिए बीज और उर्वरकों की आपूर्ति, धुलाई एवं सिंचाई आदि का काम किया जाता है।

ग्रीन बिल्डिंगः

यूपीएमआरसी, भारतीय उद्योग परिसंघ (कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री–सीआईआई) के तत्वावधान में गठित इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) का संस्थापक सदस्य है। सभी मेट्रो स्टेशनों को बतौर 'ग्रीन बिल्डिंग' तैयार किया गया है, जिनमें ऊर्जा संरक्षण, कार्बन–डाई–ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन हेतु विशेष प्रावधान किए गए हैं। लखनऊ मेट्रो परियोजना के फ़ेज़–1A के सभी मेट्रो स्टेशनों को आईजीबीसी द्वारा "प्लैटिनम" श्रेणी के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है। कंपनी ने कानपुर मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है और इस परियोजना को भी सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग के अनुरूप ही तैयार किया जा रहा है।

नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, लखनऊ मेट्रो के डिपो और प्रशासनिक भवन में लगे सोलर प्लान्ट्स के ज़रिए कुल 997.87 मेगावॉट की ऊर्जा उत्पादित हुई। अन्य उपलब्ध स्थानों/परिसरों में भी सोलर प्लान्ट लगाने के लिए प्रक्रिया जारी है।

वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण

कंपनी द्वारा कानपुर मेट्रो परियोजना का निर्माण शुरू कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

- निर्माण स्थल से होने वाले यातायात के दौरान धूल के उत्सर्जन से बचाव के लिए सी ऐंड डी अपशिष्ट को ढक दिया जाता है।
- बैचिंग प्लान्ट के लिए डस्ट कलेक्शन सिस्टम लगाया गया है।
- मशीनों का रख–रखाव और बचाव निर्धारित समयावधि पर होता रहता है।
- निर्धारित समय–सूची के अनुसार, निर्माण स्थलों पर वायु की गुणवत्ता की जांच एवं परीक्षण किया जाता है, जिससे कि गुणवत्ता का सही आकलन किया जा सके।

- डीज़ल जेनरेटर में लगे उत्सर्जन के पाइप की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुसार रखी जाती है, ताकि धुएं का उत्सर्जन वायुमंडल में ऊपर की ओर हो सके।
- साइट पर धूल के उत्सर्जन को रोकने के लिए पानी का छिड़काव।
- साइट से निकलने वाली धूल–मिट्टी सड़क पर न फैले, इसके लिए विधिवत बैरिकेडिंग की जाती है।

जल प्रदूषण पर नियंत्रण एवं बचाव

कानपुर मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य जारी है और कंपनी द्वारा जल प्रदूषण पर नियंत्रण एवं बचाव के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं :

- बैचिंग संयंत्र, शाफ़्ट एवं ग्राउटिंग संयंत्र पर, अवसादन टैंकों या अन्य पर्याप्त क्षमता वाले स्वीकार्य तरीक़ों के माध्यम से गाद से भरे पानी को, निकासी के लिए बनी नाली तक पहुंचने से रोका जाता है।
- द्विचरणीय अवसादन टैंक के साथ व्हील वॉश फ़ैसिलिटी।
- जलउपचार संयंत्र के बगल में सीमेंट के गड्ढे बनाए जाते हैं।
- भूमिगत जल का नियमित परीक्षण किया जाता है।

अपशिष्ट प्रबंधन:

यूपीएमआरसी आज के अपशिष्ट को कल का उपयोगी कच्चा माल मानता है। कंपनी का उद्देश्य, अपशिष्ट उत्पादन को न्यूनतम करना और अपशिष्ट का पुनर्चक्रण करना है। अपशिष्ट की पहचान और उसके पुनर्चक्रण के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए गए हैं:

i) साइटों पर अपशिष्ट का 100% पृथक्करण सुनिश्चित किया जाता है।

ii) स्रोत पर ही अपशिष्ट उत्पादन को कम करने का प्रशिक्षण और उसके संबंध में जागरूकता का प्रसार।

जल प्रबंधन:

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि., निर्माण एवं परिचालन व अनुरक्षण की गतिविधियों में जल संरक्षण के संबंध में बहुत सजग है। जल की खपत कम करने के लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i) स्टेशनों, डिपो, आवासीय कॉलोनियों, वायडक्ट इत्यादि पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की गई है।

ii) अपशिष्ट उपचार संयंत्र/सीवेज उपचार संयंत्र से उपचारित जल का पुनः प्रयोग।

iii) सीवेज वॉटर और रिवर्स ऑस्मोसिस रिजेक्ट पाइप को पुनः बिछाना और निम्न प्रवाह प्लम्बिंग का प्रयोग।

iv) दोहरे फ़्लश वाले शौचालयों, शौचालयों हेतु कम क्षमता वाले फ़्लशिंग टैंक एवं जलरहित मूत्रालयों को प्रोत्साहन।

ऊर्जा का संरक्षण:

उत्तर प्रदेश मेट्रो ने ट्रेनों में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के प्रयोग के परिणामस्वरूप ट्रैक्शन ऊर्जा में 30 से 35 प्रतिशत तक बचत की, जिसके फलस्वरूप ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन में कमी आई। सभी लिफ़्टों और एस्कलेटर्स के लिए वेरिएबल वोल्टेज वेरिएबल फ्रीक्वेंसी (वीवीवीएफ़) ड्राइव का प्रयोग, स्टेशनों पर एलईडी लाइटों का प्रयोग, भूमिगत खंड के लिए पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली (ईसीएस) और टनल वेंटिलेशन प्रणाली (टीवीएस) के लिए ऊर्जा सक्षम उपकरणों का प्रयोग इत्यादि जैसे विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपाय अपनाए गए हैं।

वर्तमान में, यूपी मेट्रो द्वारा, आरईएससीओ मॉडल के अंतर्गत ट्रेन स्टैबलिंग शेड और इन्सपेक्शन लाइन शेड के ऊपर 1 मेगावाट क्षमता वाली रूफ़ माउंटेज फ़ोटो वोल्टेक शेल्स लगाई गई हैं। इन सभी अभिनव उपायों के बल पर, परियोजना

की 19.46% की आर्थिक आंतरिक प्रतिफल दर (ईआईआरआर) सहित, संस्था 5 वर्षों में परियोजना की पूरी निवेश लागत वसूल करने में सक्षम होगी।

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह (5 जून, 2019):

यूपी मेट्रो ने अपनी स्थापना के समय से ही जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण तरीके से विराम देने के लिए अनेक उपाय किए हैं। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कंपनी द्वारा विभिन्न कदम उठाए गए हैं। कंपनी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष वृक्षारोपण अभियान भी चलाया, जिसके तहत विभिन्न मेट्रो स्टेशनों एवं डिपो में लगभग 1000 पौधे लगाए गए और यात्रियों को वितरित किए गए। यूपीएमआरसी के कर्मचारियों को, कार्यक्रम निदेशक, पर्यावरण शिक्षा केंद्र द्वारा पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पर्यावरण मुद्दों के बारे में, जागरूकता पैदा करने के लिए यूपीएमआरसी कर्मचारियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। पर्यावरण संरक्षण में प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ स्लोगन और पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

13. पुरस्कार और सम्मान:

- इंटरनैशनल रॉयल सोसायटी फ़ॉर द प्रिवेंशन ऑफ़ ऐक्सीडेंट्स (RoSPA) ने उत्तर प्रदेश मेट्रो को उसके फ़ेज़–1A (उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर) के लिए प्रोजेक्ट/इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रेणी के अंतर्गत साल 2019 के 'गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी के साथ, लखनऊ मेट्रो, भारत की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना बन गई है, जिसे परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान, कार्य के दौरान स्टाफ़/ग्राहकों/क्लाइन्टों/कॉन्ट्रैक्टरों को सुरक्षित कार्यशैली अपनाने में अद्वितीय सहयोग प्रदान करने एवं प्रोत्साहित करने हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. की लखनऊ मेट्रो परियोजना, देश में सबसे तेज़ी के साथ पूरी होने और यात्रियों के लिए उपलब्ध होने वाली परियोजना है। जिसके अंतर्गत, यूपी मेट्रो ने ऊर्जा संरक्षण से जुड़े कई नवीन प्रयोग किए; विभिन्न प्रचार और जागरूकता अभियान चलाए; युक्तिपूर्ण ढंग से रूट डिज़ाइन किया और लास्ट–माइल कनेक्टिविटी बढ़ाई। इस सराहनीय कार्यशैली के लिए, यूपीएमआरसीएल को 12वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के दौरान सर्वश्रेष्ठ "अर्बन मास ट्रांज़िट प्रोजेक्ट" पुरस्कार प्रदान किया गया।

- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर, यूपीएमआरसीएल को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो(बीईई), भारत सरकार (ऊर्जा मंत्रालय) द्वारा 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार–2019' से सम्मानित किया गया। यूपीएमआरसीएल को मेट्रो प्रणाली के संचालन के दौरान ऊर्जा और शक्ति संरक्षण हेतु चलाई गई मुहिम के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कई प्रतिष्ठित न्यायविदों वाली पुरस्कार समिति ने लखनऊ मेट्रो को 'परिवहन क्षेत्र' में 'सर्वश्रेष्ठ मेट्रो पुरस्कार' का विजेता घोषित किया।

14. शेयर पूंजी

वित्तीय वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से इक्विटी के तौर पर 410.94 करोड़ रुपए प्राप्त किए। कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 10,000 करोड़ रुपए है। 31 मार्च, 2020 को कुल प्रदत्त शेयर पूंजी 2206 करोड़ रुपए है।

15. जनसंपर्क एवं जन-केंद्रित दृष्टिकोण

आपकी कंपनी के जनसंपर्क विभाग ने आम जनता तक पहुंच बनाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित कराईं। विभाग द्वारा, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया तक कंपनी की विकास संबंधी जानकारियों का संप्रेषण किया गया। संगठन की दैनिक प्रगति, नवीन प्रयोगों, नई परियोजनाओं का विवरण और ऐसी ही विकास से संबंधित अन्य जानकारियों के विवरण नियमित तौर पर मीडिया तक पहुंचाए गए। नागरिक आउटरीच कार्यक्रम न सिर्फ़ समाज तक पहुंच बनाना सुनिश्चित करता है बल्कि अपने विभिन्न शेयरधारकों के साथ संचार भी स्थापित करता है।

16. मानव संसाधन प्रबंधन

यूपीएमआरसीएल प्रबंधन सदैव से यह मानता है कि प्रेरित, तृप्त एवं संतुष्ट श्रमबल संगठनात्मक उद्देश्यों की सफलतापूर्वक प्राप्ति की कुंजी है। इस उद्देश्य पर ध्यान देते हुए, कंपनी मानव संसाधन विकास और इसकी क्षमताओं की प्राप्ति को अत्यधिक महत्व देती है। वर्ष के दौरान नियोक्ता–कर्मचारी संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहे और यूपीएमआरसीएल लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल रहा। कंपनी की रोज़गार पद्धतियां प्रतिभा को आकर्षित करने और बनाए रखने के अनुकूल हैं।

भर्ती प्रक्रिया 2016 से पूरी तरह ऑनलाइन है। 31 मार्च, 2020 तक, कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 764 (परियोजना में 186 तथा परिचालन एवं अनुरक्षण विंग में 578) थी। कर्मचारियों की दक्षता के संवर्धन के लिए कंपनी प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ, कार्यशालाओं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, शैक्षणिक भ्रमण, योग और मध्यस्थता पाठ्यक्रमों आदि का आयोजन एवं संचालन भी करती है।

भर्ती में आरक्षण दिशा-निर्देशों का अनुपालनः

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./शा.वि. के लिए सेवाओं में आरक्षण के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर जारी भर्ती दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन किया जा रहा है। कंपनी के अ.ज./अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) कर्मचारियों के लिए संपर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। आरक्षण कक्ष में शिकायत रजिस्टर का रख–रखाव विधिवत किया जाता रहा है।

कार्यस्थल पर यौन-उत्पीड़न की रोकथामः

उत्तर प्रदेश मेट्रो, अपनी महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस संबंध में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए, यूपी मेट्रो नव–नियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के दौरान, लिंग संवेदीकरण पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कराता है। महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सहायता हेतु शिकायत समितियां बनाई गई हैं, जिनमें ऐसे बाहरी सदस्यों को शामिल किया गया है, जिन्हें क़ानून और महिला कल्याण के क्षेत्रों का विधिवत ज्ञान एवं इन क्षेत्रों में काम करने का पर्याप्त अनुभव है।

कंपनी ने कार्यस्थल पर यौन–उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी एक नीति की व्यवस्था बनाई हुई है। कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन–उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार महिलाओं के यौन–उत्पीड़न से संबंधित मामलों की देखरेख करने और यौन–उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित कार्य माहौल उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है।

31.03.2020 तक आंतरिक शिकायत समिति की संरचना:

सुश्री पुष्पा बेलानी	–	पीठासीन अधिकारी
सुश्री दीप्ति अग्रवाल	–	बाहरी सदस्य (अभ्यासरत कंपनी सचिव)
श्री एस.ए. रज़ा	–	सदस्य
श्री ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी	–	सदस्य

17. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

एक ज़िम्मेदार और भरोसेमंद संगठन होने के नाते, आपकी कंपनी अपने विभिन्न हितधारकों, उदाहरणस्वरूप, शेयरधारकों, कर्मचारियों, प्रबंधन, प्रदाताओं, ग्राहकों और विस्तृत तौर पर समुदाय के हितों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यूपीएमआरसी, लखनऊ शहर के लिए एक पर्यावरण के अनुकूल वैकल्पिक सार्वजनिक यातायात साधन के रूप में उभरकर सामने आ रहा है और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों के लिए भी यही भूमिका अदा करेगा। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, आपकी कंपनी ने स्वैच्छिक रूप से लखनऊ और प्रदेश के अन्य शहर के निवासियों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने एवं जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इसके अतिरिक्त, चूंकि कंपनी लाभ नहीं कमा रही है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 और अन्य लागू नियम/अनुसूचियों के अनुसार, कंपनी पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निर्धारित परियोजनाओं पर विशेष रूप से खर्च करने की अनिवार्यता नहीं बनती है। अतः, इस मद के अंतर्गत इस साल 'शून्य' व्यय है। इस संबंध में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप, कंपनी ने तीन निदेशकों के साथ एक समिति का गठन किया है। बोर्ड की सीएसआर समिति की संरचना का विवरण, कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट में वर्णित है, जिसे इस रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है।

18. सूचना का अधिकार

कम्पनी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का क्रियान्वयन किया है। वर्ष के दौरान कुल 56 आरटीआई आवेदनों और अपीलों को समय पर निस्तारित किया गया।

19. आधिकारिक भाषा

यूपीएमआरसी आधिकारिक कार्यों में हिन्दी भाषा के प्रयोग के प्रचार हेतु प्रतिबद्ध है। कंपनी ने, आधिकारिक उद्देश्यों हेतु 'राजभाषा' हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन कराया। कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कि निबंध लेखन, अनुवाद, स्लोगन लेखन, सुलेख, प्रश्नोत्तरी आदि में प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की आधिकारिक भाषा समिति के सदस्यों ने कंपनी के लखनऊ स्थित प्रशासनिक भवन एवं मेट्रो डिपो में विभिन्न दस्तावेज़ों जैसे कि सर्विस बुक रेकॉर्ड, फाइलों एवं पत्राचार इत्यादि में हिन्दी भाषा के प्रयोग का निरीक्षण किया एवं अपनी संतुष्टि प्रकट की। समिति के सदस्यों ने आधिकारिक कार्यों में हिन्दी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीएमआरसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

20. सतर्कता

मुख्य सतर्कता अधिकारी कंपनी के सतर्कता विभाग का प्रमुख होता है, जो यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करता है। सतर्कता इकाई, कंपनी के कारोबार और कार्यव्यवहार के बारे में केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों एवं आंतरिक दिशा–निर्देशों का पालन करती है। रोकथाम संबंधी जांचों का मुख्य उद्देश्य है कि दंडात्मक कार्रवाई की अपेक्षा रोकथाम बेहतर है। ख़ामियों को दूर करने के लिए जांचों के परिणाम, प्रणाली सुधार परिपत्रों में शामिल किए जाते हैं।

21. जनता से जमाराशि

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(31), 73 और 74 के अंतर्गत न तो जनता से कोई जमाराशियां आमंत्रित की हैं और न ही जनता से कोई जमाराशियां स्वीकार की गई हैं।

22. कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 197(12) के अंतर्गत आवश्यक पारिश्रमिक एवं अन्य विवरणों से संबंधित प्रकटन लागू नहीं है।

23. निदेशक मंडल

31 मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के निदेशक मंडल में 14 निदेशक हैं, जिनमें से 5 निदेशक, भारत सरकार के नामिती; प्रबंध निदेशक समेत 5 निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के नामिती और 4 पद पूर्णकालिक निदेशकों के हैं, जिन पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। सचिव, आवास और शहरी

24. बोर्ड की बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, 27 जुलाई 2019, 30 सितंबर 2019 और 27 जनवरी, 2020 को कंपनी के निदेशक मंडल की 3 बैठकें आयोजित की गईं।

बोर्ड की समितियां

बोर्ड ने आपकी कंपनी के परिचालन के आकार, प्रकृति और क़ानूनी प्रावधानों के अनुसार समितियां गठित की हैं। ये हैं; लेखापरीक्षा समिति एवं निवेश समिति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति। इनमें से प्रत्येक उप–समिति द्वारा स्पष्ट तौर पर तय संदर्भ शर्तें बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित हैं। इन समितियों की बैठकें आपकी कंपनी की अपेक्षाओं के अनुसार, समय–समय पर की जाती हैं। बोर्ड की समितियों का विवरण 'कॉर्पोरेट अभिशासन प्रतिवेदन' खंड के अंतर्गत दिया गया है।

25. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुपालन के क्रम में, निदेशक बताते हैं कि:

- वार्षिक लेखे तैयार करने में, सामग्री निकासियों के लिए उचित स्पष्टीकरण सहित लागू भारतीय लेखांकन मानकों का पालन किया गया है;
- निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें सतत रूप से लागू किया और ऐसे निर्णय और अनुमान किए, जो वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ–हानि की एक सत्य और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत कर सकें;
- निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने, धोखेबाज़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकथाम के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, उपयुक्त लेखाकंन रेकॉर्डों का उचित एवं पर्याप्त अनुरक्षण किया;
- निदेशकों ने वार्षिक लेख, चलायमान–प्रतिष्ठान आधार पर तैयार किए हैं;
- निदेशकों ने सभी लागू क़ानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियों का प्रयोग किया। ऐसी प्रणालियां उपयुक्त हैं एवं प्रभावी तौर पर कार्य कर रही है;

26. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वर्तमान में कंपनी के निदेशक मंडल में, कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है, क्योंकि संयुक्त उपक्रम कंपनी को कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति से छूट प्राप्त है।

27. वार्षिक रिटर्न का सारांश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उपधारा (3) के प्रावधान के अनुसार वार्षिक रिर्टन का सारांश इस प्रतिवेदन के साथ **अनुलग्नक–1** के रूप संलग्न है।

28. ऋणों, गारंटियों एवं निवेशकों का विवरण

प्रतिवेदन के अधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने:

- किसी व्यक्ति या अन्य निगमित निकाय को ऋण नहीं दिया है;
- किसी अन्य निगमित निकाय या व्यक्ति को किसी ऋण के संबंध में कोई गारंटी या प्रतिभूति नहीं दी है; और
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत यथानिर्धारित, किसी अन्य निगमित निकाय की प्रतिभूतियों का सब्सक्रिप्शन/ख़रीद के माध्यम से या अन्यथा अधिग्रहण नहीं किया है।

29. संबंधित पक्ष लेन-देन

प्रतिवेदन के अधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उपधारा (1) में संदर्भित संबंधित पक्षों से कोई अनुबंध या व्यवस्था नहीं की है।

30. उन्नत तकनीक का प्रयोग

गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता के साथ कोई भी समझौता न करते हुए, भारत में ही निर्मित उपकरणों एवं उत्पादों का प्रयोग किया गया। ऊर्जा संरक्षण में सहयोगी, पंप, मोटर, लाइट, फ़ायर रिटार्डेंट लो स्मोक ज़ीरो हैलोजन (एफ़आरएलएसज़ेडएच) केबल, फ़ायर डोर्स आदि को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, भारतीय उद्योगों द्वारा कंपनी के लिए विकसित किया गया। भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में कार्बन डाई ऑक्साइड फ़्लडिंग सिस्टम के स्थान पर, एफ़एम 200 फ़्लडिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया एवं भूमिगत स्टेशनों में स्थापित एएसएस एवं टीएसएस में आईएनईआरजीईएन गैस फ़ायर प्रोटेक्शन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम लगाया गया गया है।

आधुनिक तकनीक के साथ वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव्स (वीएफ़डी)

सभी भूमिगत स्टेशनों में एयर कंडीशनिंग सिस्टम, वैरिएबल फ़्रीक्वेंसी ड्राइव के साथ इस्तेमाल में लाए जाते हैं। वीएफ़डी में, एयर फ़्लों को नियंत्रित करने के उद्देश्य के साथ मोटर की फ्रीक्वेंसी को नियंत्रित किया जा सकता है और इसके लिए वीएफ़डी में पहले से ही एक नियंत्रक की व्यवस्था दी गई गई है।

31. तथ्यगत परिवर्तन एवं प्रतिबद्धताएं

क) कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तारीख़ के बीच ऐसे कोई तथ्यगत परिवर्तन या प्रतिबद्धताएं नहीं हुई हैं, जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती हों।

ख) विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्वाह

वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा की कोई आय नहीं हुई। बहिर्वाह का विवरण निम्नवत है:

(राशि लाख रुपए में)

क्रम संख्या	विवरण	वि.व. 2019-20	वि.व. 2018-19
1.	व्यावसायिक और परामर्श शुल्क	1294.22	2157.48
2.	टूर्स और ट्रैवल्स	5.77	28.26
3.	अनुबंध	8674.14	22191.76

32. निदेशक एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों में निम्नवत परिवर्तन हुए:

- श्री महेंद्र कुमार, निदेशक (रोलिंग स्टॉक ऐंड सिस्टम्स) ने एनसीआरटीसी में निदेशक (इलेक्ट्रिकल) पद पर जॉइन करने के लिए यूपीएमआरसी में इस्तीफ़ा दिया, फलस्वरूप 30 जून, 2019 से वह कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य नहीं रहे।
- 17 अगस्त, 2019 को 5 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद, श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक का कार्यकाल 2 साल और बढ़ा दिया गया।
- बतौर निदेशक (वित्त) कार्यकाल समाप्त होने के बाद, 31 जनवरी, 2020 से श्री अजय कांत रस्तोगी कंपनी के निदेशक नहीं रहे।
- 25 नवंबर, 2019 को श्री अतुल कुमार गर्ग को कंपनी का निदेशक (रोलिंग स्टॉक ऐंड सिस्टम्स) नियुक्त किया गया।

33. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

31.03.2020 को कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक इस प्रकार हैं:

- श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक
- श्री संजय मिश्रा, पूर्णकालिक निदेशक (वर्क्स ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर)
- श्री सुशील कुमार, पूर्णकालिक निदेशक (परिचालन)
- श्री अतुल गर्ग, पूर्णकालिक निदेशक (रोलिंग स्टॉक ऐंड सिस्टम्स)
- श्रीमती पुष्पा बेलानी, कंपनी सचिव

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक तथा अन्य विवरण वार्षिक रिटर्न के सारांश में वर्णित है।

34. महत्वपूर्ण एवं तथ्यगत आदेश

ऐसे कोई महत्वपूर्ण और तथ्यगत आदेश, विनियामकों या किसी न्यायालय अथवा अधिकरण द्वारा पारित नहीं किए गए, जिससे कंपनी की चलायमान–प्रतिष्ठान स्थिति और इसके परिचालन प्रभावित होते हों।

35. जोखिम प्रबंधन नीति:

आपकी कंपनी संभावित जोखिमों के घटित होने से पहले पहचान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकी जोखिम प्रबंधन के गतिविधियों की योजना बनाई जा सके और परियोजना के दौरान आवश्यक होने पर और बड़ी उपलब्धियों की प्राप्ति करने

में प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके। इसके लिए आपकी कंपनी ने निम्नलिखित विशिष्ट उद्देश्यों को चिह्नित किया है:

1. यह सुनिश्चित करना कि कंपनी के सभी मौजूदा और भविष्य के भौतिक जोखिमों को चिह्नित, निर्धारित, मात्राबद्ध किया गया हो और उनकी समय पर रोकथाम और प्रबंधन हो;
2. यह सुनिश्चित करना कि उच्च प्राथमिकता जोखिमों का आक्रामक रूप से प्रबंधन और समापन किया जाए;
3. यह सुनिश्चित करना कि पूरी परियोजना में सभी जोखिमों का प्रभावी लागत को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन किया जाए;
4. परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर सूचित निर्णय लेने के लिए प्रबंधन के सभी स्तरों पर सूचना साझा करने को बढ़ावा देना;
5. जहां भी लागू हों, उचित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना।
6. विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति और उनमें सुधार के लिए आपकी कंपनी ने निम्नलिखित उपाए अपनाए हैं:
   - स्वतंत्र लेखापरीक्षकों द्वारा त्रैमासिक आंतरिक लेखापरीक्षा का संचालन; लेखापरीक्षा समिति द्वारा उनके अवलोकनों की समीक्षा और जहां भी उचित पाया जाए, सुधारात्मक कार्रवाई।
   - आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा इस उद्देश्य के लिए गठित टीम द्वारा नियमित अंतराल पर परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन।

36. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

बोर्ड ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, त्रुटियों एवं धोखाधड़ी को रोकने और उनका पता लगाने, लेखांकन रेकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने और विश्वसनीय वित्तीय प्रकटनों को समय पर तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करके कंपनी के कारोबार का व्यवस्थित और सक्षम व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए मज़बूत नीतियां और प्रक्रियाएं अपनाई हैं।

37. कॉर्पोरेट अभिशासन

आपकी कंपनी त्रुटिहीन कॉर्पोरेट अभिशासन मानकों का पालन करती है और अपने सभी कार्यकलापों में पारदर्शिता, निष्ठा और जवाबदेही अपनाती है। 'कॉर्पोरेट अभिशासन प्रतिवेदन' नामक एक अलग खंड इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

38. लेखापरीक्षक

क. सांविधिक लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अनुक्रम में मेसर्स डी.एस. शुक्ला ऐंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेन्ट्स को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी ऐंड एजी) द्वारा कंपनी का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया, जो 7वीं वार्षिक आम बैठक के संपन्न होने तक कार्यरत रहेंगे। सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के भाग के रूप में उपयुक्त तौर पर संलग्न की गई है।

ख. सचिवीय लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुक्रम में, मेसर्स दिलीप दीक्षित ऐंड कंपनी, कार्यरत कंपनी सचिव को वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखापरीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया। सचिवीय लेखापरीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन एवं स्पष्टीकरणों या टिप्पणियों तथा सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में किए गए प्रश्नों पर कंपनी सचिव द्वारा प्रदत्त स्पष्टीकरण या टिप्पणियां, इस रिपोर्ट के साथ **अनुलग्नक–2** के रूप में संलग्न है।

ग. आंतरिक लेखापरीक्षक

मेसर्स एस.एन. कपूर ऐंड असोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेन्ट्स, लखनऊ को आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए कंपनी का आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा समय–समय पर उनके प्रतिवेदन की समीक्षा की जाती है।

39. आभार

निदेशक मंडल, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई सलाह, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता है। निदेशक मंडल, इस परियोजना हेतु ऋण सहायता प्रदान करने के लिए यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) को हार्दिक धन्यवाद देता है। बोर्ड भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, सचिवीय लेखापरीक्षकों, सांविधिक लेखापरीक्षकों और आंतरिक लेखापरीक्षकों, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्टरों, परामर्शदाताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और आपूर्तिकर्ताओं का उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनको धन्यवाद देता है।

निदेशक मंडल, परियोजना के लक्ष्यों की निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत प्राप्ति एवं समय पर मेट्रो परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु किए गए, कंपनी के सभी कर्मचारी के अथक प्रयासों एवं निष्ठा की सराहना करता है। साथ ही, निदेशक मंडल भविष्य में भी उनसे ऐसी ही कर्तव्यपरायणता की अपेक्षा रखता है, जिसके बल पर कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

	हस्ताक्षर/–	हस्ताक्षर/–
स्थान: लखनऊ	**कुमार केशव**	**एस.के. मित्तल**
दिनांक: 26/10/2020	प्रबंध निदेशक	निदेशक (वित्त)
	डीआईएन–02908695	डीआईएन–08821866

कॉर्पोरेट अभिशासन पर प्रतिवेदन

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसीएल) की कॉर्पोरेट अभिशासन नीति, लखनऊ शहर के लिए एक सुरक्षित, विश्वसनीय, कुशल, व्यवहार्य एवं ग्राहक–हितैषी मेट्रो प्रणाली उपलब्ध कराने के अपने कॉर्पोरेट उद्देश्य को हासिल करने के लिए, पारदर्शिता, जवाबदेही और उपयुक्त प्रथाओं एवं नीतिगत मानकों को सुनिश्चित करते हुए त्रुटिहीन कॉर्पोरेट अभिशासन पद्धतियों के अनुपालन की धारणा से विकसित हुई है। यूपीएमआरसीएल नैतिकता के उच्च मानकों का अनुसरण करता है और अपने पूरे परिचालन क्षेत्र में सामंजस्य एवं विश्वास के मूल सिद्धांतों को बनाए रखता है।

अपने कामकाज के निष्पादन में, यूपीएमआरसीएल का मार्गदर्शन सीवीसी दिशा–निर्देशों, कंपनी की अंतर्नियमावली (AoA), कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, लागू लेखाकरण मानकों, प्राधिकरणों जैसे सी ऐंड एजी द्वारा निर्धारित विनियमों, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 और उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, संगठन के कामकाज में सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कर्मचारियों के कल्याण तथा कॉन्ट्रैक्टरों के माध्यम से नियुक्त व्यक्तियों के लिए उचित क्षतिपूर्ति, पुनर्वास का प्रावधान और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों आदि के पुनर्वास इत्यादि के संबंध में लागू सभी सांविधिक नियमों का उचित रूप से अनुपालन किया जाता है।

क. निदेशक मंडल

1. निदेशक मंडल की संरचना:

31 मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के निदेशक मंडल में 13 निदेशक हैं, जिनमें से 5 निदेशक, भारत सरकार के नामिती; प्रबंध निदेशक समेत 5 निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के नामिती और 4 अन्य पूर्णकालिक निदेशक हैं (निदेशक–वित्त का पद 31.03.2020 को रिक्त था)। सचिव, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, बोर्ड के चेयरमैन हैं, जबकि प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार के एक नामिती हैं।

31.03.2020 को, निदेशक मंडल की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पद
श्री दुर्गाशंकर मिश्रा	चेयरमैन एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव
श्री कुमार केशव	प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
श्री श्याम सुंदर दुबे	नामिती निदेशक, भारत सरकार संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, एमओएचयूए
श्री विनय कुमार सिंह	नामिती निदेशक, भारत सरकार प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
श्री दीपक कुमार	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन
श्री मुकेश कुमार मेश्राम	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश शासन आयुक्त, लखनऊ
श्री शिव दास मीणा	नामिती निदेशक, भारत सरकार अतिरिक्त सचिव (डी), एमओएचयूए
श्री प्रदीप एम. सिकदर	नामिती निदेशक, भारत सरकार कार्यकारी निदेशक/सिग्नल (विकास), रेलवे बोर्ड
श्री आलोक कुमार	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार प्रमुख सचिव, अवसंरचना और औद्योगिक विकास विभाग
श्री संजय मिश्रा	पूर्णकालिक निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना), यूपीएमआरसीएल
श्री सुशील कुमार	पूर्णकालिक निदेशक (परिचालन), यूपीएमआरसीएल
श्री अतुल कुमार गर्ग	पूर्णकालिक निदेशक (रोलिंग स्टॉक एवं सिस्टम्स), यूपीएमआरसीएल

रिपोर्ट के अंतर्गत आने वाली समयावधि के दौरान, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त नामांकन के आधार पर निम्नलिखित निदेशकों की नियुक्ति की गई है:

1. श्री श्याम सुंदर दुबे;
2. श्री शिवदास मीणा;
3. श्री मुकेश कुमार मेश्राम;
4. श्री दीपक कुमार;
5. डॉ. देवेश चतुर्वेदी;
6. श्री आलोक कुमार;
7. श्री भुवनेश कुमार;

2. प्रशंसा के शब्द

बोर्ड निम्नलिखित निदेशकों, जिनका कार्यकाल समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समाप्त हुआ, द्वारा दी गई मूल्यवान सेवाओं और विशेषज्ञ सलाह के लिए उनकी सराहना करता है;

क्रम संख्या	निदेशक का नाम	पदत्याग की तिथि	पदनाम
1	श्री नितिन रमेश गोकर्ण	27.06.2019	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
2	श्री महेंद्र कुमार	30.06.2019	पूर्णकालिक निदेशक (आरएस ऐंड एस)
3	डॉ. देवेश चतुर्वेदी	05.08.2019	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
4	श्री राजेश कुमार सिंह	08.11.2019	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
5	श्री अनिल गर्ग	02.09.2019	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
6	श्री भुवनेश कुमार	14.02.2020	नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
7	श्रीमती झंझा त्रिपाठी	16.07.2019	नामिती निदेशक, भारत सरकार
8	श्री के. संजय मूर्ति	18.11.2019	नामिती निदेशक, भारत सरकार

कंपनी के निदेशक मंडल में कंपनी के उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध प्रामाणिक प्रशासनिक एवं निष्पादन दक्षता वाले प्रोफ़ेशनल्स भी शामिल हैं, जो कंपनी के मामलों को प्रत्यक्ष रूप से निर्देशित करते हैं।

3. बोर्ड प्रक्रिया

कंपनी के समीक्षात्मक मूल्यांकन और कार्यप्रदर्शन की समीक्षा करने और प्रबंधन के निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित तौर पर बोर्ड की बैठकें संचालित की जाती हैं। कंपनी ने बोर्ड और बोर्ड की समिति की बैठकों के आयोजन के लिए, निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई है:

बोर्ड/समिति की बैठकों के लिए अनुसूची और कार्यसूची मद का चयन:

बोर्ड के अध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उचित सूचना देकर बैठकों का संयोजन किया जाता है। विशिष्ट तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैठकें संक्षिप्त अवधि में भी बुलाई जाती हैं। बोर्ड प्रसार के द्वारा, केवल ऐसे मामले जो बेहद ज़रूरी होते हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में स्वीकार्य हैं, के लिए भी प्रस्ताव पारित करता है।

कार्यसूची से संबंधित दस्तावेज़ संबंधित विभागों के प्रमुखों द्वारा तैयार किए और प्रबंध निदेशक को प्रस्तुत किए जाते हैं। विधिवत अनुमोदित कार्यसूची नोट्स, प्रबंधन रिपोर्ट और व्यापक पृष्ठभूमि जानकारी सहित अन्य व्याख्यात्मक विवरण पहले

ही बैठकों में सदस्यों द्वारा सार्थक, सूचित और केंद्रित निर्णय लेने के लिए बांटे जाते हैं।

विशेष एवं अपवादात्मक परिस्थितियों में, अतिरिक्त या पूरक मद, जो कार्यसूची में नहीं हैं, उन्हें अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा के लिए सुरक्षित रख लिया जाता है। अनुमोदन की प्रमुख घटनाओं/मदों के बारे में भी, जहां आवश्यक हो, बोर्ड को सूचित किया जाता है। बोर्ड की बैठकों में प्रबंध निदेशक, कंपनी के समग्र कार्यप्रदर्शन की जानकारी देते हैं। बोर्ड की राय में पिछली बैठकों में बोर्ड के दिशा–निर्देशों के अनुरूप की गई कार्रवाई की बोर्ड समीक्षा भी कार्यसूची का एक भाग होता है।

बोर्ड के सदस्यों का कंपनी की सभी सूचनाओं पर पूर्ण अभिगम होता है। साथ ही, बोर्ड की बैठकें सचिवीय मानक–1 के अनुसार संचालित की जाती हैं।

प्रबंध निदेशक द्वारा संक्षिप्त जानकारी:

बोर्ड की प्रत्येक बैठक के प्रारंभ में, प्रबंध निदशेक, बोर्ड के सदस्यों को परियोजना की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी की अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों/प्रगतियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हैं।

बोर्ड बैठक की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग:

बोर्ड की प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त रेकॉर्ड किए जाते हैं और कार्यवृत्त पुस्तिका में दर्ज किया जाता है। बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त को पुष्टिकरण के लिए बोर्ड की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाता है और कार्यवृत्त चेयरमैन द्वारा हस्ताक्षरित होते हैं। बोर्ड की उप–समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त, सूचनार्थ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं।

अनुपालन:

अजेंडा कार्यसूची तैयार करने के दौरान विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी अधिनियम 2013, आर्टिकल्स ऑफ़ असोसिएशन एवं सीवीसी के दिशा–निर्देशों समेत लागू करने योग्य सभी वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन हो।

कंपनी के सभी कर्मचारी, कंपनी द्वारा प्रदत्त सभी ज़िम्मेदारियों एवं दायित्वों का विधिवत निर्वहन करते हैं। कर्मचारियों द्वारा, कार्य–निर्वहन के दौरान, उच्च मौलिक मूल्यों एवं आदर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। साथ ही, वे समयबद्ध प्रबंधन में भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं।

4. शेयरधारकों की बैठक

कंपनी के शेयरधारकों की 6वीं वार्षिक आम बैठक, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, निर्माण भवन, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली में 30 सितंबर, 2019 को संपन्न हुई।

5. बोर्ड बैठकें

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, तीन बोर्ड बैठकों का आयोजन किया गया। इस अवधि के दौरान, बोर्ड बठकों के आयोजन एवं उनमें निदेशकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	नाम	वित्तीय वर्ष 2019–20 में उनके निदेशक काल के दौरान हुईं बैठकों की संख्या	बोर्ड बैठकों में उपस्थिति
1	श्री दुर्गाशंकर मिश्रा	3	3
2	श्री कुमार केशव	3	3
3	श्री श्याम सुंदर दुबे	3	3
4	श्री विनय कुमार सिंह	3	1

5	श्री के. संजय मूर्ति	2	2
6	श्री प्रदीप एम. सिकदर	3	2
7	डॉ. देवेश चतुर्वेदी	1	1
8	श्री दीपक कुमार	2	2
9	श्री भुवनेश कुमार	2	0
10	श्री मुकेश कुमार मेश्राम	2	0
11	श्री राजेश कुमार सिंह	2	0
12	श्री अजय कांत रस्तोगी	3	3
13	श्री संजय मिश्रा	3	3
14	श्री सुशील कुमार	3	3
15	श्री अतुल कुमार गर्ग	1	1
16	श्री शिवदास मीणा	1	0
17	श्री आलोक कुमार	1	0

5. बोर्ड की समितियां

बोर्ड ने कंपनी के परिचालन के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप पांच समितियों का गठन किया है। ये समितियां हैं; लेखापरीक्षा समिति एवं निवेश समिति, आंतरिक शिकायत समिति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति। इनमें से प्रत्येक समिति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित संदर्भ शर्तें विधिवत रूप से ज्ञात हैं। ये समितियां कंपनी की आवश्यकताओं के अनुसार, समय–समय पर बैठकें आयोजित करती रहती हैं।

क. लेखापरीक्षा समिति

लेखापरीक्षा समिति की संरचना का समदिनांकित विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	समिति के सदस्य की नियुक्ति की तिथि
1	श्री के. संजय मूर्ति, अपर सचिव, एमओएचयूए	नामिती निदेशक, भारत सरकार	25.7.2019
2	श्री दीपक कुमार, प्रमुख सचिव, आवासन एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन	नामित निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार	5.8.2019
3	प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन	सदस्य,	
4	श्री श्याम सुंदर दुबे, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, एमओएचयूए	सदस्य,	27.7.2019
5	श्री सुशील कुमार, निदेशक (परिचालन), यूपीएमआरसी	सदस्य,	27.7.2019

*पद हाल में रिक्त है।

**लेखापरीक्षा समिति के सदस्य के रूप में सरकार के नामिती निदेशक का पद रिक्त होने के कारण, श्री मूर्ति ने भारत सरकार का नामिती निदेशक होने के नाते लेखापरीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

समिति ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दो बैठकें की

बैठक संख्या	बैठक की तिथि
18वीं	25.07.2019
19वीं	15.01.2020

कंपनी के महाप्रबंधक (वित्त), आंतरिक लेखापरीक्षकों एवं सांविधिक लेखापरीक्षकों को भी समिति की बैठकों में प्रतिभागिता हेतु आमंत्रित किया गया। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उनके आधार पर बनाए गए नियमों के अनुरूप, बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखापरीक्षा समिति की संदर्भ शर्तें इस प्रकार हैं:

क्र. सं.	लेखापरीक्षा समिति के सदस्य का नाम	वित्तीय वर्ष 2019-20 में उनके निदेशक काल के दौरान हुईं बैठकों की संख्या	बोर्ड बैठकों में उपस्थिति
1	श्री के. संजय मूर्ति	1	1
2	श्री दीपक कुमार	1	1
3	श्री भुवनेश कुमार	2	0
4	श्री श्याम सुंदर दुबे	2	0
5	श्री सुशील कुमार, निदेशक (परिचालन)	2	2

ख. निवेश समिति

कंपनी की निवेश समिति की संरचना समदिनांकित तिथि को निम्नवत है:

क्र. सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष (चेयरमैन)
2.	श्री अतुल कुमार गर्ग, निदेशक (आरएस ऐंड एस)	सदस्य
3.	श्री एस. के. मित्तल, निदेशक (वित्त)	सदस्य

ग. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति:

समदिनांकित तिथि को कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की संरचना इस प्रकार है:

क्र. सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	डॉ. देवेश चतुर्वेदी	प्रमुख सचिव, आवासन और शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
2.	श्री दीपक कुमार	प्रमुख सचिव, आवासन और शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
3.	श्री सुशील कुमार	निदेशक (परिचालन), यूपीएमआरसी
4.	श्री एस. के. मित्तल	निदेशक (वित्त), यूपीएमआरसी

*डॉ. देवेश चतुर्वेदी के स्थान पर श्री दीपक कुमार को सीएसआर समिति का अध्यक्ष (चेयरमैन) नियुक्त किया गया (05.08.2019 से प्रभाव में) एवं वित्तीय 2019–20 के दौरान, कंपनी की सीएसआर समिति की सिर्फ़ एक बैठक (दिनांक 22.07.2019 को) आयोजित हुई।

घ. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (मानव संसाधन समिति)

समदिनांकित तिथि को कंपनी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संचरना इस प्रकार है:

क्र. सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री दीपक कुमार,	प्रमुख सचिव, आवासन एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं नामिती निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार
2.	श्री कुमार केशव	प्रबंध निदेशक, यूपीएमआरसी
3.	श्री एस. के. मित्तल	निदेशक (वित्त), यूपीएमआरसी

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान मानव संसाधन समिति की सिर्फ़ एक बैठक (दिनांक 26.09.2019 को) आयोजित हुई, जिस दौरान सभी सदस्य मौजूद रहे।

ख. प्रकटन:

- ऐसा कोई तथ्यात्मक रूप से महत्वपूर्ण पार्टी लेनदेन अर्थात् अपने प्रवर्तकों, निदेशकों या प्रबंधन, सहायक कंपनियों या संबंधियों आदि के साथ कंपनी का कोई भौतिक लेनदेन नहीं है, जो व्यापक तौर पर कंपनी के हित से कंपनी की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।
- कंपनी द्वारा किसी सांविधिक नियम के गैर–अनुपालन जैसे किसी मामले या किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी पर लगाए गए दंड या जुर्माने की कोई घटना नहीं हुई है।
- कंपनी के बही खातों में खर्चनामे में डाला गया ऐसा कोई मद नहीं था, जो कंपनी के व्यवसाय के प्रयोजन से जुड़ा न हो।

ग. कंपनी की वेबसाइट

कंपनी की वेबसाइट www.upmetrorail.com है। वस्तुओं एवं सेवाओं की ख़रीद के बारे में समयबद्ध जानकारी प्रदान करने के लिए परियोजना, अनुबंध, भर्ती प्रक्रिया सहित कंपनी से संबंधित सभी प्रमुख जानकारियां वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती हैं। वेबसाइट में सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, कार्यकलापों और मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की जानकारी भी दी जाती है।

पंजीकृत कार्यालय:
प्रशासनिक भवन,
विपिन खंड, गोमती नगर,
लखनऊ–226010, फ़ोन–0522–2304011
ईमेल– pushpa.bellani@upmrcl.co.in
वेबसाइट: www.upmetrorail.com

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के
निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

ह0/–
कुमार केशव
प्रबंध निदेशक
डीआईएन–02908695

ह0/–
श्री एस. के. मित्तल
निदेशक (वित्त)
डीआईएन–08821866

स्थान: लखनऊ
दिनांक: 26/10/2020

अनुलग्नक–1

फ़ॉर्म संख्या एमजीटी 9

वार्षिक रिटर्न का सारांश

31.03.2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के अनुसार

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में

I. पंजीकरण एवं अन्य विवरण:

1.	सीआईएन	U60300UP2013SGC60836
2.	पंजीकरण तिथि	25 नवंबर, 2013
3.	कंपनी का नाम	उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
4.	कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी	सरकारी कंपनी
5.	पंजीकृत कार्यालय का पता एवं संपर्क सूत्र	प्रशासनिक भवन, विपिन खंड, गोमती नगर, सामाजिक परिवर्तन स्थल के निकट, लखनऊ– 226010 फ़ोनः 0522–2304010, ईमेलः cslmrcl@gmail.com, वेबसाइटः www.upmetrorail.com
6.	क्या कंपनी सूचीबद्ध है	सूचीबद्ध नहीं है
7.	रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफ़र एजेंट का नाम, पता एवं संपर्क विवरण, यदि कोई हो तो	लागू नहीं

II. कंपनी की प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां

(कंपनी के कुल कारोबार में 10% या अधिक का योगदान देने वालीं सभी व्यावसायिक गतिविधियों का उल्लेख किया जाएगा)

क्र. सं.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम एवं विवरण	उत्पाद/सेवा का एनआ□सी कोड	कंपनी के कुल कारोबार का प्रतिशत
1.	रेलवे और पाइपलाइन के माध्यम से भूमि परिवहन	H2	100

III. होल्डिंग्स, सहायक एवं सहयोगी कंपनियों का विवरण

क्र. सं.	कंपनी का नाम एवं पता	सीआ□एन/ जीएलएन	होल्डिंग/ सहायक/ सहयोगी	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागू खंड
	————————लागू नहीं————————				

IV. शेयरधारिता पद्धति (कुल इक्विटी के प्रतिशत के अनुसार इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

क) श्रेणी-वार शेयरधारिता

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के प्रारंभ में धारित शेयरों की संख्या (1 अप्रैल, 2019 को)				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2020 को)				वर्ष के दौरान प्रतिशत बदलाव
	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	
क. प्रवर्तक									
(1) भारतीय									
क) व्यक्ति/एचयूएफ	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) केंद्र सरकार	-	100300000	100300000	50.15%	-	100300000	100300000	45.47%	(4.68%)
ग) राज्य सरकार	-	99700000	99700000	49.85%	-	120300000	120300000	54.53%	4.68%
घ) निकाय कॉर्पो.	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ड.) बैंक/एफ़आई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) कोई अन्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
प्रवर्तक की कुल शेयरधारिता (क)		**200000000**	**200000000**	**100%**		**220600000**	**220600000**	**100%**	**-**
ख. सार्वजनिक शेयरधारिता									
1. संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) म्युचुअल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक/एफ़आई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) केंद्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकार(रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ड.) उद्यम पूंजी फ़ंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफ़आईआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ज) विदेशी उद्यम पूंजी फ़ंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप-योग (ख) (1):	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2. गैर-संस्थानिक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) निकाय/ निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) व्यक्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	-

i) 1 लाख रुपए तक मामूली शेयधारिता रखने वाले शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) 1 लाख रुपए से अधिक की शेयरधारिता रखने वाले वाले शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ब) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(i) गैर–निवासी भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(ii) विदेशी कॉर्पोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(iii) विदेशी नागरिक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(iv) क्लियरिंग सदस्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(v) ट्रस्ट	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(vi) विदेशी निकाय / डीआर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप-योग (ख) (2):	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख)=(ख)(1)+ (ख)(2)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) जीडीआर एवं एडीआर के संरक्षण में धारित शेयर	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
कुल योग (क+ख+ग)	**-**	**200000000**	200000000	100%	-	220600000	220600000	100%	

ख) प्रवर्तकों की शेयरधारिता–

क्र. सं.	शेयरधारक का नाम	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			वर्ष के दौरान शेयरधारिता के प्रतिशत में परिवर्तन
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कंपनी के कुल शेयरों में गिरवी रखे हुए/भारग्रस्त शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कंपनी के कुल शेयरों में गिरवी रखे हुए/ भारग्रस्त शेयरों का प्रतिशत	
1.	केंद्र सरकार	100300000	50.15%	-	100300000	45.47%	-	4.68% ह्रास
2.	उत्तर प्रदेश सरकार	99700000	49.85%	-	120300000	54.53%	-	4.68% वृद्धि
	कुल	**200000000**	**100%**	**-**	**220600000**	**100%**	**-**	**-**

ग) प्रवर्तकों की शेयरधारिता में बदलाव:

क्र. सं.	शेयरधारक का नाम	वर्ष के प्रारंभ में (यानी 01.04.2019 को) शेयरधारिता		दिनांक	शेयरधारिता में वृद्धि/ह्रास		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1.	उत्तर प्रदेश सरकार	99700000	49.85%	27.01.2020 राइट इश्यू	20600000	4.68% वृद्धि	120300000	54.53%
2.	भारत सरकार	100300000	50.15%	-	-	4.68% ह्रास	100300000	45.47%
	कुल	**200000000**	**100%**	**-**	**20600000**	**-**	**220600000**	**100%**

घ) शीर्ष दस शेयरधारकों का शेयरधारिता प्रतिरूप:
(निदेशकों, प्रवर्तकों एवं जीडीआर तथा एडीआर धारकों को छोड़कर):

क्र. सं.	शीर्ष 10 शेयरधारकों में से प्रत्येक के लिए	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1.	वर्ष के प्रारंभ में	लागू नहीं			
2.	प्रवर्तकों की शेयरधारिता में वृद्धि/ह्रास का तिथिवार विवरण, कारण (जैसे कि आवंटन/अंतरण/बोनस/स्वेट इक्विटी आदि) सहित				
3.	वर्ष के अंत में				

ड.) निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता:

क्र. सं.	प्रत्येक निदेशक एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक की शेयरधारिता	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1.	वर्ष के प्रारंभ में	-	-	-	-
2.	प्रवर्तकों की शेयरधारिता में वृद्धि/ह्रास का तिथिवार विवरण, कारण (जैसे कि आवंटन/अंतरण/बोनस/स्वेट इक्विटी आदि) सहित	-	-	-	-
3.	वर्ष के अंत में	-	-	-	-

V) ऋणग्रस्तता

बकाया ब्याज़/उपार्जित लेकिन भुगतान के लिए देय नहीं, सहित कंपनी की ऋणग्रस्तता

विवरण	जमा राशि को छोड़कर प्रतिभूत ऋण	अप्रतिभूत ऋण	जमा राशि	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	शून्य	461205.00	शून्य	461205.00
ii) देय ब्याज़, जिसका भुगतान नहीं हुआ	शून्य	590.66	शून्य	540.67
iii) उपार्जित ब्याज़, लेकिन देय नहीं	शून्य	101.59	शून्य	101.59
कुल (i+ii+iii)	**शून्य**	**461847.26**	**शून्य**	**461847.26**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
वृद्धि	शून्य	1695.00	शून्य	1695.00
ह्रास	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निवल परिवर्तन	**शून्य**	**1695.00**	**शून्य**	**1695.00**
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	शून्य	462900.00	शून्य	462900.00
ii) देय ब्याज़, जिसका भुगतान नहीं हुआ	शून्य	1099.37	शून्य	1099.37
iii) उपार्जित ब्याज़, लेकिन देय नहीं	शून्य	213.35	शून्य	213.35
कुल (i+ii+iii)	**शून्य**	**464212.72**	**शून्य**	**464212.72**

VI) निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और/या प्रबंधक को पारिश्रमिक:

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंधक का नाम (राशि रूपए में)						कुल राशि
		प्रबंध निदेशक	पूर्णकालिक निदेशक (वित्त)	पूर्णकालिक निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना)	पूर्णकालिक निदेशक (चल स्टॉक एवं प्रणालियां-आरएस ऐंड एस)		पूर्णकालिक निदेशक (परिचालन)	
		कुमार केशव	अजय कांत रस्तोगी	संजय मिश्रा	महेंद्र कुमार (जून, 2019 तक)	अतुल कुमार गर्ग (दिसंबर, 2019 से)	सुशील कुमार	
1.	**सकल वेतन**							
क)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुरूप वेतन	4048644	4447934	4557310	1006899	1182348	4596766	19839901
ख)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	388153	367163	160422	440590	133475	201670	1691473

ग)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	-	-	-	-			
2.	**स्टॉक विकल्प**	-	-	-	-			
3.	**स्वेट इक्विटी**	-	-	-	-			-
4.	**कमीशन –लाभ का प्रतिशत, अन्य निर्दिष्ट करें**	-	-	-	-			-
5.	**अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें (भविष्य एवं अन्य निधियों, आनुतोषिक एवं समूह बीमा में अंशदान)**	380313	762930	7,16,626.00	100371	105701	702082	2768023
	कुल (क) रूपए	4817110	5578027	5434358	1547860	1421524	5500518	24299397
	अधिनियम के अनुसार सीमा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

ख. अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशक का नाम					कुल राशि
		-	-	-	-	-	-
1	स्वतंत्र निदेशक	-	-	-	-	-	-
	बोर्ड समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	-	-	-	-	-	-
	कमीशन	-	-	-	-	-	-
	अन्य, कृपया निर्दिष्ट करें	-	-	-	-	-	-
	कुल (1)	-	-	-	-	-	-
2	अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक						
	बोर्ड समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	-	-	-	-	-	-
	कमीशन	-	-	-	-	-	-
	अन्य, कृपया रीटनेरशिप शुल्क निर्दिष्ट करें–	-	-	-	-	-	-
	कुल (2)	-	-	-	-	-	-
	कुल (ख)=(1+2)	-	-	-	-	-	-
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	-	-	-	-	-	-
	अधिनियम के अनुसार कुल सीमा						

ग. **प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंधक को छोड़कर मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक**

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक			
		सीएस			कुल
1.	सकल वेतन				
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुरूप वेतन	19,82,315	-	-	19,82,315
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	5,57,642	-	-	5,57,642
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	-	-	-	-
2.	स्टॉक विकल्प	-	-	-	-
3.	स्वेट इक्विटी	-	-	-	-
4.	कमीशन	-	-	-	-
	लाभ के प्रतिशत के रूप में	-	-	-	-
	अन्य, निर्दिष्ट करें	-	-	-	-
5.	अन्य, निर्दिष्ट करें (भविष्य निधि एवं अन्य फ़ंड्स, आनुतोषिक एवं समूह बीमा में अंशदान)	2,06,955	-	-	2,06,955
	कुल	27,46,912	-	-	27,46,912

VII) जुर्माना/दंड/अपराधों का प्रशमनः

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए दंड/ जुर्माने/प्रशमन शुल्क का ब्यौरा	प्राधिकरण (आरडी/ एनसीएलटी/ न्यायालय)	दाखिल याचिका, यदि को हो तो (ब्यौरा दें)
क. कंपनी					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
प्रशमन	-	-	-	-	-
ख. निदेशक					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
प्रशमन	-	-	-	-	-
ग. अन्य चूककर्ता अधिकारी					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
प्रशमन	-	-	-	-	-

अनुलग्नक–2

दिलीप दीक्षित एंड कम्पनी
कंपनी सचिव

ईमेल आईडी : cs.delipdixit@gmail.com
संपर्क नं. : +91 8354980010

फ़ॉर्म संख्या एमआर–3

सचिवीय लेखापरीक्षक प्रतिवेदन 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए सचिवीय लेखापरीक्षक प्रतिवेदन

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में)

सेवा में,

सदस्यगण,
उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)
सीआईएनः U60300UP2013SGC060836
पंजीकृत कार्यालयः प्रशासनिक भवन,
गोमती नगर, निकट डॉ. अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन– 226010
ईमेलः cslmrcl@gmail.com

1. हमने **उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.** (यहां पर 'कंपनी' के तौर पर संदर्भित) द्वारा स्वीकार्य सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन तथा श्रेष्ठ निगमित पद्धतियों के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा संपन्न की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई, जिसने हमें निगमित संचालनों/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने तथा उनपर अपनी राय प्रकट करने का उपयुक्त आधार प्रदान किया।

2. हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. द्वारा रखी गई बहियों, दस्तावेज़ोंस कार्यवाही पुस्तिकाओं, प्रारूपों और जमा किए गए रिटर्नों तथा अन्य रेकॉर्डों की निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार जांच की है:
   i. अनुपालन की अपेक्षा वाले कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विभिन्न संबंधित अधिनियमों;
   ii. मेट्रो रेलवे (निर्माण कार्य) अधिनियम, 1978 और उसके नियमों;
   iii. मेट्रो (परिचालन एवं अनुरक्षण) अधिनियम, 2002 और उसके नियमों; और
   iv. कंपनी के ज्ञापन और अंतर्नियमों

3. कंपनी की बहियों, दस्तावेज़ों, कर्यवाही, पुस्तिकाओं, फ़ॉर्मों, जमा किए गए रिटर्नों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य रेकॉर्डों के सत्यापन तथा सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, हम एतद्वारा सूचित करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने **31 मार्च, 2020 को** समाप्त हुए वर्ष में शामिल लेखापरीक्षा अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध किए गए विभिन्न सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है:
   i. विभिन्न सावंधिक रजिस्टरों और दस्तावेज़ों का रख–रखाव और उसमें आवश्यक प्रविष्टियां करना;
   ii. कंपनियों के रजिस्ट्रार के पास फ़ाइल करने के लिए आवश्यक फ़ॉर्मों, रिटर्न, दस्तावेज़ों और संकल्पों;
   iii. कंपनी द्वारा अपने सदस्यों, लेखापरीक्षकों और रजिस्ट्रार को दस्तावेज़ भेजना;
   iv. निदेशक मंडल और निदेशकों की विभिन्न समितियों की बैठकों की सूचना देना;

v. निदेशकों और निदेशकों की सभी समितियों की बैठकों की सूचना देना;

vi. 30 सितंबर, 2019 को आयोजित वार्षिक आम बैठक की सूचना और संयोजन;

vii. बोर्ड की बैठक, समिति और सदस्यों की बैठक की कार्यवाही;

viii. निदेशक मंडल, निदेशकों की समिति, सदस्यों और सरकारी विभागों से जहां भी आवश्यक हो, अनुमोदन;

ix. निदेशक मंडल, निदेशकों की समितियों का गठन और निदेशकों की नियुक्ति और पुनःनियुक्ति;

x. निदेशकों और प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक को पारिश्रमिक का भुगतान;

xi. सांविधिक लेखापरीक्षकों, सचिवीय लेखापरीक्षकों और आंतरिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक;

xii. कंपनी के शेयरों, इश्यू और आवंटन शेयरों का हस्तांतरण;

xiii. कंपनी के अनुबंधों, पंजीकृत कार्यालय और नाम का प्रकाशन;

xiv. निदेशक मंडल की रिपोर्ट;

xv. कंपनी की निधियों का निवेश;

xvi. सामान्य तौर पर, अधिनियम के अन्य सभी लागू प्रावधानों और उसके तहत बने नियमों;

xvii. हमारी राय में, कंपनी ने, ज्ञापन और कंपनी के अंतर्नियमों में यथा निर्धारित उचित बोर्ड–प्रक्रियाओं और अनुपालन तंत्र का पालन किया है और ऊपर उल्लिखित सांविधिक प्रावधानों, अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, लागू सचिवीय मानकों, आदि का अनुपालन किया है।

4. हम आगे यह सूचित करते हैं:

i. निदेशकों ने अनुबंधों और व्यवस्थाओं में हितों और संबंधों, अन्य कंपनियों में शेयरधारित और निदेशक पदों और अन्य संस्थाओं में हितों के प्रकटन की अपेक्षाओं का अनुपालन किया है;

ii. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के विभिन्न प्रावधानों के तहत जहां भी आवश्यक हो, सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए हैं;

iii. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके तहत नियमों, विनियमों और दिशा–निर्देशों के अंतर्गत कंपनी के विरुद्ध कोई अभियोजन शुरू नहीं किया गया या कंपनी ने कोई 'कारण बताओ नोटिस' प्राप्त नहीं किया।

5. हम आगे यह सूचित करते हैं कि वर्ष के दौरान:

कंपनी की स्थिति राज्य (उत्तर प्रदेश) सरकार और केंद्र सरकार के बीच 50:50 संयुक्त उपक्रम के रूप में सरकारी कंपनी की बनी हुई है। साथ ही, हमारे विचार में कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 मेट्रो रेलवे (निर्माण कार्य) अधिनियम, 1978 और मेट्रो रेलवे (परिचालन एवं अनुरक्षण) अधिनियम, 2002 (कंपनी के विशिष्ट शासी अधिनियमों) के लागू प्रावधानों का नियमित तौर पर अनुपालन करती है।

i. निर्धारित स्तर तक अनुपालन की जांच के लिए कंपनी द्वारा रखे गए विभिन्न रेकॉर्डों की जांच की गई।

ii. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया और निदेशकों की नियुक्ति और पदत्याग कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। कंपनी ने सभी अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।

हम पुनः सूचित करते हैं कि लागू वित्तीय क़ानूनों, जैसे प्रत्यक्ष और परोक्ष कर क़ानूनों की मेरी लेखापरीक्षा के अंतर्गत पूर्णतयः समीक्षा नहीं की गई है क्योंकि यह सांविधिक लेखापरीक्षक और अन्य नामित कुशल प्रफ़ेशनल्स के दायरे में आती है।

हमने निम्नलिखित की स्वीकार्य धाराओं के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया द्वारा जारी सचिवीय मानकों;

(ii) इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानकों;

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने ऊपर वर्णित अधिनियम के प्रावधानों, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि का निम्नलिखित अवलोकनों के अधीन अनुपालन किया है:

स्वीकार्य क़ानूनों के संबंध में विशिष्ट अवलोकनों/लेखापरीक्षा अहर्ता, पूर्वधारण या प्रतिकूल टिप्पणियों पर रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न "अनुलग्नक क"(रिपोर्ट के अभिन्न भाग) में प्रदान की गई है।

हम आगे सूचित करते हैं कि

कंपनी का निदेशक मंडल, कार्यकारी निदेशकों, गैर–सरकारी निदेशकों के उचित संतुलन सहित विधिवत गठित है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल के गठन में हुए परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में और इस संबंध में संबंधित विनियामक निकाय और सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार किए गए।

बोर्ड की बैठकें आयोजित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिए, अधिकांश बैठकों की कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत नोट कम से कम सात दिन पूर्व भेजे गए और बैठक के पूर्व और बैठक में सार्थक प्रतिभागिता के लिए कार्यसूची के मदों पर अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने की प्रणाली मौजूद है।

विधिवत रिकॉर्ड और अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित बैठक की कार्यवाही के अनुसार, बोर्ड के निर्णय सर्वसम्मत थे और विचार में कोई मतभेद दर्ज नहीं किया गया है।

हम पुनः सूचित करते हैं कि स्वीकार्य क़ानूनों, नियमों, विनियमों और दिशा–निर्देशों की निगरानी और उनका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु कंपनी में कंपनी के आकार और परिचालन के अनुसार पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रियाएं विद्यमान हैं।

यूडीआ□एन: F006244B000661349
स्थान: लखनऊ
दिनांक: 04.09.2020

कृते **दिलीप दीक्षित ऐंड कंपनी**

हस्ताक्षर/–
दिलीप कुमार दीक्षित
एफ़सीएस संख्या. 6244
सीपी संख्या. 6770

अनुलग्नक–क

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 173 के प्रावधानों के अनुसार लेखापरीक्षा अवधि के दौरान वित्तीय वर्ष 2019–20 में लगातार आयोजित बोर्ड की दो बैठकों, विशेषरूप से 27 मार्च, 2019 को हुई 35वीं बोर्ड बैठक और 27 जुलाई, 2019 को हुई बोर्ड की 36वीं बैठक के बीच 120 (एक सौ बीस) दिनों से अधिक अंतराल का पाया गया।

2. यह देखा गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कुल 3 बोर्ड बैठकें हुईं। 36वीं बोर्ड बैठक 27 जुलाई, 2019 को; 37वीं बोर्ड बैठक, 30 सितंबर, 2019 को; 38वीं बोर्ड बैठक, 27 जनवरी, 2020 को।

3. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, श्रीमती झंझा त्रिपाठी (भारत सरकार की ओर नामिती निदेशक) (डीआईएनः 06859312), दिनांक 16.07.2019 तक निदेशक मंडल में एकमात्र महिला निदेशक थीं। तब से अभी तक कंपनी में किसी महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं हुई।

यूडीआ□एनः F006244B000661349
स्थानः लखनऊ
दिनांकः 04.09.2020

कृते **दिलीप दीक्षित ऐंड कंपनी**

हस्ताक्षर/–
दिलीप कुमार दीक्षित
एफ़सीएस संख्या. 6244
सीपी संख्या. 6770

अनुलग्नक–ख

दिलीप दीक्षित एंड कम्पनी
कंपनी सचिव

ईमेलः cs.delipdixit@gmail.com
संपर्क नं. +91 8354980010

सेवा में,

सदस्यगण,
उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)
सीआईएनः U60300UP2013SGC060836
पंजीकृत कार्यालयः प्रशासनिक भवन विपिन खंड,
गोमती नगर, निकट डॉ. अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन– 226010
ईमेलः cslmrcl@gmail.com

हमारा समदिनांकित प्रतिवेदन, इस पत्र के साथ पढ़ा जाना है।

1. सचिवीय रेकॉर्ड का अनुरक्षण, कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी ज़िम्मेदारी, हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर तैयार किए गए इन सचिवीय रेकॉर्डों पर एक राय प्रदर्शित करने की है।
2. हमने उन लेखापरीक्षा पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया, जो सचिवीय रेकॉर्डों की सामग्री की सत्यता के संबंध में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थीं। सचिवीय रेकॉर्डों में सही तथ्य प्रदर्शित किए गए हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर सत्यापन किया गया। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाएं और पद्धतियां हमारी राय को एक उचित आधार प्रदान करती हैं।
3. हमारी लेखापरीक्षा से संबंधित मामलों से संबंधित न होने पर, हमने कंपनी के वित्तीय रेकॉर्ड और लेखा बहियों की सत्यता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।
विवरण	कुल ब्लॉक				परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	1 अप्रैल, 2018 को	वर्धन/ समायोजन	कटौती/ समायोजन	31 मार्च, 2019 को	1 अप्रैल 2018 को	वर्धन/ समायोजन	वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 तक	31 मार्च, 2019 तक	31 मार्च, 2018 को
सॉफ़्टवेयर एवं लाइसेंस	174.54	594.45	-	768.99	97.88	-	89.45	187.33	581.67	76.65
भूमि के उपयोग का अधिकार*	3,737.89	911.56	-	4,649.45	244.65	-	109.79	354.44	4,295.01	3,493.24
कुल- चालू वर्ष	**3,912.43**	**1,506.01**	**-**	**5,418.44**	**342.53**	**-**	**199.23**	**541.76**	**4,876.68**	**3,569.89**
- पिछले वर्ष	**3,911.60**	**0.82**	**-**	**3,912.43**	**188.50**	**-**	**154.03**	**342.53**	**3,569.89**	**3,723.09**

*लीज़ संबंधी लेनदेन के मूल्यांकन हेतु व्यावहारिक प्रणालियों को अपनाया गया। तद्नुसार, पूर्व में इंड एएस 17 के अंतर्गत लीज़ के रूप में चिह्नित अनुबंधों पर ही इंड एएस 116 का प्रयोग किया गया।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 4- विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	1 अप्रैल, 2019 को	वर्ष के दौरान वर्धन/ समायोजन	कुल	वर्ष के दौरान पूंजीगत हुआ	31 मार्च, 2020 को
ईआरपी सॉफ़्टवेयर	-	-	-	-	-
वेबसाइट	-	-	-	-	-
कुल - (चालू वर्ष)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
- (पिछले वर्ष)	**565.45**	**(565.45)**	**-**	**-**	**-**

नोट 4- विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	1 अप्रैल, 2018 को	वर्ष के दौरान वर्धन/ समायोजन	कुल	वर्ष के दौरान पूंजीगत हुआ	31 मार्च, 2019 को
ईआरपी सॉफ़्टवेयर	554.31	(554.31)	-	-	-
वेबसाइट	**11.14**	**(11.14)**	**-**	**-**	**-**
कुल - (चालू वर्ष)	**565.45**	**(565.45)**	**-**	**-**	**-**
- (पिछले वर्ष)	**293.82**	**271.63**	**565.45**	**-**	**565.45**

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 5– अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
दीर्घकालीन		
विद्युत सुरक्षा जमा राशि	409.87	339.47
डीएफ़ओ हेतु सुरक्षा जमा राशि	8.17	8.17
जल–कल विभाग के पास सुरक्षा जमा राशि	11.00	11.00
अन्य सुरक्षा जमा राशि*	0.75	0.00
कुल	**429.79**	**358.65**

*अन्य सुरक्षा जमा राशि में, मेसर्स टॉरेंट पावर के पास सुरक्षित 72000 रुपए और मेसर्स सूरज इंडेन के पास सुरक्षित 3400 रुपए की राशियां शामिल हैं।

नोट 6– मालसूची

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
खुले कलपुर्ज़े एवं उपकरण	7.78	7.78
कुल	7.78	7.78

नोट 7 – व्यापार प्राप्य

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
व्यापार प्राप्य		
असुरक्षित– ठीक समझे गए	361.59	202.95
असुरक्षित– संदेहास्पद समझे गए		-
घटाएं: बुरे एवं संदेहास्पद प्राप्यों के लिए प्रावधान		-
कुल	**361.59**	**202.95**

नोट 8– नकदी एवं नकदी समतुल्य

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
(i) बैंक में चालू खातों में शेष	26055.81	1,424.12
(ii) बैंकों में एफ़डीआर, स्वीप/एमओडी खातों में शेष		
(क) 3 महीनों के अंदर मैच्योर होने वाले एफ़डीआर, स्वीप/एमओडी खाते	32562.97	65,000.00
(ख) 3 महीनों के बाद परंतु 1 वर्ष से पहले मैच्योर होने वाले एफ़डीआर, स्वीप/एमओडी खाते	20639.32	60,155.70
कुल योग	**79,258.10**	**1,26,579.82**

नोट 9– अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
अल्पकालीन		
एफ़डीआर, स्वीप/एमओडी खातों पर प्रोद्भूत ब्याज़	879₹80	1374₹32
लीज़ किराया प्रतिभूति	10₹21	15₹46
कुल	**890₹01**	**1389₹79**

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 10– चालू कर परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
स्रोत पर कर कटौती	71.46	25.85
कुल	**71.46**	**25.85**

नोट 11– अन्य चालू परिसंपत्तियां

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
चालू		
ठेकेदारों को दी गई अग्रिम राशि		
– मोबीलाइज़ेशन हेतु दी गई अग्रिम राशि	3797.57	609.90
– अन्य अग्रिम राशियां*	7.82	886.04
इनपुट जीएसटी#	155.91	84.65
आस्थगित परिसंपत्तियां– नॉन फ़ेयर–बॉक्स रेवेन्यू	169.13	-
1 साल के बाद मैच्योर होने वाले एफ़डीआर, स्वीप/एमओडी अकाउंट	291.20	212.60
अन्य चालू परिसंपत्तियां**	312.43	66.59
कुल	**4734.06**	**1859.78**

*अन्य अग्रिम राशियों में प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो, मेरठ मेट्रो, वाराणसी मेट्रो हेतु 7.82 लाख रुपए की राशि शामिल है। (पिछले वर्ष यह राशि 886.04 लाख रुपए थी, जिसमें, कानपुर मेट्रो, आगरा मेट्रो, प्रयागराज मेट्रो, गोरखपुर मेट्रो, मेरठ मेट्रो और वाराणसी मेट्रो हेतु व्यय राशियां शामिल थीं।)

**अन्य चालू परिसंपत्तियों में शामिल हैं; अग्रिम रूप से दिए गए स्थाई अग्रदाय (इम्प्रेस्ट), अस्थाई अग्रदाय, पूर्वदत्त व्यय, बिजली विभाग को दी गई अग्रिम राशि, अपील के अंतर्गत भुगतान किए गए कर (पि.व.– पूर्वदत्त व्यय, कर्मचारी को दी गई अस्थाई अग्रिम राशि, स्टेशन अग्रदाय)।

इनपुट जीएसटी में कैश लेजर का बैलेंग, जीएसटी के साथ इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर, रीफ़ंड किया जा सकने वाला जीएसटी और इनपुट जीएसटी शामिल होता है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 12- शेयर पूंजी

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
	शेयरों की संख्या	राशि (लाख रूपए में)	शेयरों की संख्या	राशि (लाख रूपए में)
अधिकृत पूंजी				
100 रुपए प्रति शेयर की दर से इक्विटी शेयर	10,000.00	10,00,000.00	2,000.00	2,00,000.00
	10,000.00	10,00,000.00	2,000.00	2,00,000.00
निर्गत, अभिदत्त और प्रदत्त				
100 रुपए प्रति शेयर की दर के इक्विटी शेयर पूर्णतयः प्रदत्त	2,206.00	2,20,600.00	2,000.00	2,00,000.00
कुल	2,206.00	2,20,600.00	2,000.00	2,00,000.00
(क) प्रतिवेदित अवधि के प्रारंभ और अंत में शेयरों की संख्या और बकाया राशि का मिलान				
विवरण	**शेयरों की संख्या**	**राशि (लाख रूपए में)**	**शेयरों की संख्या**	**राशि (लाख रूपए में)**
वर्ष के प्रारंभ में बकाया शेयर	2,000.00	2,00,000.00	1,581.65	1,58,165.00
वर्ष के दौरान जारी शेयर नया निर्गम	206.00	20,600.00	418.35	41,835.00
वर्ष के अंत में बकाया शेयर	2,206.00	2,20,600.00	2,000.00	2,00,000.00
(ख) 5% शेयरों से अधिक शेयर धारित करने वाले प्रत्येक शेयरधारक के शेयरों की जानकारी				
शेयरधारक का नाम	**शेयरों की संख्या**	**राशि (लाख रूपए में)**	**शेयरों की संख्या**	**राशि (लाख रूपए में)**
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल	1,202.95	54.53%	996.95	49.85%
भारत के राष्ट्रपति	1,003.00	45.47%	1,003.00	50.15%

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 13 – अन्य इक्विटी

(लाख रुपए में)

विवरण	आवंटन हेतु लंबित शेयर आवेदन राशि	आरक्षित और अधिशेष	पूंजीगत अनुदान	मौद्रिक अनुदान	वर्णित लाभकारी योजनाओं पर अन्य व्यापक आय	कुल
		प्रतिधारित आय	गैर-मौद्रिक अनुदान	आस्थगित अनुदान		
31/03/2018 को बैलेंस	**31,627.00**	**(6,859.38)**	**19,034.84**	**-**	**(265.90)**	**43,536.56**
उचित मूल्य समायोजन– गैर–मौद्रिक अनुदान		-	1,021.70			1,021.70
गैर–मौद्रिक अनुदान का परिशोधन			-			-
वर्ष का लाभ		(7,555.98)				(7,555.98)
अन्य व्यापक आय		-			344.82	344.82
उचित मूल्य समायोजन		(3.47)				(3.47)
प्राप्त हुई शेयर आवेदन राशि	14,308.00					14,308.00
जारी की गई इक्विटी शेयर पूंजी	(41,835.00)					(41,835.00)
गैर–चालू देयताओं में अंतरित						-
चालू देयताओं में अंतरित			(4,264.80)			(4,264.80)
कार्यशील पूंजी में अंतरित			(14,770.04)	-		(14,770.04)
31 मार्च, 2019 को बैलेंस	**4,100.00**	**(14,418.83)**	**1,021.70**	**-**	**78.92**	**(9,218.21)**
उचित मूल्य समायोजन– गैर मौद्रिक अनुदान			(287.19)			(287.19)
गैर–मौद्रिक अनुदान का परिशोधन						-
वर्ष का लाभ		(25,151.23)				(25,151.23)
अन्य व्यापक आय					124.38	124.38
उचित मूल्य समायोजन						-
प्राप्त हुई शेयर आवेदन राशि (कानपुर परियोजना)	15,311.00					15,311.00
प्राप्त हुई शेयर आवेदन राशि (आगरा परियोजना)	5,783.00					5,783.00
जारी की गई इक्विटी शेयर पूंजी	(600.00)					(600.00)
बचत में अंतरित	(3,500.00)					(3,500.00)
गैर–चालू देयताओं में अंतरित						-
चालू देयताओं में अंतरित						-
कार्यशील पूंजी में अंतरित				-		-
31 मार्च, 2020 को बैलेंस	**21,094.00**	**(39,570.06)**	**734.52**	**-**	**203.29**	**(17,538.24)**

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 14– उधार

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त अधीनस्थ ऋण (ब्याज़ मुक्त और अप्रतिभूत)				
केंद्रीय करों के लिए	44,900.00		44,900.00	
भूमि हेतु	38,100.00	83,000.00	36,405.00	81,305.00
भारत सरकार से प्राप्त अधीनस्थ ऋण (ब्याज़ मुक्त और अप्रतिभूत)				
केंद्रीय करों के लिए	29,700.00	29,700.00	29,700.00	29,700.00
भारत सरकार द्वारा □रोपियन इनवेस्टमेंट बैंक से प्राप्त ब्याज़ सहित ऋण	**3,50,200.00**	**3,50,200.00**	**3,50,200.00**	**3,50,200.00**
कुल		**4,62,900.00**		**4,61,205.00**

व्याख्यात्मक टिप्पणियां :

1. भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया ऋण/अधीनस्थ ऋण, उन्हीं नियमों एवं शर्तों पर है, जिन पर ऐसे ऋण, अन्य मेट्रो परियोजनाओं को प्रदान किए जाते हैं और इसलिए ये उचित मूल्य पर माने गए हैं।
2. भारत सरकार के माध्यम से ईआईबी से ब्याज़ सहित ऋण, संवितरण की तिथि से 4 वर्ष की अधिस्थगन अवधि समाप्त होने के बाद 16 वर्ष (समान छमाही किस्तों) में चुकाया जा सकता है।
3. भारत सरकार से प्राप्त ब्याज़ रहित अधीनस्थ ऋण, पीटीए के माध्यम से ईआईबी से लिए गए ब्याज़ सहित ऋण की अदायगी के बाद देय है।
4. उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त ब्याज़ रहित अधीनस्थ ऋण, ईआईबी से लिए गए ब्याज़ सहित ऋण की पीटीए के माध्यम से अदायगी के बाद, समान राशि की 10 सालाना किस्तों में देय है।
5. यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के लिए दो ट्रेंचों (ट्रेंच ए में 200 मिलियन यूरो और ट्रेंच बी में 250 मिलियन यूरो) में 450 मिलियन यूरो, प्रतिपूर्ति के आधार पर मंजूर किए हैं। 30.03.2016 और 30.03.2017 के वित्त समझौते के अनुसार, 20 वर्ष की चुकौती की अवधि (4 वर्ष की अनुग्रह अवधि सहित) सहित 100 मिलियन यूरो (ट्रेंच ए के पहले भाग) पर 0.287% यूरीबोर, 100 मिलियन यूरो (ट्रेंच ए के दूसरे भाग) पर 0.161% यूरीबोर और 100मिलियन यूरो (ट्रेंच बी के पहले भाग) पर 0.195% यूरीबोर की ब्याज़पर 300 मिलियन यूरो का संवितरण किया गया है। भारत सरकार द्वारा निकासी सहायता (पीटीए) के रूप में सकल बजटीय संसाधानों के माध्यम से यूपीएमआरसी को पीआईबी से बाहरी ऋण उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार ने 31.03.2019 तक ईआईबी ऋण में निकासी सहायता के माध्यम से कंपनी को 3,50,200.00 लाख रुपए (पि.वि. 1,82,200.00 लाख रुपए) जारी किए हैं। ईआईबी ऋण, संप्रभु ऋण है और इसलिए भारत सरकार निष्पादन के लिए निकासी सहायता का प्रबंध कर रही है। 31 मार्च, 2019 तक प्राप्त 350200.00 लाख रुपए के पीटीए को दीर्घकालिक उधारियों के तहत अप्रतिभूत ऋण के तौर पर दिखाया गया है। चुकौती अनुसूची के अनुसार कंपनी ने ब्याज़ के लिए 399.73 लाख रुपए (पि.व. 259.04 लाख रुपए) का प्रावधान किया है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.

(पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.)

वित्तीय विवरणों की भाग रूपी टिप्पणियां

नोट 15– अन्य वित्तीय देयताएं

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
दीर्घकालीन		
प्रदर्शन की गारंटी/सुरक्षा जमा राशि प्राप्त	852.31	516.15
ईआईबी ऋण पर ब्याज़	1,312.72	692.25
लीज़ की देयता (30(i) का संदर्भ ग्रहण करें)	33.15	
कुल	**2,198.18**	**1,208.41**

नोट 16– प्रावधान

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
दीर्घकालीन		
कर्मचारी हितलाभ के लिए		
छुट्टी का नकदीकरण	1,010.61	605.78
आनुतोषिक	24.21	
कुल	**1,034.82**	**605.78**

नोट 17– अन्य गैर–चालू देयताऐं

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
गैर–चालू		
सरकारी अनुदान	45,846.00	47,232.55
कुल	**45,846.00**	**47,232.55**

नोट 18– व्यापार देय

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
सूक्ष्म और लघु स्तर के औद्योगिक उपक्रम(मों) के कुल बकाया देय (30 दिनों से अधिक से देय, शून्य रुपए)		-
मध्यम स्तर के औद्योगिक उपक्रम (मों0 के कुल बकाया देय (30 दिनों से अधिक से देय, शून्य रुपए)		-
यात्रा भत्ता देय		-
व्यावसायिक और अन्य सेवाएं देय		20.46
व्यय के विविध लेनदार		803.39
कुल	**1,386.43**	**823.85**

नोट 19– अन्य वित्तीय देयताएं

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
अल्पकालीन		
जमाराशियां/ठेकेदारों एवं अन्य से प्रतिधारण राशि	2,663.26	7,354.14
कार्यशील पूंजी एवं पूंजीगत वस्तुओं के लेनदार		20,225.65
लीज़ की देयता (नोट 30 (प) का संदर्भ ग्रहण करें)	0.32	-
कुल	**14,352.26**	**27,579.79**

नोट 20– अन्य चालू देयताएं (लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
चालू		
देय शुल्क एवं कर	820.93	1,495.02
कर्मचारियों के देय	329.31	252.68
ग्राहकों से ली गई अग्रिम राशि	218.48	285.00
ग्राहकों से ली गई सुरक्षा जमा राशि	132.32	57.33
भूमि के बदले देयता (बार्टर)#	4,141.67	6,868.52
अन्य जमा राशियां	3,500.00	-
कुल	**9,142.71**	**8,958.55**

#बार्टर के अंतर्गत आने वाली भूमि के उपयुक्त मूल्यांकन के लिए, परियोजना (कर्मचारी आवास) के पूर्ण होने पर अनुमानित लागत का वहन किया जाएगा।

नोट 21– प्रावधान (लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
अल्पकालीन		
कर्मचारी हितलाभ के लिए		
छुट्टी नकदीकरण	20.09	21.91
आनुतोषिक	3.06	
अन्य*	1,361.11	1,534.41
कुल (क+ख)	**1,384.26**	**1,556.33**

*अन्य में सीमा शुल्क प्रतिपूर्ति, आनुतोषिक के अंशदान, पेंशन के अंशदान के प्रावधान इत्यादि शामिल हैं।

नोट 22– परिचालन से राजस्व (लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू (राजस्व)	5,473.31	1,079.96
नॉन फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू (राजस्व)	1,278.97	424.05
कुल	**6,752.27**	**1,504.00**

नोट 23– अन्य आय (लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
अन्य आयः		
विविध आय	688.03	713.40
ब्याज़ से आयः		
मियादी जमा राशियां/एफ़डीआर	5245.40	7,365.83
फ़्लेक्सी डिपॉज़िट	96.64	129.01
ई नेट खाते पर ब्याज़	347.97	477.22
आस्थगित राजस्व अनुदान	1673.74	695.06
उचित मूल्य समायोजन	11.12	5.62
कुल	**8,062.89**	**9,386.14**

नोट 24– परिचालन पर व्यय

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
सुरक्षा व्यय	1521.46	702.95
विद्युत प्रबंधन पर व्यय	3677.57	1,442.56
उपकरणों के संचालन एवं अनुरक्षण पर व्यय	548.10	57.36
हाउसकीपिंग पर व्यय	504.64	298.43
मेट्रो डिपो के संचालन एवं अनुरक्षण पर व्यय	89.52	70.18
स्टेशनों के संचालन एवं अनुरक्षण पर व्यय	391.86	218.34
भंडारण एवं उपभोग्य वस्तुओं पर व्यय	21.69	9.57
बीमा पर व्यय	20.40	14.24
कुल	**6,775.24**	**2,813.63**

नोट 25– कर्मचारी हितलाभ व्यय

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
वेतन भत्ते एवं अन्य लाभ	5670.22	4,013.01
भविष्य निधि एवं पेंशन योजना में अंशदान	573.50	452.27
छुट्टी नकदीकरण पर व्यय	465.41	346.93
आनुतोषिक में अंशदान	163.44	109.79
कुल	**6,872.57**	**4,922.00**

नोट 26– वित्त लागत

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
बैंक द्वारा लगाए गए प्रभार	0.58	2.25
ईआईबी ऋण पर ब्याज़	625.42	209.21
कुल	**626.00**	**211.46**

नोट 27– मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
वर्ष के लिए मूल्यह्रास/परिशोधन		
क) मूर्त परिसंपत्तियां	24210.25	8,383.11
ख) अमूर्त परिसंपत्तियां	286.25	199.23
कुल	**24,496.50**	**8,582.34**

नोट 28– अन्य व्यय

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी पर व्यय	61.39	60.63
कंप्यूटरों के संचालन एवं अनुरक्षण पर व्यय	47.46	100.52
टेलिफ़ोन, इंटरनेट और संचार पर होने वाले व्यय	91.00	57.95
पुस्तकों, आविधिक प्रकाशनों, समाचार पत्रों एवं मैगज़ीन्स पर होने वाले व्यय	0.65	0.73
लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक	3.80	3.79
विज्ञापन एवं प्रचार पर व्यय	141.26	144.09
कार्यालय संचालन एवं अनुरक्षण पर व्यय	39.18	30.25
कार्यालय की आपूर्तियों एवं उपयोगिताओं पर व्यय	3.23	22.16
डाक एवं कोरियर पर व्यय	1.29	0.85
विविध व्यय	0.23	0.85
यात्रा एवं वाहन पर व्यय	162.41	186.93
प्रशिक्षण एवं भर्तियों पर व्यय	11.41	692.10
आतिथ्य एवं रिफ़्रेशमेंट पर व्यय	76.55	94.32
आउटसोर्सिंग और जॉब वर्क पर व्यय	172.78	156.14
सांविधिक व्यय	3.54	0.19
सेमिनार, समारोह, सम्मेलन पर व्यय	102.62	151.97
कमीशन एवं ब्रोकरेज	0.73	0.49
लाइसेंस, विधिक एवं अन्य व्यय	18.88	11.81
व्यावसायिक एवं अन्य सेवाएं	183.81	151.39
किराया, दरें एवं कर	61.01	45.16
अतिथि गृह पर व्यय	0.47	-
परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार पर ब्याज़ व्यय	2.70	-
उचित मूल्य समायोजन	8.18	4.22
विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव का प्रभाव	1.49	0.13
कुल	**1,196.08**	**1,916.68**

लेखाओं पर टिप्पणियां

नोट संख्या 29 कंपनी सूचना एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

29.1 कॉर्पोरेट सूचना

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.) ('कंपनी' के तौर पर संदर्भित) भारत में अधिवासी है एंव भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की 50:50 इक्विटी भागीदारी के साथ निगमित (CIN: U603000P20135GCO60836) है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय प्रशासनिक भवन, गोमती नगर लखनऊ में स्थित है।

लखनऊ शहर में मेट्रो रेल द्वारा व्यापक तीव्र परिवहन प्रणाली (एमआरटीएस) के निष्पादन हेतु 25 नवंबर, 2013 को विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में इसका गठन किया गया। कंपनी ने सफलतापूर्वक, लखनऊ मेट्रो के फ़ेज़ 1–ए, उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर का समयबद्ध क्रियान्वयन किया और 8 मार्च, 2019 को संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर (चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट एवं मुंशीपुलिया के बीच) पर वाणिज्यिक सेवाओं का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त, सरकार ने कंपनी को उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में आगामी मेट्रो परियोजनाओं के क्रियान्वयन का कार्यभार सौंपा। अतएव, कंपनी को पुनर्गठित करते हुए, 23 अक्टूबर, 2019 को कंपनी का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. कर दिया गया। वर्तमान में कंपनी, लखनऊ में मेट्रो सेवाओं के परिचालन के साथ–साथ कानपुर (32.385 किमी.) और आगरा (30.45 किमी.) में मेट्रो परियोजनाओं का निर्माण कर रही है।

29.2 महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां:

कंपनी द्वारा, वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए लागू की गईं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का विवरण निम्नवत है। इस तरह की लेखांकन नीतियों को इन वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों पर लगातार लागू किया गया है, जब तक कि अन्यथा संकेत न दिया गया हो।

क) अनुपालन का कथन

कंपनी के वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों ('इंड एएस' के रूप में संदर्भित), यथासंशोधित कंपनी नियमों (भारतीय लेखांकन मानक) के साथ पठित, अधिनियम में निर्दिष्ट अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

ख) वित्तीय विवरणों को तैयार करने का आधार

वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत परंपरा के तहत प्रोद्भूत आधार पर कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं/देनदारियों, जिनका इंड एएस द्वारा उचित मूल्य पर क्रियान्वयन किया जाना होता है, उन्हें छोड़कर तैयार किए गए हैं। उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त किया जाएगा या जिसका माप तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेनदेन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा। वित्तीय विवरण भारतीय रुपये (INR) में तैयार किए गए हैं, जो कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भी है।

ग) अनुमानों एवं महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णयों का प्रयोग

वित्तीय वक्तव्यों की तैयारी में, कंपनी ऐसे परिसंपत्तियों और देनदारियों के मूल्यों के बारे में निर्णय, अनुमान और धारणा बनाती है, जो अन्य स्रोतों से आसानी से स्पष्ट नहीं होते हैं। अनुमान और संबंधित धारणाएं पुराने अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित हैं, जिन्हें प्रासंगिक माना जाता है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। अनुमानों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और लेखांकन अनुमान में संशोधन उस अवधि में मान्य किए जाते हैं, जिसमें अनुमान संशोधित किए जाते हैं और भविष्य की अवधि प्रभावित होती है। वित्तीय वक्तव्यों की तिथि में अनिश्चितता के आकलन का मुख्य स्रोत, जो अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों और देनदारियों की मात्रा को समायोजित करने का कारण हो सकता है; वह, हानि, संपत्ति के उपयोगी जीवन, संयंत्र एंव

उपकरण, अमूर्त परिसंपत्तियों, आस्थगित कर परिसंपत्तियों के मूल्यांकन, प्रावधानों एवं आकस्मिक देनदारियों, वित्तीय उपकरणों के उचित मूल्यांकन एवं सेवानिवृत्ति लाभ दायित्वों के संदर्भ में है, जिनकी निम्नलिखित अनुच्छेदों के अंतर्गत चर्चा हुई है।

कोविड–19 से संबंधित अनिश्चितताओं का अनुमान

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोविड–19 की वैश्विक महामारी की घोषणा के बाद, भारत सरकार ने संक्रमण की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिस क्रम में देशव्यापी लॉकडाउन लगाया गया और साथ ही, आर्थिक गतिविधियों पर पाबंदियां लगाई गईं। लॉकडाउन के मद्देनज़र, कंपनी के परिचालनों को भी स्थगित किया गया। कोविड–19 के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने संपत्तियों, संयंत्रों एवं उपकरणों की क़ीमत, परिसंपत्तियों के उपयोग, अमूर्त परिसंपत्तियों, मालसूची, व्यापार प्राप्यों, निवेशों एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों का आकलन किया। इन परिसंपत्तियों के वसूली मूल्य के आकलन में, कंपनी ने विभिन्न आंतरिक एवं बाह्य जानकारियों जैसे कि स्थापित दीर्घकालीन व्यवस्थाओं, दीर्घकालीन व्यावसायिक योजनाओं, नकदी प्रवाह की भविष्यवाणियों एवं आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ीं अन्य आशंकित भावी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखा। इन परिसंपत्तियों की पुनःप्राप्ति के संबंध में कंपनी के हालिया आकलन के अनुसार, दर्ज हुई हानि के अतिरिक्त, इन परिसंपत्तियों के वर्तमान मूल्यों पर किसी भी तरह का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने का अनुमान नहीं है। वैश्विक स्वास्थ्य महामारी के प्रभाव का अंतिम परिणाम उन अनुमानों से अलग हो सकता है, जो इन वित्तीय विवरणों की स्वीकृति की तिथि के बाद के हैं और कंपनी लगातार परिस्थिति की निगरानी कर रही है, जिसमें भविष्य की आर्थिक स्थितियों में भौतिक परिवर्तन और कंपनी के वित्तीय विवरणों पर पड़ने वाले प्रभावी परिणाम शामिल हैं।

घ) वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्यांकन

जब बैलेंस शीट में दर्ज वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देनदारियों का उचित मूल्य सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर नहीं मापा जा सकता हो तो उनका उचित मूल्य डिस्काउंटेड कैश फ़्लो मॉडल सहित मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करके मापा जाता है। इन मॉडलों के लिए इनपुट प्रत्यक्ष बाज़ारों से लिए गए हैं, लेकिन जहां पर यह संभव नहीं होता, वहां पर उचित मूल्य के निर्धारण हेतु एक सीमा तक निर्णयशीलता की आवश्यकता होती है। निर्णयों में तरलता जोख़िम, क्रेडिट जोख़िम और अस्थिरता जैसे इनपुट के विचार शामिल हैं। इन कारकों के बारे में मान्यताओं में बदलाव से वित्तीय साधनों के प्रतिवेदन में उचित मूल्य प्रभावित हो सकता है।

ङ) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

i. संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी वस्तु को परिसंपत्ति तभी समझा जा सकता है, जब यह संभावना हो कि वस्तु से जुड़े भावी आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और उसकी क़ीमत विश्वस्तरूप से आंकी जा सकती हो। यह मान्यता सिद्धांत, शुरुआती तौर पर संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी वस्तु के अधिग्रहण पर खर्च हुई लागत पर लागू होता है और साथ ही, इनकी देखरेख, कलपुर्ज़ों इत्यादि में बदलाव और अतिरिक्त ख़रीद पर होने वाली लागत पर लागू होता है। सुधार एवं अनुरक्षण की अन्य सभी लागतों, जिनमें नियमित देखरेख भी शामिल है, उन्हें होने वाली लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है। जब कोई भी बदलाव होता है, तो बदले हुए कलपुर्ज़े या हिस्से की लागत को संज्ञान में नहीं लिया जाता। जहां पर, संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी वस्तु में कई बड़े अवयव शामिल होते हैं और उनकी उपयोग आयु सीमा भिन्न होती हैं, वहां पर अवयवों को एक पृथक वस्तु के रूप में गिना जाता है। संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का विवरण, इंड एएस में अंतरण पर लागू लागत या मानित लागत के साथ उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें से सन्निहित मूल्यह्रास एवं हानि को घटा दिया जाता है। लागत में, परिसंपत्ति को प्रचालन की स्थिति तक एवं उपयोग के स्थान तक लाने में लगे सभी प्रत्यक्ष लागतों एवं व्यय को शामिल किया जाता है। ट्रायल रन के व्यय (राजस्व के निवल) को पूंजीकृत किया जाता है। निर्माण के दौरान वहन की गई उधार की लागत को योग्य परिसंपत्ति के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

ii. यात्रियों के सार्वजनिक वहन हेतु खोले जाने वाले नए खंड के लिए परिसंपत्तियों का पूंजीकरण कंपनी में परिभाषित मानक परिचालन प्रक्रियाओं, प्रशासनिक औपचारिकताओं के अनुसार सभी प्रकार से इसकी पूर्णता सुनिश्चित करने और ऐसे खंड को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने के लिए मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अनिवार्य निर्धारित अपेक्षाओं के अनुपालन के बाद किया जाता है। प्रयोग में लाईं जाने वाली परिसंपत्तियों, जहां ठेकेदारों के बिलों का अंतिम समाधान अभी किया जाना है, के मामले में अंतिम समाधान के वर्ष में आवश्यक समायोजन के अधीन अस्थायी आधार पर पूंजीकरण किया जाता है।

iii. जबकि, कार्यशील पूंजी में शामिल कोई भी व्यय/आगामी लागत, जिसे एक परिसंपत्ति विशेष को प्रयोग में लाते समय विश्वस्त रूप से आंका नहीं जा सकता, उन्हें इंड एएस 16 के अनुसार विश्वस्त रूप से सुनिश्चित किए जाने के बाद ही मान्यता दी जाती है।

iv. स्टेशन प्रवेश और निकास के निर्माण की अनुमतियों के लिए विभिन्न भूस्वामी एजेंसियों को किए गए भुगतान को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में पूंजीकृत और परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर परिशोधित किया गया है।

v. प्रमुख निरीक्षण, मरम्मत और संपत्ति, संयंत्रण एवं उपकरण के किसी मद के हिस्से को बदलने पर व्यय को पूंजीकृत किया जाएगा, यदि यह संभव हो कि इसमें सन्निहित भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्रवाहित होंगे और इसकी लागत विश्वसनीय तौर पर मापी जा सके।

vi. संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के किसी मद के निपटान पर लाभ और हानि का निर्धारण, मद की वहन राशि के निपटान से प्राप्त आय से तुलना करके किया जाता है एवं लाभ और हानि के विवरण में निवल के रूप में मान्य किया जाता है।

vii. परियोजना के एक से अधिक संभागों में प्रयुक्त परिसंपत्तियों एवं प्रणालियों का पूंजीकरण तकनीकी अनुमान/आकलन के आधार पर होता है।

च) अमूर्त परिसंपत्तियां

सॉफ़्टवेयर की लागत और भूमि उपभोग के अधिकार को तुलन–पत्र में अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में शामिल किया जाता है, जब यह प्रायिकता होती है कि इनसे संबद्ध भावी आर्थिक लाभ, कंपनी को मिलेंगे। इस स्थिति में, इन्हें अधिग्रहण की लागत पर मापा जाता है और फिर उनकी अनुमानित उपयोग आयु के दौरान सीधे तौर पर परिशोधित किया जाता है। अन्य सभी लागतों को उनके वहन के समय के अनुसार, लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया गया है। शोध गतिविधियों पर होने वाले व्यय को उस अवधि में शामिल किया गया है, जिसमें उनका व्यय हुआ है। प्राथमिक मान्यता के बाद, निश्चित उपयोग आयु वाली अमूर्त परिसंपत्तियों का विवरण इंड एएस में अंतरण पर लागू लागत या मानित लागत के साथ उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें से सन्निहित परिशोधन एवं क्षति से हुई हानि को घटा दिया जाता है।

छ) कार्यशील पूंजी में शामिल होता है:

i. पूंजीगत परिसंपत्तियों, जो निर्माणाधीन हैं और ऐच्छिक उपयोग हेतु तैयार नहीं हैं, की लागत में परियोजना/परिसंपत्ति के लिए प्रत्यक्षतः आरोप्य, अन्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्यय शामिल हैं।

ii. परियोजनाओं हेतु प्रत्यक्ष रूप से आरोप्य प्रशासनिक, अप्रत्यक्ष और सामान्य ऊपरी खर्चों (निवल आय) को पूंजीकृत परिसंपत्तियों के अनुपात में आवंटित किया जाता है।

iii. निर्माण अवधि से संबंधित राशियों जैसे मूल्य भिन्नता, अंतिम जुर्माने (इक्विटी, ब्याज़ मुक्त अधीनस्थ ऋण और अनुदान द्वारा प्राप्त धन के अस्थायी नियोजन से प्राप्त ब्याज़ के अलावा) इत्यादि का निर्माण के दौरान व्यय से समायोजन किया जाता है।

क्र.सं.	परिसंपत्तियां	उपयोगी जीवन (वर्षों में)
A.	चल स्टॉक (रोलिंग स्टॉक)	30
A1	चल स्टॉक के घटक– विद्युत आपूर्ति, सहायक उपकरण, ब्रेक, वातानुकूलन प्रणाली, इंटीरियर्स, बोर्ड नियंत्रण, उद्घोषणा एवं सीसीटीवी प्रणाली	18
B	एस्कलेटर्स	30
B1	एस्कलेटर्स के घटक– हैंडरेल	7
B2	एस्कलेटर्स के घटक– स्टेप और चेन रोलर, रिले, टाइमर एवं नियंत्रण गियर	8
B3	एस्कलेटर्स के घटक– शेष घटक	15
C	एलिवेटर्स	30
C1	एलिवेटर्स के घटक– ट्रैक्शन मशीन/मोटर, गवर्नर, ऐंटी–क्रीप डिवाइस	20
C2	एलिवेटर्स के घटक– सुरक्षा गियर रस्सी, होइस्टिंग चेन/रोप	8
C3	एलिवेटर्स के घटक– कॉन्टैक्टर्स, रिलेज़	10
C4	एलिवेटर्स के घटक– शेष घटक	30
D	एएफ़सी के घटक	
D1	सीएससी (कॉन्टैक्टलेस स्मार्ट कार्ड)	7
D2	सीएसटी (कॉन्टैक्टलेस स्मार्ट टोकन)	5
D3	शेष घटक	10
E	मोबाइल हैंडसेट	3
F	संकेत चिह्न/बोर्ड (साइनेज)	2
G	ट्यूबवेल्स	15

iv. मूल्य भिन्नता सहित दावों का लेखांकन, अनुमोदन एवं स्वीकृति पर किया जाता है। तरल क्षति का लेखांकन, अंतिम बिल के निपटान पर किया जाता है।

v. कार्यशील पूंजी में, व्यय और उसके बाद की लागतें शामिल होती हैं, जिनका परिसंपत्तियों को उपयोग में लाने के समय विश्वस्त रूप से पता नहीं लगाया जा सकता और उनका पूंजीकरण तब होता है, जब लागतों का विश्वस्त रूप से पता लगा लिया जाता है।

ज) निर्माण के दौरान ब्याज़ आवंटन

वर्ष के दौरान शुरू की गईं अर्हक परिसंपत्तियों के संबंध में निर्माण के दौरान ब्याज़ (आईडीसी) का आवंटन चालू किए जाने वाले महीने के अंत में अर्हक कार्यशील पूंजी की तुलना में चालू की गई परिसंपत्ति के मूल्य के अनुपात में किया जाता है। अन्य मामलों में, आईडीसी का आवंटन अंतिम खंड के पूंजीकरण की तिथि के आधार पर किया जाता है।

i) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, परिसंपत्तियों का उपयोग एवं अमूर्त परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास एवं परिशोधन

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण और उपयोग के लिए अधिकृत परिसंपत्तियों के अवशेष मूल्य समेत अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत/मानित लागत को सीधे तौर पर दर्ज करने के लिए, मूल्यह्रास या परिशोधन प्रदान किया जाता है।

ये परिवर्तन, परिसंपत्तियों के उनके अपेक्षित उपयोग हेतु उपलब्ध होने की तिथि से प्रारंभ होते हैं और उनकी अनुमानित उपयोगी आर्थिक आयु या उपयोग के लिए अधिकृत परिसंपत्तियों के मामले में लीज़ की अवधि तक, (अगर कम है तो) तक रहते हैं। परिसंपत्तियों की अनुमानित उपयोगी आयु, अवशिष्ट मूल्य एवं मूल्यह्रास के तरीके की नियमित समीक्षा की जाती है और जब आवश्यकता हो, उन्हें संशोधित भी किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की मुख्य श्रेणियों की अनुमानित उपयोगी आयु, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार निर्धारित होती है, निम्न परिसंपत्तियों/परिसंपत्तियों के घटकों को छोड़कर, जिनमें उपयोगी आयु, कंपनी द्वारा तकनीकी आकलन के माध्यम से निर्धारित होती है:

परिसंपत्तियों की इन श्रेणियों के लिए, आंतरिक आकलन एवं चार्टर्ड इंजीनियरों द्वारा किए गए स्वतंत्र तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी मानती है कि उक्त उपयोगी आयु, सर्वोत्तम रूप से उस अवधि का प्रतिनिधित्व करती है, जिसके दौरान कंपनी द्वारा इन परिसंपत्तियों का उपयोग अपेक्षित है। अतः, इन परिसंपत्तियों की उपयोगी आयु, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्दिष्ट आयु से भिन्न हैं।

परिसंपत्तियों के घटकों की पहचान हेतु मापदंडः

- मुख्य परिसंपत्ति के संबंध में 10 लाख रुपए या अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों और मुख्य परिसंपत्तियों के 10% से अधिक मूल्य वाले घटकों पर ही घटकीकरण का विचार किया गया है।
- घटक का अधिकतम जीवन, मूल परिसंपत्ति के जीवन तक सीमित किया गया है।
- परिसंपत्तियों के समान उपयोगी जीवन वाले महत्वपूर्ण घटकों को प्रमुख संपत्ति से संबंधित प्रतिशत का विचार न करते हुए, एक साथ जोड़ा गया है। शेष घटकों या नगण्य मदों को मूल परिसंपत्ति से मिलाकर जोड़ा गया है।
- भूमि, ट्रैक कार्य (स्थायी मार्ग) और अमूर्त परिसंपत्तियों का घटकीकरण नहीं किया गया है क्योंकि अलग–अलग घटकों की पहचान संभव नहीं है।
- वाहनों, अस्थायी ढांचों, सर्वेक्षण/सुरक्षा उपकरणों, आईटी प्रणाली, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और जुड़नारों और संबंधित संपत्तियों को घटक नहीं बनाया गया है क्योंकि कंपनी की कुल परिसंपत्तियों के संबंध में उनके मूल्य काफी नगण्य हैं।
- तथ्यात्मक पहलू पर विचार करते हुए, 5000/– रुपये या कम की संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास/परिशोधन कर दिया गया है।
- कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार परिसंपत्ति की मूल लागत के 5% के अवशिष्ट मूल्य को मूल्यह्रास माना जाता है और कटौती की जाती है।
- मूल्यह्रास, उस दिन से आनुपातिक आधार पर लगाया गया है, जिस दिन से परिसंपत्तियां उपयोग के लिए तैयार थीं। मौजूदा परिसंपत्तियों, जो मुख्य परिसंपत्तियों का अभिन्न अंग हैं में संवर्धन/कटौती पर मूल्यह्रास, उन परिसंपत्तियों के शेष उपयोगी जीवन पर लगाया गया है।
- पूंजीकृत की गई प्रमुख मरम्मत और निरीक्षण लागतों पर अगली अनुसूचित कटौती या वास्तविक प्रमुख निरीक्षण/मरम्मत, जो भी पहले हो तक मूल्यह्रास किया जाता है।
- सॉफ़्टवेयर से भविष्य के आर्थिक लाभों को ध्यान में रखते हुए, उन्हें अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया गया है और सरल रेखा पद्धति पर 5 वर्षों की अवधि में परिशोधित किया गया है।
- उन मदों पर हुए व्यय को, जिनका स्वामित्व कंपनी के पास नहीं है, उन्हें व्यय के वर्ष के अंतर्गत राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है।

झ) नुकसान

प्रत्येक तुलन–पत्र तिथि पर, कंपनी अपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा करती है ताकी यह पता लगाया जा सके कि लगातार उपयोग के माध्यम से उन परिसंपत्तियों की वहन राशि की वसूली होने का कोई संकेत है या नहीं। अगर इस तरह का कोई संकेत मिलता है तो परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि की समीक्षा की जाती है ताकी यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई क्षति हुई, अगर कोई हो तो। जहां पर परिसंपत्ति, अन्य परिसंपत्तियों से स्वतंत्र नकदी प्रवाह नहीं पैदा करती, वहां पर कंपनी उस नकदी पैदा करने वाली इकाई की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है, जिससे वह परिसंपत्ति संबद्ध है। निवल बिक्री मूल्य या उपयोगी मूल्य, जो भी अधिक हो, वही संपत्ति की वसूली योग्य राशि होगी। उपयोगी मूल्य का आकलन करते समय, अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाह को पूर्व–कर छूट दर का उपयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है, जो मुद्रा के समय मूल्य के मौजूदा बाजार मूल्यांकन और उस परिसंपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है, जिसके लिए भविष्य के नकदी प्रवाह के अनुमान, समायोजित नहीं किए गए हैं। जब एक परिसंपत्ति की वहन राशि, उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाती है, जब क्षति से होने वाली हानि को लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है। जहां परिणामस्वरूप, क्षति से होने वाली हानि पलट जाती है, परिसंपत्ति का वहन मूल्य, उसकी वसूली योग्य राशि के संशोधित अनुमान तक बढ़ा दिया जाता है ताकी बढ़ा हुआ वहन मूल्य, परिसंपत्ति के पूर्व वहन मूल्य से अधिक न हो जाए, जिसका आकलन पूर्व के वर्षों में कोई भी क्षति न होने के आधार पर किया गया था। क्षति से होने वाली हानि का उलट जाना, लाभ एवं हानि के विवरण में तत्काल प्रभाव के साथ शामिल किया जाता है।

ञ) प्रावधान

कोई प्रावधान, तब मान्य किया जाता है, जब पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी का वर्तमान दायित्व हो और यह संभव हो कि दायित्व के समाधान के लिए संसाधनों का बहिर्वाह अपेक्षित होगा, जिसके संबंध में एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सके। प्रावधानों का निर्धारण तुलनपत्र की तिथि पर दायित्व के समाधान के लिए प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर किया जाता है और वर्तमान मूल्य पर छूट नहीं दी जाती।

ट) आकस्मिक देनदारियां/परिसंपत्तियां

आकस्मिक देनदारियों का प्रकटन, उन संभावित दायित्वों के संबंध में किया जाता है, जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होते हैं, लेकिन उनके अस्तित्व की पुष्टि, कंपनी के पूर्ण नियंत्रण में न होने वाले अनिश्चित भावी घटनाओं के होने या न होने से होती है या फिर जहां पर किसी वर्तमान देनदारी का मापन, संसाधनों के भावी बहिर्वाह के सापेक्ष नहीं हो सकता या फिर देनदारी का एक विश्वसनीय अनुमान नहीं लगाया जा सकता हो। आकस्मिक देनदारियों का प्रकटन, प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक तुलनपत्र तिथि पर इनकी समीक्षा की जाती है और वर्तमान प्रबंधन अनुमान को दर्शाने के लिए समायोजन किया जाता है। आकस्मिक परिसंपत्तियों को मान्य नहीं किया जाता, लेकिन वित्तीय विवरण में इनका प्रकटन किया जाता है।

ठ) सेवानिवृत्ति लाभ दायित्वः

कंपनी के सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित दायित्व, कई निर्णयों के अधीन हैं, जैसे कि छूट की दर, महंगाई और वेतन वृद्धि। इन सभी मानदंडों के निर्धारण के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होती है और इनमें किया गया कोई भी परिवर्तन, कंपनी के तुलनपत्र में दर्ज हुई राशि एवं लाभ और हानि के विवरण पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है। कंपनी, पूर्व–अनुभवों एवं तीसरे पक्ष की बीमांकिक सलाह के आधार पर इनके संबंध में निर्णय लेती है।

ड) बीमांकिक लाभ और हानि सहित पुनःमापन

परिसंपत्ति की सीमा के प्रभाव, निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज़ में शामिल राशियों को छोड़कर और योजना परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज़ में शामिल राशियों को छोड़कर),

को तुलनपत्र में ओसीआई के माध्यम से धारित अर्जन में समान रूप से डेबिट या क्रेडिट करके उस अवधि में मान्य किया जाता है, जिसमें वे घटित होते हैं। पुनःमापन को बाद की अवधियों में लाभ या हानि में पुनःवर्गीकृत नहीं किया जाता है।

ढ) लीज़ (पट्टा)

भारतीय लेखाकंन मानक (इंड एएस) 116 'लीज़ेज़' को बदलकर भारतीय लेखाकंन मानक (इंड एएस) 17 'लीज़ेज़' कर दिया गया है, जो विगत 1 अप्रैल, 2019 से प्रभाव में है। इन नए मानकों को अपनाने के फलस्वरूप कंपनी ने सभी पुराने प्रचालित पट्टों के संबंध में उपयोग के अधिकार और संबंधित पट्टा देनदारी को मान्यता दी और इनमें से सिर्फ़ उन पट्टों को बाहर रखा गया, जिनकी क़ीमत बहुत कम आंकी गई या जिनका प्रारंभिक आवेदन की तिथि से 12 महीनों से भी कम का समय शेष था। नए मानक का प्रयोग, संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण की मदद से किया गया और इसके साथ ही, परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार को पट्टे की देनदारी के मौजूदा मूल्य के बराबर माना गया, जिसे किसी पूर्वभुगतान की राशि या संबंधित पट्टों हेतु उपार्जित पट्टा भुगतान के साथ समायोजित किया गया। पूर्व अवधियों को पुनः नहीं बताया गया है। प्रारंभिक आवेदन की तिथि के समय मौजूद अनुबंधों के लिए, कंपनी ने इंड एएस 17 के अनुसार, पट्टों की परिभाषा के अनुरूप काम नहीं किया और इन अनुबंधों के लिए इंड एएस 116 में निर्दिष्ट परिभाषा के अनुरूप ही कार्यवाही की गई। अंतरण के समय, पूर्व में प्रचालित पट्टे के रूप में लेखांकित पट्टों के लिए, जिनकी शेष अवधि 12 महीनों से भी कम हो और उन पट्टों के लिए, जिनकी क़ीमत कम हो, कंपनी ने उपयोग के अधिकार को मान्यता न देने की वैकल्पिक छूट प्रदान की, लेकिन पट्टे की शेष अवधि के दौरान पट्टे पर हुए व्यय को सीधेतौर पर लेखांकित किया गया।

पट्टेदार के रूप में कंपनी

कंपनी, अनुबंध के अंतर्गत, अनुबंध के गैर–पट्टा घटकों से पृथक रूप से प्रत्येक पट्टा घटक को, एक पट्टे के रूप में लेखांकित करती है और साथ ही, अनुबंध के अंतर्गत, प्रत्येक पट्टा घटक को, संबंधित पृथक मूल्य और गैर–पट्टा घटक के सकल पृथक मूल्य के आधार पर संज्ञान में लिया जाता है। कंपनी, पट्टे की प्रारंभिक तिथि को, पट्टे की अवधि तक, अंतर्निहित पट्टे के उपयोग के अपने अधिकार को, परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार (राइट–ऑफ़–यूज़ ऐसेट) के रूप में मान्यता देती है। शुरुआती तौर पर, परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार की लागत में, किसी पट्टे के भुगतान के साथ या प्रारंभ की तिथि से पूर्व समायोजित, प्रारंभिक तौर पर आंकी गई पट्टे की देनदारी की राशि शामिल होती है। चुनिंदा पट्टा व्यवस्थाओं में, पट्टे की अवधि से पूर्व, पट्टे को बढ़ाने या समाप्त करने का विकल्प होता है। परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार और पट्टे की देनदारियों में इन विकल्पों का समावेश तब होता है, जब यह सकारण सुनिश्चित हो कि ऐसे विकल्पों को भविष्य में प्रयोग में लाया जाएगा। इसके बाद, परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार को, संचित मूल्यह्रास, संचित हानि (अगर कोई हो तो) को घटाकर मापा जाता है और फिर पट्टे की देनदारी के किसी पुनःमापन के साथ समायोजित कर दिया जाता है। परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का मूल्यह्रास, प्रारंभ की तिथि से पट्टे की अवधि के दौरान या परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार की उपयोगी आयु तक, सीधी रेखा विधि के प्रयोग से किया जाता है। जब कभी यह संकेत मिले कि परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार की वहन राशि, वसूल नहीं हो पाएगी, तब हानि या नुकसान के संबंध में परिसंपत्तियों के अधिकार का परीक्षण किया जाता है। अगर कोई क्षति या हानि पाई जाती है तो उसे लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है। पट्टे की देनदारी को, पट्टे के भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है, जिनका भुगतान, पट्टे की प्रारंभिक तिथि पर नहीं किया जाता। पट्टे के भुगतान को पट्टे में निहित ब्याज़ दर का उपयोग करके छूट दी जाती है, अगर उस दर को आसानी से निर्धारित किया जा सकता हो। यदि वह दर आसानी से निर्धारित नहीं की जा सकती हो, तो कंपनी वृद्धिशील उधार दर का उपयोग करती है। इसके बाद, पट्टे की देनदारी को वहन राशि में वृद्धि कर, पट्टे की देनदारी पर ब्याज़ परिलक्षित करते हुए पुनः मापा जाता है। पट्टे के भुगतानों को परिलक्षित करने के लिए वहन राशि को घटाया जाता है और किसी भी पुनर्मूल्यांकन या पट्टे में संशोधन को परिलक्षित करने

के लिए वहन राशि का पुनर्मापन किया जाता है। कंपनी, पट्टे की देनदारी के पुनर्मापन की राशि को, परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार में समायोजन के रूप में मान्यता देती है। जहां पर परिसंपत्ति के उपयोग के अधिकार की राशि को घटाकर शून्य कर दिया जाता है, वहां पर पट्टे की देनदारी के मापन में ह्रास होता है और कंपनी, पुनर्मापन की किसी भी शेष राशि को लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल करती है। पट्टे की देनदारियों के मापन में, जिन परिवर्तनशील पट्टे के भुगतानों को शामिल नहीं किया गया हो, उन्हें लाभ एवं हानि के विवरण में, उन भुगतानों को प्रेरित करने वाली घटनाओं या परिस्थितियों के होने के समय के अंतर्गत, शामिल कर लिया जाता है।

कंपनी, बिक्री और पट्टे की वापसी के लेनदेन को लेखांकित करती है और साथ ही में, परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार एवं पट्टे की देनदारियों (जिन्हें अन्य परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार एवं पट्टे की देनदारियों की ही तरह मापा गया हो) को लेखांकन में शामिल करती है। बिक्री के लेनदेन में हुए लाभ या हानि को लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

पट्टा देने वाले के रूप में कंपनी

(i) **प्रचालित पट्टा**– प्रचालित पट्टे पर किराए के माध्यम से होने वाली आय को लाभ एवं हानि के विवरण में, संबंधित पट्टे की अवधि के अंतर्गत सीधे तौर पर शामिल किया जाता है, जब तक कि समय के प्रतिरूप, जिसमें पट्टे से आर्थिक लाभ कम हुए हों, का बेहतर प्रतिनिधित्व करते हुए कोई अन्य विधिवत आधार चिह्नित नहीं होता। प्रचालित पट्टे (ऑपरेटिंग लीज़) पर बातचीत करने और व्यवस्था करने में आरंभिक प्रत्यक्ष लागत लीज़्ड परिसंपत्ति के वहन मूल्य में जुड़ जाती है और लीज़ अवधि के आधार पर सीधी रेखा पद्धति के आधार पर मान्यता प्राप्त होती है। प्रचालित पट्टे पर बातचीत करने और व्यवस्था करने में प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत, पट्टे पर ली गई परिसंपत्ति के वहन मूल्य में जुड़ जाती है और पट्टे की अवधि के दौरान, सीधी रेखा पद्धति के अनुरूप लेखांकन में मान्यता दी जाती है।

(ii) **वित्त पट्टा**– जब परिसंपत्तियों को वित्त पट्टे की श्रेणी के अंतर्गत पट्टे पर दिया जाता है, तब न्यूनतम पट्टा भुगतानों की वर्तमान क़ीमत को, प्राप्य के रूप में मान्यता दी जाती है। सकल प्राप्य और प्राप्य की मौजूदा क़ीमत के बीच के अंतर को, अनर्जित वित्त आय के रूप में मान्यता दी जाती है। पट्टे की आय को, कर से पूर्व निवल निवेश पद्धति का प्रयोग करते हुए पट्टे की अवधि के दौरान मान्यता दी जाती है, जो एक सतत आविधिक वापसी दर को परिलक्षित करता है।

ण) वित्तीय उपकरण

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों/देयताओं को मान्यता तब दी जाती है, जब कंपनी उपकरण के अनुबंध प्रावधानों के लिए एक पार्टी बन जाती है। वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों को शुरू में उन वित्तीय परिसंपत्तियों को छोड़कर उचित मूल्य पर मापा जाता है, जो शुरुआत में लाभ और हानि (एफ़वीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर वर्गीकृत किए जाते हैं। वित्तीय लागतों और वित्तीय देनदारियों के अधिग्रहण या जारी करने के लिए सीधे तौर पर देय लेनदेन की लागत (लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों के अलावा) वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय दायित्व की प्रारंभिक मान्यता पर मापे गए उचित मूल्य से या घटा दी जाती है या जोड़ दी जाती है। लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों के अधिग्रहण के कारण उत्पन्न लेनदेन की लागत को सीधे लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है।

प्रभावी ब्याज़ पद्धति

प्रभावी ब्याज़ विधि, एक वित्तीय उपकरण के परिशोधन लागत की गणना और प्रासंगिक अवधि में ब्याज़ आय या व्यय का आवंटन करने का एक तरीका है। प्रभावी ब्याज़ दर, वह दर है, जो वित्तीय साधन के अपेक्षित जीवन के माध्यम से भविष्य में नकद प्राप्तियों या भुगतानों को छूट देती है, या जहां उपयुक्त हो, कम अवधि।

(I) वित्तीय परिसंपत्तियां

नकद एवं बैंक में जमा राशि

नकद एवं बैंक में जमा राशियों में शामिल हैं:

(i) **नकद एवं नकद समतुल्य**– जिसमें कैश ऑन हैंड, बैंकों के साथ कॉल पर आयोजित डिपॉजिट और अन्य अल्पकालिक डिपॉजिट जो आसानी से ज्ञात मात्रा में नकदी में परिवर्तित हो जाते हैं। ये मूल्य–परिवर्तन के सामान्य जोख़िमों के अधीन होते हैं और साथ ही, इनकी वास्तविक परिपक्वता अवधि 3 महीने तक होती है। बैंक में जमा इन राशियों पर आहरण या उपयोग से संबंधित कोई प्रतिबंध नहीं होता।

(ii) **बैंक के पास सुरक्षित अन्य जमा राशियां**– इनमें वे जमा राशियां शामिल हैं, जिनकी परिपक्वता अवधि 3 महीने से अधिक लेकिन 1 वर्ष से कम हो।

परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है, यदि ये वित्तीय परिसंपत्तियां एक बिज़नेस मॉडल के भीतर होती हैं, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह को इकट्ठा करने के लिए इन परिसंपत्तियों को धारण करना है और वित्तीय परिसंपत्ति के अनुबंध की शर्तें नकदी प्रवाह के लिए निर्दिष्ट तिथियों को जन्म देती हैं, जो केवल शेष मूलधन पर मूलधन एवं ब्याज़ के भुगतान हैं।

उचित मूल्य पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों को अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है, यदि ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियां एक बिज़नेस मॉडल के भीतर रखी गई हों, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह को इकट्ठा करने के लिए या ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचने के लिए इन परिसंपत्तियों को धारण करना हो और वित्तीय परिसंपत्ति के अनुबंध की शर्तें चुनिंदा तिथियों पर नकदी प्रवाह को बढ़ावा देती हैं, जो पूरी तरह से शेष मूलधन पर मूलधन एवं ब्याज़ के भुगतान हैं।

वित्तीय परिसंपत्तियों, जिन्हें परिशोधित लागत पर या अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा नहीं गया हो, उन्हें लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर धारित किया जाता है।

ब्याज़ से होने वाली आय

बकाया मूलधन और प्रभावी ब्याज़ दर के संदर्भ में ब्याज़ आय, एक समय अनुपात के आधार पर अर्जित की जाती है।

लाभांश आय

निवेश से होने वाली लाभांश आय को तब मान्यता दी जाती है, जब भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित कर दिया गया हो।

वित्तीय संपत्तियों का वर्गीकरण एवं पश्चात्वर्ती मापन

पश्चात्वर्ती मापन के प्रयोजन से, प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है:

- प्रभावी ब्याज़ विधि (ईआईआर) का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां
- लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफ़वीटीपीएल) पर वित्तीय परिसंपत्तियां
- अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफ़वीओसीआई) पर वित्तीय परिसंपत्तियां

एफ़वीटीपीएल के अलावा सभी वित्तीय परिसंपत्तियां कम से कम प्रत्येक प्रतिवेदन तिथि पर नुकसान के समीक्षाधीन हैं। किसी वित्तीय परिसंपत्ति को कंपनी ने एफ़वीटीपीएल में नामित नहीं किया गया है।

वित्तीय परिसंपत्तियों का नुकसान

अन्य व्यापक आय के माध्यम से परिशोधित लागत और उचित मूल्य पर मापित, वित्तीय परिसंपत्तियों के अपेक्षित क्रेडिट नुकसान के लिए दिए जाने वाले भत्ते को मान्यता दी जाती है। कंपनी, उन सभी व्यापार प्राप्यों के जीवनभर के अपेक्षित क्रेडिट लॉस या हानि को मान्यता देती है, जो किसी वित्तीय लेनदेन का हिस्सा नहीं रहे हैं। वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए (किसी वित्तीय लेनदेन का हिस्सा न रहे व्यापार प्राप्यों को छोड़कर), जिनका शुरुआती मान्यता के बाद क्रेडिट संबंधी जोख़िम बहुत अधिक नहीं बढ़ा हो, उनके लिए 12 महीने के अपेक्षित क्रेडिट लॉस के बराबर हानि भत्ता मान्य कर दिया जाता है। संपूर्ण जीवनकाल के लिए अपेक्षित क्रेडिट लॉस के बराबर हानि भत्ते को मान्यता मिलती है, अगर वित्तीय परिसंपत्ति का क्रेडिट संबंधी जोख़िम, शुरुआती मान्यता के बाद महत्वपूर्ण रूप से बढ़ता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों को अमान्य घोषित करना

कंपनी एक वित्तीय परिसंपत्ति को तब ही अमान्य मानती है, जब नकदी प्रवाह के लिए निर्धारित संविदात्मक अधिकारों की वैधता समाप्त हो रही हो या फिर कंपनी, वित्तीय परिसंपत्ति, उससे जुड़े सभी जोख़िमों और परिसंपत्ति के स्वामित्व के फलस्वरूप मिलने वाले फ़ायदों को किसी दूसरी इकाई को सौंप देती है। यदि कंपनी, न तो परिसंपत्ति का हस्तांतरण करती है और न ही स्वामित्व के सभी जोख़िमों और फ़ायदों को पर्याप्त रूप से बरकरार रखती है और साथ ही, हस्तांतरित परिसंपत्ति को नियंत्रित करना जारी रखती है, तो कंपनी परिसंपत्तियों में अपने बनाए गए ब्याज़ और उन राशियों के लिए, जिसका कंपनी को भुगतान करना पड़ सकता हो, उनसे संबद्ध देनदारी को मान्यता देती है। यदि कंपनी हस्तांतरित वित्तीय परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोख़िमों और फ़ायदों को पर्याप्त रूप से बरकरार रखती है, तो कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों की मान्यता जारी रखती है और साथ ही, प्राप्य आय के लिए एक उधार राशि को भी मान्यता देती है।

(II) वित्तीय देनदारियां/देयताएं एवं इक्विटी उपकरण

ऋण या इक्विटी के रूप में वर्गीकरण

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय देनदारियों और इक्विटी उपकरणों को अनुबंधित व्यवस्था के अनुसार एवं वित्तीय दायित्व और इक्विटी उपकरण की परिभाषाओं के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है।

इक्विटी उपकरण

एक इक्विटी उपकरण, वह अनुबंध होता है, जो कंपनी की परिसंपत्तियों में उसकी सभी देनदारियों में कटौती के बाद अवशिष्ट ब्याज़ का प्रमाण देता है। इक्विटी उपकरणों को प्रत्यक्ष निर्गम लागत के निवल के रूप में प्राप्त आय में दर्ज किया जाता है।

वित्तीय देनदारियां

व्यापार एवं अन्य देनदारियों को शुरुआती स्तर पर उचित मूल्य पर मापा जाता है, जो लेनदेन की लागत का निवल होती है और फिर इन्हें प्रभावी ब्याज़ दर विधि का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है, जहां पर धनराशि के समय–मूल्य की महत्ता होती है।

ब्याज़ सहित लिए गए बैंक ऋण, ओवरड्राफ़्ट्स एवं जारी किए गए ऋण, सभी को शुरुआती स्तर पर उचित मूल्य पर मापा जाता है और फिर बाद में इन्हें प्रभावी ब्याज़ दर विधि का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। प्राप्त आय (लेनदेन के निवल के रूप में) एवं उधार ली गई राशि के निपटारे या प्रतिदान के बीच के अंतर को उधार ली गई राशि की समय–सीमा के अंतर्गत, लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

वित्तीय देनदारियों का वर्गीकरण एवं पश्चात्वर्ती मापन

वित्तीय देनदारियों/देयताओं का मापन, पश्चात्वर्ती तौर पर प्रभावी ब्याज़ दर विधि का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर किया जाता है, सिवाय एफ़वीटीपीएल में व्यापार या नामित वित्तीय देनदारियों के, जो लाभ या हानि के विवरण में मानित लाभ या हानि सहित उचित मूल्य पर किए जाते हैं। सभी व्युत्पन्न वित्तीय लेखों का लेखांकन एफ़वीटीपीएल में किया जाता है। ऐसी किसी वित्तीय देनदारी को कंपनी में एफ़वीटीपीएल में नामित नहीं किया गया है।

वित्तीय देनदारियों को अमान्य घोषित करना

जब कंपनी के दायित्वों का निर्वहन हो चुका हो, उन्हें रद्द कर दिया गया हो या फिर उनकी वैधता समाप्त हो गई हो, सिर्फ़ और सिर्फ़ तब ही कंपनी वित्तीय देनदारियों को अमान्य घोषित करती है।

प्रभावी ब्याज़ दर (□आ□आर) की गणना इस प्रकार होती है:

- वित्तीय परिसंपत्तियां एवं वित्तीय देनदारियां, जिनपर बाज़ार मूल्य पर ब्याज़ धारित हो: इस तरह के मामलों में ईआईआर, उपकरण की ब्याज़ दर के बराबर होते हैं।
- अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां या वित्तीय देनदारियां: वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में उपलब्ध सर्वाधिक अवधि के लिए आधारभूत एसबीआई–एमसीएलआर/आधारभूत दर।

त) कर्मचारी हितलाभ

निर्धारित योगदान योजनाएं

उक्त योजनाओं के अंतर्गत किए गए योगदानों को, कर्मचारी की सेवा–अवधि के दौरान किए गए व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है। भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा के प्रति अंशदान, नियामक प्राधिकारियों को दिया जाता है, जिसमें कंपनी का और कोई दायित्व नहीं है। इस तरह के हितलाभों को निर्धारित योगदान योजनाओं के अंतर्गत माना जाता है क्योंकि कंपनी के ऊपर मासिक रूप से किए जाने वाले योगदान के अतिरिक्त अन्य कोई दायित्व नहीं होता। कर्मचारी की सेवा अवधि के दौरान, इन योगदानों को लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

निर्धारित हितलाभ योजनाएं

कंपनी के पास एक निर्धारित आनुतोषिक (ग्रैच्युटी) लाभ योजना है। कंपनी इस योजना की वित्तपूर्ति, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में सालाना योगदान के माध्यम से करती है। इस संबंध में कंपनी की देनदारी, वर्ष के अंत में निर्धारित होती है। देनदारी को, आनुतोषिक देनदारी के बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देखा जाता है।

बीमांकिक लाभ एवं हानि सहित पुनःमापन, परिसंपत्ति की सीमा के प्रभाव, निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज़ में शामिल राशियों को छोड़कर और योजना परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज़ में शामिल राशियों को छोड़कर) को तुलनपत्र में ओसीआई के माध्यम से धारित अर्जन में समान रूप से डेबिट या क्रेडिट करके उस अवधि में मान्य किया जाता है, जिसमें वे घटित होते हैं। पुनःमापन को बाद की अवधियों में लाभ या हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाता है।

संचित छुट्टियों, जिन्हें वर्ष की समाप्ति के 12 महीनों के अंदर उपयोग में लाना या एन–कैश कराना होता है, उन्हें अल्पकालीन कर्मचारी हितलाभों के रूप में देखा जाता है। इन छुट्टियों के प्रति कंपनी के दायित्व का मापन, संचित छुट्टियों की अपेक्षित लागत के रूप में होता है क्योंकि वर्ष की समाप्ति पर अप्रयुक्त पात्रताओं के परिणामस्वरूप, अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होता है।

संचित छुट्टियों, जिन्हें वर्ष की समाप्ति के 12 महीनें के बाद भी उपयोग में लाया या कैश कराया जा सकता हो, उन्हें अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी हितलाभों के रूप में देखा जाता है। कंपनी की देयता वर्ष के अंत में निर्धारित की जाती है।

थ) मालसूची

मालसूची, लागत एवं शुद्ध वसूली योग्य मूल्य के कमतर मूल्य पर तैयार की जाती है। लागत का पता, भारित औसत के आधार पर लगाया जाता है। लागत में, प्रत्यक्ष सामग्री शामिल है और जहां लागू होता हो, वहां प्रत्यक्ष श्रम लागत और वे व्यय, जो मालसूची को उनकी वर्तमान अवस्था एवं स्थान तक लाने में हुए। शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, वह मूल्य होता है, जिसमें, सामान्य व्यावसायिक परिस्थितियों में उनकी पूर्व स्थिति से वर्तमान स्थिति में रूपांतरण और मालसूची के विवरण, बिक्री एवं वितरण में व्यय हुई लागत पर मालसूची को मान्यता दी जा सकती हो। उत्पादों की श्रेणी के

आधार, उपयोग/उपभोग के पूर्वानुभवों को देखते हुए, धीमी गति से खर्च होने वाली एवं अप्रचलित वस्तुओं के लिए प्रावधान बनाए गए हैं, जिसमें उनकी प्रोडक्ट लाइन और बाजार की स्थितियों को देखते हुए अलग–अलग व्यवसाय शामिल हैं।

द) नकदी प्रवाह का प्रतिवेदन, भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस–7) में 'नकदी प्रवाह विवरण' पर निर्दिष्ट अप्रत्यक्ष पद्धति के प्रयोग के साथ होता है, जिसके तहत, गैर–नकदी लेनदेन के प्रभाव, नकदी रसीदों या भुगतानों के संबंध में पूर्व या भविष्य के आस्थगन या प्रोद्भवन और आय की वस्तु या निवेश एवं वित्तपोषण के नकदी प्रवाहों से जुड़े व्यय, के साथ वर्ष के लाभ को समायोजित किया जाता है। कंपनी की परिचालन, निवेश एवं वित्तपोषण की गतिविधियों से होने वाले नकदी प्रवाह को अलग–अलग करके देखा जाता है। कंपनी उन सभी अत्यधिक तरल निवेशों पर विचार करती है, जो नकदी समतुल्य होने के लिए नकदी की ज्ञात मात्राओं के लिए आसानी से परिवर्तनीय हैं।

ध) चालू बनाम गैर-चालू वर्गीकरण:

कंपनी चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के आधार पर तुलनपत्र में परिसंपत्तियां और देयताएं (देनदारियां) प्रस्तुत करती है। सभी परिसंपत्तियां और देयताएं, कंपनी के सामान्य परिचालन चक्र और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में निर्धारित अन्य मान्यदंडों के अनुसार चालू या गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत की गई हैं। उत्पादों की प्रकृति और नकदी एवं नकदी समतुल्यों में प्रसंस्करण और उनकी प्राप्ति के लिए परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के बीच के समय के आधार पर, कंपनी ने परिसंपत्तियों और देयताओं के चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के प्रयोजन से 12 महीने का अपना प्रचालन चक्र निर्धारित किया है।

न) दुर्भर अनुबंध

जब कंपनी द्वारा एक अनुबंध से प्राप्त होने वाले अपेक्षित हित या लाभ, अनुबंध के अंतर्गत दायित्वों की प्रतिपूर्ति की अपरिहार्य लागत से कम होते हैं, तब दुर्भर अनुबंधों के लिए एक प्रावधान तैयार किया जाता है। अनुबंध की समाप्ति की अपेक्षित लागत और अनुबंध को जारी रखने की अपेक्षित निवल लागत में से जो भी कम हो, उसके वर्तमान मूल्यांकन पर इस प्रावधान का मापन होता है। एक प्रावधान की स्थापना से पूर्व, कंपनी अनुबंध से संबद्ध परिसंपत्तियों में किसी भी तरह की क्षति या हानि को संज्ञान में लेती है।

प) सहायता अनुदान

परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सरकारी/गैर–सरकारी या अन्य प्राधिकरणों द्वारा पूंजीगत व्यय हेतु दिए गए अनुदानों को शुरुआती तौर पर 'आस्थगित राजस्व' के रूप में देखा जाता है। इसके बाद, इन्हें संबंधित परिसंपत्तियों की अवधि के दौरान हर वर्ष उनसे होने वाली आय और उनके ह्रास के अनुपात के रूप में मान्यता दी जाती है।

सरकारी/गैर–सरकारी या अन्य प्राधिकरणों द्वारा राजस्व के सापेक्ष दिए गए अनुदानों को लाभ एवं हानि के विवरण में, 'अन्य आय' के अंतर्गत दिखाया जाता है।

जहां पर कंपनी को गैर–मौद्रिक अनुदान प्राप्त होते हैं, वहां परिसंपत्ति और अनुदान को उचित मूल्य पर सकल रूप से दर्ज किया जाता है और परिसंपत्ति के लाभ की खपत के अपेक्षित उपयोगी जीवन और पैटर्न पर, आय विवरण में प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य करों के लिए प्राप्त वित्तीय सहयोग को कार्यशील पूंजी (सीडब्ल्यूआईपी) में से समायोजित कर दिया गया है/घटा दिया गया है।

फ) कराधान

चालू कर (करंट टैक्स)

वर्तमान में देय कर, वर्ष के लिए कर योग्य लाभ पर आधारित है। कर योग्य लाभ, लाभ एवं हानि के विवरण में वर्णित निवल लाभ से भिन्न होते हैं क्योंकि इसमें आय की वस्तुएं या अन्य वर्षों में कर योग्य या घटाने योग्य व्यय शामिल नहीं होते और साथ ही, यह उन वस्तुओं को भी शामिल नहीं करता, जो कभी कर के या कटौती (डिडक्शन) के दायरे में

नहीं आईं। चालू कर के लिए कंपनी की देनदारी की गणना, कर की दरों एवं कर अधिनियमों के प्रयोग से होती है, जो प्रतिवेदन अवधि के दौरान लागू हुए या पहले से लागू थे।

चालू कर को लाभ एवं हानि के विवरण में एक व्यय या आय के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। सिवाय उस स्थिति के जब वे ऐसी वस्तुओं से संबंधित हों, जिन्हें सीधे तौर पर इक्विटी में या अन्य व्यापक आय में क्रेडिट या डेबिट किया गया हो। ऐसी स्थिति में, कर को अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में भी मान्यता दी जाती है।

आस्थगित कर

आस्थगित कर, वित्तीय विवरणों में संपत्ति और देनदारियों के वहन मूल्य और कर योग्य लाभ की गणना में उपयोग किए जाने वाले संबंधित कर आधारों के बीच अंतर पर देय या वसूली योग्य होने की उम्मीद है और बैलेंस शीट देयता विधि का उपयोग करने के लिए जिम्मेदार है। आस्थगित कर वह कर होता है, जिसे वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देनदारियों के वहन मूल्य एवं कर योग्य की गणना में उपोग किए जाने वाले संबंधित कर आधारों के बीच अंतर पर देय या वसूली योग्य होता है। तुलनपत्र देनदारी विधि के प्रयोग के लिए इसका लेखांकन होता है। आमतौर पर, आस्थगित कर देनदारी, सभी कर योग्य अस्थाई अंतरों के लिए मान्य होता है। इसके विपरीत, आस्थगित कर परिसंपत्तियां, सिर्फ़ इस सीमा तक मान्य होती हैं कि यह संभावना मौजूद हो कि भविष्य में कर योग्य लाभ उपलबध होंगे, जिसके विपरीत अस्थाई अंतरों को प्रयोग में लाया जा सके।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वहन राशि की प्रत्येक प्रतिवेदन अवधि के अंत में समीक्षा होती है। इन्हें इस सीमा तक घटा दिया जाता है कि अब इस बात की कोई संभावना नहीं है कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य लाभ मिलेंगे, जिनके सहारे संपूर्ण परिसंपत्ति या उसके हिस्से की वसूली की जा सके।

जब देनदारी का निपटारा किया जाता है या परिसंपत्ति को रियलाइज़ किया जाता है, उस अवधि में अपेक्षित कर की दर पर आस्थगित कर की गणना होती है। इनके आधार के रूप में, कर की वे दरें या वे अधिनियम होते हैं, जिन्हें प्रतिवेदन अवधि की समाप्ति पर लागू किया गया हो या पहले से जारी हों। आस्थगित कर देनदारियों और संपत्तियों की माप, कर के परिणामों को दर्शाती है, जो कि प्रतिवेदन अवधि के अंत में, अपनी परिसंपत्तियों और देनदारियों के वहन मूल्य को पुनः प्राप्त करने या निपटारे के लिए कंपनी द्वारा अपेक्षित शैली के अनुरूप होंगे।

आस्थगित कर परिसंपत्तियां और देनदारियां इस सीमा तक ही ऑफ़सेट होती हैं कि वे एक ही कर प्राधिकरण द्वारा लगाए गए करों से संबंधित हों और उस क्षेत्राधिकार के भीतर चालू कर परिसंपत्तियों और चालू कर देनदारियों को निर्धारित करने के लिए क़ानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार हों।

लाभ और हानि के विवरण में आस्थगित कर को एक व्यय या आय के रूप में मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि जब वे व्यापक आय में या सीधे इक्विटी में क्रेडिट या डेबिट किए गए आइटम से संबंधित हों और उस स्थिति में कर को अन्य व्यापक आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता दी जाती है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों को किस हद तक पहचाना जा सकता है, यह कंपनी की भविष्य की कर योग्य आय की सम्भावना के आकलन पर आधारित है, जिसके विरुद्ध आस्थगित कर आस्तियों का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार आस्थगित कर परिसंपत्ति को मान्यता नहीं दी गई है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों में भारत में कर कानूनों के अनुसार भुगतान किए गए न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) शामिल है और जिसके माध्यम से भविष्य में आयकर देयता के समायोजन के रूप में मिलने वाले भावी आर्थिक लाभ मिलने की संभावना हो। एमएटी को तुलनपत्र में आस्थगित कर परिसंपत्तियों के रूप में मान्यता दी जाती है, जब परिसंपत्ति को विश्वस्त रूप से मापा जा सकता हो और यह संभावना हो कि भविष्य में परिसंपत्ति से जुड़े आर्थिक लाभों को भुनाया जा सकेगा।

ब) राजस्व मान्यता (इंड एएस 115)

इंड एएस 115 के अनुसार, कंपनी राजस्व को निम्न मदों के अंतर्गत मान्यता देती है:

i. टिकट/टोकन से राजस्व को उसकी ख़रीद की तिथि और स्मार्ट कार्ड के मामले में, वास्तविक उपयोग के मूल्य के आधार पर मान्य किया जाता है।

ii. फ़्लेक्सी जमा और टीडीआर/एफ़डीआर पर ब्याज़ को, निवेश की गई राशि, लागू दरों और बैंकों द्वारा जारी ब्याज़ प्रमाण–पत्र के अनुसार अर्जित ब्याज़ को लेखा में लेते हुए समय अनुपात आधार पर मान्य किया गया है। एफ़डीआर पर अर्जित ब्याज़ को लाभ और हानि विवरण में शामिल किया जाता है।

iii. संपत्ति और किराए पर दिए गए स्थान के मामले में किराए पर आय को लाइसेंस धारक/पट्टेदार/रियायतधारी इत्यादि के साथ अनुबंध समझौते के नियमों और शर्तों के आधार पर मान्य किया गया है।

iv. उपयोग किए गए स्थान में विज्ञापन से प्रोद्भूत राजस्व का अनुबंध शर्तों पर आधारित, प्रोद्भूत आधार पर लेखांकन किया जाता है।

v. कुछ वस्तुएं, जिन्हें नकद आधार पर मान्यता दी जाती है, वे निम्नवत हैं:

- स्क्रैप की बिक्री से होने वाली आय को प्राप्ति आधार पर मान्य किया जाता है।
- बीमा दावों का लेखांकन, बीमा की स्वीकृति के आधार पर होता है।
- कर वापसी पर मिलने वाले ब्याज़ को तब मान्यता दी जाती है, जब इसकी प्राप्ति सुनिश्चित हो जाए या फिर इसे किसी देनदारी के साथ समायोजित कर दिया जाए।
- निविदा दस्तावेज़ों की बिक्री से होने वाली आय।

भ) विदेशी मुद्रा लेनदेन एवं अनुवाद

कंपनी के वित्तीय विवरण भारतीय रुपए ("₹") में प्रस्तुत किए जाते हैं, जो कि कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा और वित्तीय वक्तव्यों के लिए प्रस्तुति मुद्रा है। वित्तीय विवरण तैयार करने में, कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा के अलावा अन्य मुद्राओं में लेनदेन को, लेनदेन की तारीख में विनिमय की मौजूदा दरों पर दर्ज किया जाता है। प्रतिवेदन की प्रत्येक अवधि के अंत में, विदेशी मुद्रा में दर्शाए गई मौद्रिक वस्तुओं को, प्रतिवेदन की अवधि के अंत में मौजूदा दरों पर पुनः अनुवादित किया जाता है। उचित मूल्य पर मापी जा रहीं गैर–मौद्रिक वस्तुओं, जिन्हें विदेशी मुद्रा में दर्शाया गया हो, उन्हें उचित मूल्य के सृजन की तिथि पर मौजूद दरों पर पुनः अनुवादित किया जाता है। विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक लागत के संदर्भ में मापी जाने वाली गैर–मौद्रिक वस्तुओं का अनुवाद नहीं किया जाता है। पहले इंड एएस वित्तीय प्रतिवेदन अवधि के पूर्व वित्तीय विवरणों में मानित, विदेशी मुद्रा में दर्शाई गईं दीर्घकालीन मौद्रिक वस्तुओं के अनुवाद के फलस्वरूप सामने आने वालीं विनिमय संबंधी भिन्नताओं को, जिनके संबंध में कंपनी ने, इस तरह के विनिमय संबंधी अंतरों को इक्विटी में या इंड एएस 101 "भारतीय लेखांकन मानकों का पहली बार अभिग्रहण" के अंतर्गत स्वीकृत परिसंपत्तियों की लागत के एक हिस्से के रूप में मानित करने का चुनाव किया हो, उन्हें मामले के अनुरूप परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ दिया जाता है/से घटा दिया जाता है। इस तरह की विनिमय संबंधी भिन्नताओं को, परिसंपत्तियों की लागत के एक हिस्से के रूप में या फिर लाभ एवं हानि के विवरण में विधिवत आधार पर मानित किया जाता है। अन्य मौद्रिक वस्तुओं के पुनः अनुवाद या समायोजन के फलस्वरूप पैदा होने वालीं विनिमय संबंधी भिन्नताओं को प्रतिवेदन अवधि हेतु तैयार किए गए लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

भारत सरकार के माध्यम से पास थ्रू असिस्टेन्स (पीटीए) का प्रयोग करते हुए यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से 'रुपए' में लोन प्राप्त हुआ। पुनर्भुगतान पर विदेशी मुद्रा में किसी भी उतार–चढ़ाव को भारत सरकार की सलाह के अनुसार, लेन–देन के आधार पर मान्यता दी जाएगी, क्योंकि कंपनी द्वारा भारत सरकार से भारतीय मुद्रा में यह ऋण पीटीए के साथ प्राप्त किया गया, जिसकी बदौलत इसकी संप्रुभता सुरक्षित है।

म) उधार की लागत

उधार की लागत का सीधा संबंध, योग्य परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन से होता है, जो ऐसी परिसंपत्तियां होती हैं, जिन्हें अपेक्षित उपयोग या बिक्री के लिए परिपक्व होने में पर्याप्त समय लगता है। इस लागत को इन परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ दिया जाता है, जब तक कि ये परिसंपत्तियां अपेक्षित उपयोग या बिक्री के लिए तैयार हो जाएं।

योग्य परिसंपत्तियों पर व्यय हेतु ली गईं चुनिंदा उधारियों पर किए गए अस्थाई निवेश से होने वाली आय को लाभ एवं हानि के विवरण में शामिल किया जाता है।

अन्य सभी उधार लेने की लागतों को उस अवधि में हुए व्यय के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें व्यय हुआ हो।

य) प्रति शेयर आय

वर्ष के दौरान बकाया शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा इक्विटी धारकों के लिए वर्ष के लिए लाभ या हानि को विभाजित करके प्रति शेयर मूल आय की गणना की जाती है। आंशिक रूप से भुगतान किए गए शेयरों को भुगतान किए गए अंश के अनुसार पूरी तरह से भुगतान समकक्ष के रूप में शामिल किया गया है।

प्रति शेयर अवमिश्रित आय की गणना, शेयरों की भारित औसत संख्या एवं अवमिश्रण योग्य शेयरों का प्रयोग करते हुए होती है, सिवाय उस स्थिति के जब, परिणाम अवमिश्रण के प्रतिकूल हो।

र) हाल की लेखांकन घोषणाएं

इंड एएस 12 "आयकर" में संशोधन– परिशिष्ट ग का अंतर्वेशन, "आयकर संबंधी क्रियाकलापों पर अनिश्चितता"

इस संशोधन का उद्देश्य, आयकर संबंधी क्रियाकलापों पर व्याप्त अनिश्चितताओं के लेखांकन में स्पष्टता लाना है। इन अनिश्चितताओं को अभी तक कर प्राधिकरणों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है और अभी भी ये चालू एवं आस्थगित करों के मापन में परिलक्षित नहीं होतीं।

कंपनी ने 1 अप्रैल, 2019 से या उसके बाद शुरू होने वाली वार्षिक प्रतिवेदन अवधि के लिए संशोधनों को संभावित रूप से लागू किया है। उपरोक्त संशोधन के आवेदन के कारण कंपनी पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं है।

इंड एएस 23 "उधार की लागत" में संशोधन

यह संशोधन स्पष्ट करता है कि यदि संबंधित परिसंपत्ति के अपने अपेक्षित उपयोग या बिक्री के लिए तैयार होने के बाद, कोई विशिष्ट उधार लेना बकाया हो तो वह उन फ़ंडों का हिस्सा बन जाता है, जिसे एक इकाई द्वारा आमतौर पर तब उधार लिया जाता है, जब आम उधारों पर पूंजीकरण की दर की गणना हो रही हो। कंपनी ने 1 अप्रैल, 2019 से या उसके बाद शुरू होने वाली वार्षिक प्रतिवेदन अवधि के लिए संशोधनों को संभावित रूप से लागू किया है। उपरोक्त संशोधन के आवेदन के कारण कंपनी पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं है। कोई भी नया मानक या स्थापित मानकों में कोई संशोधन नहीं है, जो 1 अप्रैल, 2019 के बाद से लागू हो।

30. वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां:

क) आकस्मिक देयताएं/दिनदारियां

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
1.	उत्तर रेलवे द्वारा मांगे गए क्रॉसिंग प्रभार	124.00	124.00
2.	बीएसएनएल द्वारा दंड का दावा किया गया	21.00	21.00
3.	100% सर्किल दर के साथ भूमि के लिए अतिरिक्त मुआवज़ा और 30 वर्षों के लिए रियायत शुल्क। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ द्वारा यूपीएमआरसीएल को मेट्रो रेल परियोजना के लिए प्रदान की गई भूमि हेतु 2554.00 लाख रुपए की मांग की जा रही है।	2554.00	2554.00
4.	लखनऊ एयरपोर्ट पर स्थित कास्टिंग यार्ड की भूमि के लिए किराए के रूप में 2440.00 लाख रुपए। (पत्र संख्या 3905/LMRC/CPM1/AAI/Land/2019 दिनांक 16.07.2019 के अनुसार 228.62 लाख रुपए की राशि पुष्ट देयता के तौर पर दर्ज की गई है। इसका अंतर आकस्मिक देयता में दर्शाया गया है।)	शून्य (भुगतान हो गया)	2211.00
5.	एचडीएफ़सी बैंक से एलसी व्यवस्था के अनुसार यूएस डॉलर में ऋणपत्र	501.50	1220.85
6.	एचडीएफ़सी बैंक से एलसी की व्यवस्था के अनुसार यूरो में ऋणपत्र	560.48	1894.33

7.	लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के पूर्व–पश्चिम कॉरिडोर के संशोधित डीपीआर हेतु मेसर्स दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.	9.00	9.00
8.	निर्माण अवधि के दौरान रेलवे भूमि के अस्थायी उपयोग हेतु पूर्वोत्तर रेलवे को देय शुल्क 14.00 लाख रुपए का प्रकटन आकस्मिक देयता के तौर पर किया गया था। वर्ष के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे ने राशि को संशोधित करके 10.17 लाख रुपए कर दिया। वर्ष के दौरान, 10.17 लाख रुपए की मांग के सापेक्ष 8.50 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया गया। मांग और भुगतान की गई राशि के बीच के अंतर का प्रकटन आकस्मिक देयता के रूप में किया गया है।	1.67	1.67
9.	रेलवे भूमि पर पारगमन की अनुमति हेतु पूर्वोत्तर रेलवे को देय शुल्क 895.00 लाख रुपए का प्रकटन आकस्मिक देयता के तौर पर किया गया था। वर्ष के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे में राशि संशोधित करके 955.00 लाख रुपए कर दी। वर्ष के दौरान 780 लाख रुपए की भुगतान की गई। मांग और भुगतान की राशि के बीच के अंतर का प्रकटन आकस्मिक देयता के रूप में किया गया है।	175.00	175.00
10.	हज़रतगंज रैम्प के लिए एलएमआरसी को हस्तांतरित भूमि हेतु यूपी कोऑपरेटिव बैंक लि., लखनऊ द्वारा 100% सर्कल दर पर मांगी गई भूमि के लिए 285.00 लाख रुपए के अतिरिक्त मुआवज़े की मांग।	285.00	285.00
11.	उपभोक्ता फ़ोरम के समक्ष लंबित अदालती मामले के संबंध में।	5.00	5.00
12.	प्रभु साहनी बनाम कुमार इन्फ़्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. और यूपीएमआरसी लि. के लंबित अदालती मामले के संबंध में।	0.89	0.89
13.	हज़रतगंज में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे की भूमि के उपयोग के संबंध में आकस्मिक देयता। उत्तर रेलवे द्वारा 161.19 लाख रुपए की राशि मांगी गई है। 131.65 लाख रुपए की राशि पुष्ट देयता के तौर पर स्वीकार की गई है। मांगी गई और स्वीकार की गई राशि के बीच के अंतर को आकस्मिक देयता के तौर पर मान्य किया गया है।	29.53	29.53
14.	पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा मांगे गए पर्यवेक्षण प्रभारों के संबंध में। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 6.25% की दर से पर्यवेक्षण प्रभार मांगे गए और भुगतान 3.125% की दर से किया गया। अंतर का कारण भूमि की दरों में अंतर है। मांगी गई और भुगतान की गई राशि के बीच के अंतर का प्रकटन आकस्मिक देयता के रूप में किया गया है।	26.00	26.00
15.	आयकर अपीलें (वि.व. 2013–14 से 2016–17 तक)	174.76	174.76
16.	21.11.2016 से 21.01.2018 तक की अवधि के लिए कास्टिंग यार्ड, कॉल्विन कॉलेज हेतु, लखनऊ विकास प्राधिकरण को किराए के रूप में आकस्मिक देयता। निर्णय, प्रशासनिक स्तर पर लंबित है।	122.15	0.00
17.	वृंदावन कॉलोनी में भंडारणों के लिए, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को किराए के रूप में आकस्मिक देयता। किराया तय करने के संबंध में निर्णय लंबित है क्योंकि यूपीएमआरसी ने 05.01.2016 से लेकर 30.11.2019 की अवधि हेतु किराए में कटौती की याचिका की है।	188.97	0.00
18.	वृंदावन कॉलोनी में कास्टिंग यार्ड हेतु, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को किराए के रूप में आकस्मिक देयता। किराया तय करने के संबंध में निर्णय लंबित है क्योंकि यूपीएमआरसी ने 4 सालों की अवधि के लिए किराए में कटौती की मांग की है।	296.47	0.00

1. सहकारिता भवन की भूमि के अस्थायी उपयोग हेतु यू.पी. कोऑपरेटिव यूनियन लि. को देय किराए का मुद्दा पत्र संख्या 3729/LMRC-L-6/2014 दिनांक 21.06.2020 के माध्यम से ज़िला मजिस्ट्रेट, लखनऊ को निर्णय के लिए भेजा गया है। इस पर अंतिम निर्णय आने पर इसका लेखांकन किया जाएगा।

2. यूपीएमआरसी के प्रशासनिक भवन (लखनऊ) एवं परियोजना कार्यालय (आगरा) के किराए के रूप में देयता, संबंधित प्राधिकरणों के साथ किराया समझौता (रेंट एग्रीमेंट) का नवीनीकरण न होने के कारण लंबित।

आकस्मिक परिसंपत्तियां: आज की तारीख़ में कंपनी के पास कोई आकस्मिक परिसंपत्ति नहीं है।

ख) प्रतिबद्धताएं: 31 मार्च, 2020 को पूंजीगत लेखे में निष्पादन हेतु शेष और प्रावधानित न किए गए विदेशी मुद्रा अनुबंधों सहित अनुबंधों की अनुमानित राशि 75498.06 लाख रुपए (पि.व. 169725.00 लाख रुपए) है।

ग) उधारियां

भारत सरकारा द्वारा यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से पास थ्रू असिस्टेन्स (पीटीए) के रूप में भारतीय मुद्रा में ऋण प्राप्ति। भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पास थ्रू असिस्टेन्स (पीटीए), भारत सरकार और ईआईबी के बीच 450 मिलियन यूरो (भारतीय मुद्रा 3,50,200 लाख रुपए) हेतु हस्ताक्षरित वित्त अनुबंध पर आधारित है। ऋण को भारत सरकार द्वारा संप्रभु गारंटी द्वारा सुरक्षित किया जाता है। भारत सरकार के बजटीय प्रावधानों के अनुसार ऋण को किस्तों में वितरित किया गया है। भारत सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय (एमओयूडी) के अपने बजट से भारतीय मुद्रा (रुपए) में ऋण दिया। चुकौती पर, विदेशी मुद्रा में किसी भी उतार–चढ़ाव को भारत सरकार से सलाह के अनुसार, लेनदेन के आधार पर मान्यता दी जाएगी। वर्ष के दौरान, कंपनी को भारत सरकार की ओर से पास थ्रू असिस्टेन्स (पीटीए) के रूप में शून्य राशि (पि.व. 1,68,000 लाख रुपए) प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान कंपनी पर 620.47 लाख रुपए (पि.व. 399.72 लाख रुपए) का ब्याज़ निर्धारित हुआ।

अधीनस्थ ऋण

भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त ब्याज़ मुक्त अधीनस्थ ऋण सभी गैर–सरकारी ऋण (यानी प्रमुख ऋणों) की चुकौती के बाद चुकौती योग्य हैं। इन ऋणों को दीर्घकालिक उधारियों के तौर पर मान्य किया गया है। अधीनस्थ ऋण ब्याज़ मुक्त हैं। सरकारी आदेश के अनुसार, कंपनी को परियोजना के लिए प्राप्त किए गए पूरे प्रमुख सावधि ऋण की चुकौती के बाद ही अधीनस्थ ऋण की चुकौती करना अपेक्षित है। चुकौती की अवधि की अनिश्चितता के मद्देनज़र, कंपनी ने सरकारी अधीनस्थ ऋण का उचित मूल्यांकन करना आवश्यक नहीं समझा।

घ) भूमि

i. कंपनी के लिए भूमि ख़रीदने हेतु स्वीकृत भूमि के लिए ब्याज़–मुक्त अधीनस्थ ऋण के भाग के रूप में प्राप्त राशि को, इस संबंध में सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, भूमि के लिए ब्याज़ मुक्त अधीनस्थ ऋण माना गया है।

ii. कब्जे में लीज़ होल्ड भूमि सहित भूमि की लागत या मुआवज़े के तौर पर अस्थायी तौर पर भुगतानों/व्यवस्थित देयता भूमि या लीज होल्ड भूमि की लागत माना जाता है। अस्थायी आधार पर अधिग्रहित भूमि के लिए किए गए अस्थायी भुगतानों/व्यवस्थित देयता को भूमि की कब्ज़ा अवधि के लिए परिशोधित किया गया है।

iii. यूपीएमआरसी द्वारा खरीदे गए भूमि खंडों का, जिनके कब्ज़े का लंबित पंजीकरण प्राप्त किया गया है, उनके लिए किए गए भुगतान के आधार पर लेखांकन किया गया है।

iv. यूपीएमआरसी को उत्तर प्रदेश सरकार से कुछ भूखंड निःशुल्क प्राप्त हुए हैं। इन भूखंडों को प्रति भूखंड 1/– रुपये की सांकेतिक राशि पर फ्री–होल्ड भूमि के रूप में पूंजीकृत किया गया है। चूंकि ये भूखंड 'इंड एएस' लागू होने से पूर्व प्राप्त किए गए थे, अतः इन्हें इंड एएस 101 में अनुमत छूट के अनुसार 1/– रुपए के मामूली मूल्य पर जारी रखा गया है।

v. इंड एएस के लागू होने के बाद, सरकार से निःशुल्क प्राप्त भूमि या भूमिखंड, जिनका स्वामित्व यूपीएमआरसी के पास निहित है, उन्हें प्राप्त भूमि के उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है। उचित मूल्य की गणना, ऐसी भूमि की प्राप्ति की तिथि को उस क्षेत्र की प्रभावी सर्किल दरों के आधार पर की जाती है।

vi. परिसंपत्ति के विनिमय में प्राप्त भूमि को प्राप्त भूमि के उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है। प्राप्त भूमि के उचित मूल्य और परिसंपत्ति की दी गई लागत के बीच अंतर को स्वीकार्य सरकारी अनुदान के रूप में मान्य किया गया है। इन अनुदानों का 'स्थगित आय' शीर्ष के तहत लेखांकन किया जाता है और इसे इंड़ एएस 20 के प्रावधानों के अनुसार परिशोधित किया जाता है।

vii. परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (PAPs) के पुनर्वास की लागत से संबंधित प्रतिपूर्ति, प्रतिस्थापन इत्यादि को कार्यशील पूंजी में दर्ज किया और पूरा होने पर संबंधित परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ा जाता है।

छ) सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान

(लाख रुपए में)

विवरण	2019-20	2018-19
लेखापरीक्षा शुल्क	3.00	2.00
कर लेखापरीक्षा शुल्क	0.80	0.80
कुल	3.80	2.80

ज) कंपनी ने प्रतिपूर्ति योग्य राज्य करों का लेखांकन किया है, जिनका समायोजन, ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए विवरणों के आधार पर 17100.00 लाख रुपए की कार्यशील पूंजी सहित पीपीई की वहन राशि में किया गया है।

झ) 31 मार्च, 2020 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के संबंध में सूचना

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**विवरण**	**2019.20**	**2018.19**
1.	किसी आपूर्तिकर्ता की भुगतान बकाया राशिः क) मूलधन ख) उस पर देय ब्याज़	 शून्य शून्य	 शून्य शून्य
2.	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 16 के संदर्भ में आपूर्तिकर्ता को नियत दिन से परे भुगतान की गई राशि के साथ ब्याज़ की राशि।	शून्य	शून्य
3.	भुगतान करने में देरी (वर्ष के दौरान किंतु नियत दिन से परे किए गए भुगतान) की अवधि के लिए देय और भुगतान योग्य किंतु सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत निर्दिष्ट ब्याज़ जोड़े बिना ब्याज़ की राशि	शून्य	छप्स-
4.	प्रोद्भूत एवं भुगतान न किए गए बकाया ब्याज़ की राशि	शून्य	छप्स-
5.	अगले वर्ष में भी उस तिथि, जब तक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 23 के तहत कटौती योग्य व्यय के तौर पर अस्वीकृति के उद्देश्य से उपरोक्त के अनुसार, छोटे उद्यमों को देय ब्याज़ का वास्तव में भुगतान नहीं किया जाता, तब तक ब्याज़ की देय और भुगतान योग्य बकाया राशि	शून्य	छप्स-

झ) भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस)–1 के संबंध में प्रकटनः वित्तीय विवरणों का प्रस्तुतिकरणः पूंजी प्रबंधन।

कंपनी के पूंजी प्रबंधन का प्राथमिक उद्देश्य शेयरधारक मूल्य को अधिकतम करना है। कंपनी ऋण और इक्विटी के अनुपात का उपयोग करते हुए पूंजी की निगरानी करती है, जो स्वामी की कुल पूंजी द्वारा विभाजित दीर्घकालिक ऋण है। ऋण इक्विटी अनुपात निम्नानुसार हैः

(लाख रुपए में)

विवरण	**31 मार्च, 2020 को**	**31 मार्च, 2019 को**
क) कुल ऋण	4,62,900.00	4,61,205.00
ख) कुल पूंजी	2,02,327.23	1,89,760.09
ऋणः इक्विटी अनुपात (क/ख)	2.29	2.43

कंपनी के पूंजी प्रबंधन के उद्देश्य से, पूंजी में जारी की गई पूंजी और आवंटन हेतु लंबित शेयर आवेदन राशि शामिल हैं। ऋण में दीर्घकालिक ऋण और उधारियां शामिल हैं।

ञ) भारतीय लेखाकंन मानक (इंड एएस) 116 "लीज़ेज़" के संबंध में प्रकटन
कंपनी पट्टाधारी (लीज़ लेने वाले) के रूप में

i) कंपनी के पास अनुबंध के अनुसार परिवर्तनीय किराए के लिए कोई पट्टा प्रतिबद्धता नहीं है।

ii) वित्तीय स्थिति के विवरण में प्रदर्शित पट्टे की देयता निम्नवत है:

विवरण	31 मार्च, 2020 को
गैर–चालू	33.15
चालू	0.32
कुल	**33.47**

iii) 31 मार्च, 2020 को भावी न्यूनतम पट्टा भुगतान निम्नवत हैं:

विवरण	31 मार्च, 2020 को		
बकाया न्यूनतम पट्टा भुगतान	**पट्टा भुगतान**	**वित्त प्रभार**	**सकल वर्तमान मूल्य**
1 वर्ष के अंदर	3.00	(2.68)	0.32
1–2 वर्ष	3.00	(2.65)	0.35
2–3 वर्ष	3.00	(2.62)	0.38
3–4 वर्ष	3.00	(2.59)	0.41
4–5 वर्ष	3.00	(2.56)	0.44
5 वर्ष के बाद	72.00	(40.43)	31.57
कुल	87.00	(53.53)	33.47

iv) देयता के रूप में अमान्य पट्टा भुगतान

पट्टा (लीज़) भुगतान से संबंधित व्यय को पट्टा देयता के माप में शामिल नहीं किया गया क्योंकि कंपनी ने प्रारंभिक आवेदन की तिथि पर, 12 महीने से कम अवधि वाले पट्टों से संबंधित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार एवं देयताओं को मान्यता न देने की छूट का प्रयोग किया।

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को
अल्पावधि पट्टे	368.14
कम मूल्य वाली परिसंपत्ति के पट्टे	-
परिवर्तनशील पट्टा भुगतान	-
कुल	368.14

v) परिसंपत्तियों की श्रेणी द्वारा परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार पर अतिरिक्त जानकारी, निम्नवत है:

विवरण	वहन राशि (निवल ब्लॉक)	मूल्यह्रास व्यय
31 मार्च, 2020 को		
होल्ड पर रखे गए पट्टे	32.65	1.13
कुल परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार	32.65	1.13

vi) **नकदी प्रवाह विवरण में प्रकटित राशियां निम्नवत हैं:**

विवरण	31 मार्च, 2020 को
पट्टे से होने वाला नकदी बहिर्वाह	371.14
कुल	371.14

कंपनी ने कर्मचारियों के लिए परिसर लीज़/किराए पर लिए हैं। पट्टे हेतु, ये व्यवस्थाएं आमतौर पर परस्पर रूप से सहमत शर्तों पर नवीनीकृत होती हैं। वर्ष के दौरान कंपनी ने 166.38 लाख रुपए (पि.व. 183.53 लाख रुपए) के लीज़ किराए का भुगतान किया है और व्यय को 'कर्मचारी आवास के लिए लीज़ किराए' के शीर्ष के तहत शामिल किया है।

पट्टा देने वाले के रूप में कंपनी

vii) कंपनी ने अपनी विभिन्न परिसंपत्तियां विभिन्न पक्षों को प्रचालित लीज़ आधार पर दी हैं। गैर–निरस्तीकरण प्रचालित लीज़ के तहत प्राप्तियोग्य आगामी न्यूनतम लीज़ किराया नीचे दिया गया है:

(लाख रुपए में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को	31 मार्च, 2019 को
1 वर्ष के बाद नहीं	1039.94	961.98
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्ष तक	4412.86	3531.49
5 वर्ष के बाद	3249.41	3846.64
कुल	**8702.21**	**8340.11**

viii) कंपनी का परियोजना कार्यालय, पहली मंज़िल, जनपथ बाज़ार, हज़रतगंज, लखनऊ में स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के परिसर में स्थित है। उपरोक्त परिसर के किराए से संबंधित मुद्दा अभी एलडीए के पास विचाराधीन है। इन परिस्थितियों में, कोई किराया प्रभारित नहीं किया गया है और उनके द्वारा इस मामले पर अंतिम निर्णय लिए जाने पर इसका लेखांकन किया जाएगा।

ix) कंपनी ने परियोजना के क्रियान्वयन हेतु अस्थायी पट्टे/किराए पर भूमि ली है और इस लेखांकन अवधि के दौरान, लीज़/किराए पर 201.40 लाख रुपए (पि.व. 100.65 लाख रुपए) का भुगतान वित्तीय वर्ष 2019–20 में किया गया है।

ट) भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस)–19 "कर्मचारी हितलाभ" के संबंध में प्रकटन

विभिन्न परिभाषित कर्मचारी हितलाभ योजनाओं का सामान्य विवरण निम्नानुसार है:

i. भविष्य निधि:

कंपनी की भविष्य निधि का प्रबंधन क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा किया जाता है। कंपनी पूर्व–निर्धारित दर पर भविष्य निधि में अंशदान करती है। देयता को प्रोद्भूत आधार पर मान्य किया जाता है।

ii. ग्रैच्युटी (आनुतोषिक):

कंपनी की एक परिभाषित ग्रैच्युटी लाभ योजना है। प्रत्येक कर्मचारी जो पांच वर्ष या उससे अधिक की निरंतर सेवा प्रदान करता है, वह अधिवर्षिता, त्यागपत्र, निष्कासन और अक्षमता या मृत्यु होने पर सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 15 दिन के वेतन (15/26* अंतिम आहरित मूल वेतन और महंगाई वेतन और महंगाई भत्ता) की ग्रैच्युटी प्राप्त करने का हकदार है। इस उददेश्य से एक नीति बनाई गई है।

इस योजना का प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) द्वारा किया जाता है, जिसके लिए कंपनी ने मास्टर पॉलिसी ली है।

इस योजना का वित्तपोषण कंपनी द्वारा किया जाता है। इंड एएस–19 के तहत अपेक्षित जानकारी का प्रकटन बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार और बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता को मान्य किया गया है।

तथापि, कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा की गई मांग के अनुसार निधि में अंशदान कर रही है।

प्रतिनियुक्ति वाले कर्मचारियों के अतिरिक्त यूपीएमआरसी कर्मचारियों के संबंध में, कंपनी ने एलआईसी के माध्यम से ग्रैच्युटी योजना ली है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए पंद्रह दिनों के अंतिम आहरित वेतन के समतुल्य फायदों का हकदार है। यह सेवा से बर्खास्त होने या सेवानिवृत्ति, जो भी पहले हो पर भुगतान योग्य है। यह लाभ पांच वर्ष की निरंतर सेवा के बाद प्राप्त होता है। इस निधि का प्रबंधन एलआईसी द्वारा किया जाता है। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान बीमाकर्ता को देय 69.24 लाख रुपये (पि.व. 133.12 लाख रुपये) के अंशदान के आधार पर मान्य की गई कुल देयता का विवरण नीचे दिया गया है:

(लाख रुपए में)

विवरण	वि.व. 2019–20	वि.व. 2018–19
चालू सेवा लागत	60.71	126.76
एलआईसी प्रीमियम	8.53	6.36
कुल	**69.24**	**133.12**

iii. पेंशन:

कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन योजना का प्रबंधन स्टॉकहोल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है। यह योजना वैकल्पिक है और कंपनी का दायित्व नामांकित कर्मचारी के मूल वेतन के 2.5% के भुगतान तक सीमित है।

अवधि हेतु योजना में अंशदान को प्रोद्भूत आधार पर कर्मचारी लागत के तहत समूहीकृत किया जाता है। प्रतिनियुक्ति वाले कर्मचारियों के संबंध में, पेंशन अंशदान की गणना मूल संगठन/भारत सरकार के नियमों के अनुसार की जाती है और लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

छुट्टी:

कंपनी अपने कर्मचारियों को अर्जित छुट्टी लाभ (प्रतिपूर्ति अनुपस्थिति सहित) और अर्ध–वेतन छुट्टी प्रदान करती है, जो वर्ष में क्रमशः 30 दिनों और 20 दिनों में अर्जित होती है। केवल नकदीकरण योग्य छुट्टी खाते में छुट्टी का सेवारत रहने पर एक कैलेंडर वर्ष में एक बार और अधिवर्षिता पर अधिकतम 300 दिनों की छुट्टियों (गैर–नकदीकरण योग्य और बिना गणना की अर्ध–वेतन छुट्टियों सहित) का नकदीकरण होता है। इस खाते की देयता बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर मान्य की जाती है।

प्रतिनियुक्ति वाले कर्मचारियों के संबंध में, छुट्टी वेतन अंशदान उनके मूल विभागों को आहरित वेतन (महंगाई वेतन और विशेष वेतन सहित मूल वेतन) के 11% की दर से देय है और इसका लेखांकन प्रोद्भूत आधार पर किया जाता है।

प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त यूपीएमआरसी कर्मचारियों के संबंध में, छुट्टी नकदीकरण का बीमांकिक मूल्यांकन, एक बीमांकिक द्वारा किया गया और तद्नुसार लेखा बहियों और वित्तीय विवरणों में निम्न प्रकार से उचित प्रावधान किए गए हैं: –

ग्रैच्युटी और छुट्टी नकदीकरण की गणनाओं के परिणाम निम्न प्रकार हैं:

निवल परिभाषित लाभ दायित्व

विवरण		ग्रैच्युटी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)	छुट्टी (गैर-वित्तपोषित) (लाख रूपए में)
पारभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य	चा.व.	482.41	1030.70
	पि.व.	246.45	627.69
योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	चा.व.	455.14	-
	पि.व.	437.07	-
योजना में अधिशेष या (घाटा)	चा.व.	-27.26	-1030.70
	पि.व.	190.61	-627.69
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन	चा.व.	54.44	-62.40
	पि.व.	-152.72	-343.50
कुल निवल परिभाषित लाभ दायित्व	चा.व.	217.88	403.00
	पि.व.	-42.94	3.42

योजना परिसंपत्तियों में संचलन

विवरण		ग्रैच्युटी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)	छुट्टी (गैर-वित्तपोषित) (लाख रूपए में)
वर्ष के आरंभ में परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	चा.व.	437.07	-
	पि.व.	286.01	-
योजना परिसंपत्तियों के आरंभिक उचित मूल्य में समायोजन	चा.व.	0	-
	पि.व.	0	-
ब्याज़ आय (+)	चा.व.	32.78	-
	पि.व.	21.45	-
योजना परिसंपत्तियों पर प्रतिफल, ब्याज़ राशियां छोड़कर (+/–)	चा.व.	7.94	-
	पि.व.	1.96	-
परिसंपत्ति सीमा में परिवर्तन, ब्याज़ व्यय में शामिल राशियां छोड़कर (+/–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
एफ़एक्स दर (+) एवं हानियां (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
नियोक्ता द्वारा अंशदान (+)	चा.व.	0	-
	पि.व.	127.64	-
योजना भागीदारों द्वारा अंशदान (+)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
भुगतान किए गए लाभ (–)	चा.व.	-6.76	-
	पि.व.	0	-
व्यवसाय संयोजन (+) और निस्तारण (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
समाधान (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
वर्ष के अंत में परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	चा.व.	455.15	-
	पि.व.	437.07	-

परिभाषित हितलाभ दायित्वों में संचलन

विवरण		ग्रैच्युटी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)	छुट्टी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)
वर्ष के आंरभ में परिभाषित हितलाभ दायित्व	चा.व.	246.45	627.69
	पि.व.	265.98	624.26
चालू सेवा लागत (+)	चा.व.	177.74	418.33
	पि.व.	111.28	300.11
ब्याज़ लागत (+)	चा.व.	18.48	47.08
	पि.व.	19.94	46.81
जनांकिकी अनुमानों में परिवर्तन से लाभ (–) / हानि (+)	चा.व.	0.18	0
	पि.व.	-116.36	-241.56
वित्तीय अनुमानों में परिवर्तन से लाभ (–) / हानि (+)	चा.व.	48.98	22.93
	पि.व.	-110.04	-263.60
अनुभव समायोजन (+/–)	चा.व.	-2.67	-85.33
	पि.व.	75.64	161.66
एफ़एक्स दर लाभ (–) एवं हानियां (+)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
योजना प्रतिभागियों द्वारा अंशदान (+)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
लाभों का भुगतान (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
व्यवसाय संयोजन (+) एवं निस्तारण (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
समाधान (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
वर्ष के अंत में परिभाषित हितलाभ दायित्व	चा.व.	482.41	1030.70
	पि.व.	246.45	627.69

लाभ या हानि में मान्य हितलाभ व्यय

विवरण		ग्रैच्युटी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)	छुट्टी (गैर-वित्तपोषित) (लाख रूपए में)
चालू सेवा लागत (+)	चा.व.	177.74	418.33
	पि.व.	111.28	300.11
ब्याज़ लागत (+)	चा.व.	18.48	47.07
	पि.व.	19.94	46.81
ब्याज़ आय (+)	चा.व.	32.78	-
	पि.व.	21.45	-
निवल परिभाषित लाभ देयता पर निवल ब्याज़	चा.व.	-14.29	47.07
	पि.व.	-1.50	46.81

पिछली सेवा लागत (+)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
समाधान लाभ (+) या हानियां (–)	चा.व.	-	-
	पि.व.	-	-
लाभ या हानि में मान्य कुल व्यय	चा.व.	163.44	465.41
	पि.व.	109.78	346.93

अन्य व्यापक आय में मान्य की ग राशियां

विवरण		**ग्रैच्युटी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)**	**छुट्टी (वित्तपोषित) (लाख रूपए में)**
अन्य व्यापक आय में मान्य कुल राशि	चा.व.	54.44	-62.40
	पि.व.	-152.72	-343.50

योजना परिसंपत्तियों में निवेश की श्रेणी

निवेश की श्रेणी	**परियोजना परिसंपत्तियों के उचित मूल्य का %**
अन्य व्यापक आय में मान्य कुल राशि	100%

बीमांकिक अनुमान

विवरण		**ग्रैच्युटी (वित्तपोषित)**	**छुट्टी (गैर-वित्तपोषित)**
प्रयुक्त पद्धति	चा.व.	अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि	अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि
	पि.व.	अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि	अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि
छूट की दर	चा.व.	6.90% प्रति वर्ष	6.90% प्रति वर्ष
	पि.व.	7.50% प्रति वर्ष	7.50% प्रति वर्ष
वेतन वृद्धि दर	चा.व.	8% प्रति वर्ष	8% प्रति वर्ष
	पि.व.	8% प्रति वर्ष	8% प्रति वर्ष
कर्मचारी अपघर्षण/वापसी दर	चा.व.	3.5% प्रति वर्ष	3.5% प्रति वर्ष
	पि.व.	3.5% प्रति वर्ष	3.5% प्रति वर्ष
मृत्यु दर	चा.व.	आईएएलएम 2012–14 यूएलटी का 100%	आईएएलएम 2012–14 यूएलटी का 100%
	पि.व.	आईएएलएम 2006–08 यूएलटी का 100%	आईएएलएम 2006–08 यूएलटी का 100%

क. संवेदनशीलता विश्लेषण और प्रत्याशित लाभ भुगतान:

1. संवेदशीलता विश्लेषण– छुट्टियों का नकदीकरण

अनुमान	अनुमान में परिवर्तन	31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष (लाख रूपए में)– छुट्टियों का नकदीकरण
छूट की दर	0.50%	-24.85
	-0.50%	16.30
वेतनवृद्धि दर	1.00%	39.97
	-1.00%	-41.98
मूल्य मुद्रास्फीति दर	1.00%	-
	-1.00%	-
चिकित्सा मुद्रास्फीति दर	1.00%	-
	-1.00%	-
मृत्यु दर	+3 years	-7.60
	-3 years	6.80

2. संवेदनशीलता विश्लेषण – ग्रैच्युटी

अनुमान	अनुमान में परिवर्तन	31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष (लाख रूपए में)– ग्रैच्युटी
छूट की दर	1.00%	-78.01
	-1.00%	100.33
वेतनवृद्धि दर	1.00%	94.51
	-1.00%	-77.47
आहरण दर	1.00%	-16.84
	-1.00%	19.25

3. प्रत्याशित हितलाभ भुगतान

क्र.सं.	भुगतान का वर्ष	ग्रैच्युटी	छुट्टियों का नकदीकरण
1	31 मार्च, 2021	3.06	20.09
2	31 मार्च, 2022	19.34	7.67
3	31 मार्च, 2023	11.42	8.00
4	31 मार्च, 2024	16.34	8.34
5	31 मार्च, 2025	17.92	8.71
6	31 मार्च, 2026–31 मार्च, 2030	99.37	49.71

ठ) भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस 21) "विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव" के संबंध में प्रकटन:

i. लाभ एवं हानि विवरण में क्रेडिट विनिमय अंतर राशि (निवल) 1.49 लाख रुपए (पि.व. 0.13278 लाख रुपए) है।

ii. पीपीई/सीडब्ल्यूआईपी समायोजनों में मौद्रिक मदों के रूपांतरण के कारण 208.31 लाख रुपए (पि.व. 1010.46 लाख रुपए) की विनिमय अंतर राशि सम्मिलित है।

ड) इंड एएस 24 "संबंधित पक्ष प्रकटनों" के संबंध में प्रकटन

i. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

1. श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक
2. श्री संजय मिश्रा, पूर्णकालिक निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना)
3. श्री महेंद्र कुमार, पूर्णकालिक निदेशक (चल स्टॉक एवं प्रणालियां) (30 जून, 2019)
4. श्री अतुल कुमार गर्ग, पूर्णकालिक निदेशक (चल स्टॉक एवं प्रणालियां) (3 दिसंबर, 2019 से प्रभाव में)
5. श्री अजय कांत रस्तोगी, पूर्णकालिक निदेशक (वित्त) (30 जनवरी, 2020 तक)
6. श्री सुशील कुमार, पूर्णकालिक निदेशक (परिचालन) (25 अक्टूबर, 2018 से प्रभाव में)
7. श्रीमती पुष्पा बेलानी, कंपनी सचिव

ii. संबंधित पक्षों (प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों) से कंपनी के लेनदेनों का प्रकटन

विवरण	2019-20 (लाख रूपए में)	2018-19 (लाख रूपए में)
वेतन एवं भत्ते	218.82	232.80
भविष्य निधि एवं अन्य निधियों, ग्रैच्युटी एवं समूह बीमा में अंशदान	29.74	20.12
अन्य लाभ	22.49	17.85
कुल (कर्मचारी लागत में शामिल)	270.47	270.77

iii. उपरोक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त:

1. पूर्णकालिक निदेशकों को कंपनी के नियमों के अनुसार, वसूली के अधीन कंपनी के स्वामित्व की कार के उपयोग (निजी यात्राओं सहित) की अनुमति दी गई है।
2. वि.व. 2019–20 के दौरान किसी अन्य पक्ष के साथ अन्य कोई लेनदेन नहीं किया गया।

ढ) इंड एएस-33 "अर्जन प्रति शेयर" के संबंध में प्रकटन :

प्रति शेयर मूल–अर्जन की गणना, इक्विटी शेयरधारकों को आरोप्य अवधि के निवल लाभ या हानि में अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्या से भाग देकर की जाती है। प्रति शेयर अवमिश्रित अर्जन की गणना के लिए, सभी अवमिश्रित संभावित इक्विटी शेयरों के प्रभाव के लिए इक्विटी शेयरधारकों को आरोप्य अवधि के लिए निवल लाभ या हानि तथा अवधि के दौरान बकाया शेयरों की संख्या के भारित औसत को समायोजित किया जाना चाहिए।

विवरण	2019-20 (लाख रूपए में)	2018-19 (लाख रूपए में)
लाभ एवं हानि विवरण के अनुसार कराधान, पूर्व अवधि समायोजनों एवं पिछले वर्षों के कर समायोजनों के बाद लाभ (लाख रुपए)	-25026.85	-7211.16
बकाया इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्याः मूल अवमिश्रित	 2036.02 2114.28	 1923.21 2021.79
मूल अर्जन प्रति शेयर (रुपए) (अंकित मूल्य रुपए 100/– प्रति शेयर)	-12.29	-3.75
अवमिश्रित अर्जन प्रति शेयर (रुपए) (अंकित मूल्य रुपए 100/– प्रति शेयर)	-11.84	-3.57

ण) इंड एएस 107 "वित्तीय लिखतः प्रकटन" के संबंध में प्रकटन

i. श्रेणीवार वित्तीय लिखत

श्रेणीवार वित्तीय लिखतों का वहन मूल्य निम्न प्रकार है:

विवरण	31 मार्च, 2020 को			31 मार्च, 2019 को	
	ऋणशोधित लागत (लाख रूपए में)	एफ़वीटी पीएल (लाख रूपए में)	एफ़वी ओसीआ (लाख रूपए में)	ऋणशोधित लागत (लाख रूपए में)	एफ़वीटी पीएल (लाख रूपए में)
ऋण	-	-	-	-	-
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां (नोट –5 एवं 9 का संदर्भ ग्रहण करें)	1319.80	-	-	1748.43	-
व्यापार प्राप्य	-	-	-	-	-
नकदी एवं नकदी समतुल्य (नोट– 8 का संदर्भ ग्रहण करें)	79258.10	-	-	126579.82	-
कुल	-	-	-	-	-
उधारियां (नोट–14 का संदर्भ ग्रहण करें)	462900.00	-	-	461205.00	-
अन्य वित्तीय देयताएं (नोट 15 एवं 19 का संदर्भ ग्रहण करें)	16553.38	16550.44*	-	28789.60	28788.20*
व्यापार देय (नोट 18 का संदर्भ ग्रहण करें)	1386.43	-	-	823.85	-
कुल	-	-	-	-	-

*अन्य वित्तीय में, ठेकेदारों और ग्राहकों से प्राप्त सुरक्षा जमा राशियां शामिल हैं।

ii. उचित मूल्य पदानुक्रमः

वित्तीय स्थिति के विवरण में उचित मूल्य पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियां एवं देयताएं उचित मूल्य पदानुक्रम के तीन स्तरों में वर्गीकृत की गई हैं। मापन के लिए महत्वपूर्ण इनपुट्स की विचारणीयता पर आधारित तीन स्तर परिभाषित किए गए हैं:

स्तर 1: सक्रिय बाजारों में समान वित्तीय लिखतों पर उद्धृत मूल्य (असमायोजित) ताकी मापन तिथि निर्धारित की जा सके।

स्तर 2: सक्रिय बाजारों में कारोबार नहीं किए गए वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य निर्धारित करने में मूल्यांकन तकनीकों को अपनाया जाता है, जिससे सुसंगत विचारणीय बाजार इनपुट्स का प्रयोग बढ़ता और अनावश्यक इनपुट्स का प्रयोग घटता है।

स्तर 3: यदि एक या अधिक महत्वपूर्ण इनपुट्स विचारणीय बाजार इनपुट्स पर आधारित नहीं हैं, तो लिखत को उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर 3 में वर्गीकृत किया जाता है।

iii. ऋणशोधित लागत पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियां/देयताएं, जिनके लिए उचित मूल्य प्रकटन किया गया है:

(लाख रुपए में)

विवरण	स्तर	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
		ऋणशोधित लागत	उचित मूल्य	ऋणशोधित लागत	उचित मूल्य
वित्तीय परिसंपत्तियां					
ऋण	स्तर 2	-	-	-	-
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां (नोट 5 एवं 9 का संदर्भ ग्रहण करें)	स्तर 2	1319.80	1319.80	1748.43	1748.43
कुल	-	-	-	-	
वित्तीय देयताएं					
अन्य वित्तीय देयताएं (नोट 15 एवं 19 का संदर्भ ग्रहण करें)	स्तर 2	16553.38	16550.44	28789.60	28788.20

iv. उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त मूल्यांकन तकनीकें एवं प्रक्रियाएं

1. 12 महीने से कम परिपक्वता वाली वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं का वहन मूल्य, उनका उचित मूल्य दर्शाने वाला माना जाता है।
2. ऋणशोधित लागत पर निकाली गईं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं के उचित मूल्य का निर्धारण लेखांकन नीति संख्या. 29 (च)(ii) के अनुसार परिभाषित छूट दर का उपयोग करते हुए नकदी प्रवाह को न गिनते हुए किया जाता है।

त) वित्तीय जोखिम प्रबंधन

वित्तीय जोखिम कारक

कंपनी वित्तीय लिखतों के संबंध में विभिन्न जोखिमों से अवगत है। श्रेणी के अनुसार कंपनी की वित्तीय परिसंपत्तियां और देयताएं ऊपर संक्षेप में दी गई हैं। जोखिम के मुख्य प्रकार बाजार जोखिम, ऋण जोखिम और तरलता जोखिम हैं। कंपनी का जोखिम प्रबंधन अस्थिर वित्तीय बाजारों से संपर्क को कम करके कंपनी के लघु से मध्यम अवधि के नकदी प्रवाह को सक्रिय रूप से सुरक्षित करने पर केंद्रित है।

i. बाजार जोखिम

बाजार जोखिम कंपनी का विदेशी मुद्रा जोखिम है। कंपनी का कोई ब्याज़ दर जोखिम नहीं है क्योंकि कंपनी का ऋण ईआईबी से प्राप्त ऋण की प्रत्येक किस्त की संवितरण सूचना के अनुसार शून्य ब्याज़ दर या निश्चित

ब्याज़ दर पर है। साथ ही, कंपनी का मूल्य जोख़िम भी नहीं है क्योंकि कंपनी के पास व्युत्पन्न वित्तीय परिसंपत्ति नहीं है।

विनिमय उतार–चढ़ाव का जोख़िम भारत के बाहर से संपत्ति संयंत्र और उपकरण के आयात के कारण है। विदेशी मुद्रा जोख़मि से सुरक्षा के लिए कंपनी के पास कोई हेजिंग लिखत नहीं है।

ii. क्रेडिट जोख़िम

क्रेडिट जोख़िम काउंटर पार्टी द्वारा अपने दायित्व की चूक के परिणामस्वरूप वित्तीय नुकसान के जोख़िम से संबंधित है। कंपनी ने विभिन्न वित्तीय लिखतों पर ऐसे जोख़िम उदाहरण के लिए कर्मचारियों को अग्रिम, ग्राहकों से प्राप्तियां, प्रतिभूति जमा इत्यादि का प्रकटन किया। रिपोर्टिंग तारीख पर क्रेडिट जोख़िम का अधिकतम ख़तरा मुख्य रूप से निम्न प्रकार की वित्तीय परिसंपत्तियों के वहन मूल्य से है:

– नकदी और नकदी समतुल्य
– व्यापार प्राप्य
– परिशोधित लागत पर मापी गई अन्य वित्तीय परिसंपत्ति

कंपनी लगातार ग्राहकों और अन्य काउंटर पार्टियों की चूक की निगरानी करती है, व्यक्तिगत तौर पर उचित लागत, बाहरी क्रेडिट रेटिंग को चिन्हित करती है और/या ग्राहकों और अन्य काउंटर पार्टियों पर रिपोर्ट प्राप्त और उपयोग की जाती हैं।

iii. क्रेडिट जोख़िम प्रबंधन

नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी और नकदी समतुल्य से संबंधित क्रेडिट जोख़िम का प्रबंधन निधियों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में रखकर किया जाता है, जो भारतीय रिजर्व बैंक की नियामक निगरानी के अधीन हैं और इन बैंकिंग संबंधों की चलायमान आधार पर समीक्षा की जाती है।

अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है और इसमें कोई नुकसान नहीं है।

प्रत्याशित क्रेडिट नुकसान

कंपनी निम्न आधार पर प्रत्याशित क्रेडिट नुकसान का प्रावधान करती है:

व्यापार प्राप्य

व्यापार प्राप्यों का नुकसान तब होता है, जब कंपनी द्वारा व्यक्तिगत व्यापार प्राप्यों के लिए कराए गए वसूली विश्लेषण के आधार पर वसूली योग्यता संदिग्ध मानी जाती है। कंपनी की राय में उपरोक्त सभी वित्तीय परिसंपत्तियों जिनका नुकसान नहीं हुआ है और जो समीक्षाधीन प्रत्येक प्रतिवेदन तिथि पर देय हैं, उनकी क्रेडिट गुणवत्ता अच्छी है।

परिशोधित हानि पर अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन

कर्मचारी ऋण से संबंधित क्रेडिट जोख़िम को नगण्य माना जाता है क्योंकि ऋण उस संपत्ति से सुरक्षित है, जिसके लिए कर्मचारियों को ऋण मंजूर किया जाता है। इन अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों से संबंधित क्रेडिट जोख़िम का प्रबंधन, ऐसी राशि की निरंतर वसूली की निगरानी करके किया जाता है, जबकि आंतरिक नियंत्रण प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि राशियां परिभाषित सीमाओं के भीतर हों। इन वित्तीय परिसंपत्तियों पर प्रत्येक प्रतिवेदन तिथि को किसी नुकसान का प्रावधान नहीं है। हमारे विचार में प्रतिवेदन तिथियों पर सभी उपरोक्त वित्तीय परिसंपत्तियों की अच्छी क्रेडिट गुणवत्ता है।

ट. तरलता जोखिम

हमारी तरलता ज़रूरतों की निगरानी मासिक और वार्षिक अनुमानों के आधार पर की जाती है। कंपनी के तरलता के प्रमुख स्रोत नकदी और नकदी समतुल्य, प्रचालन से उत्पन्न राजस्व, ईआईबी से दीर्घकालिक ऋण, ब्याज़ मुक्त अधीनस्थ ऋण, शेयर पूंजी और अनुदान हैं।

हम नकदी प्रवाहों की निरंतर निगरानी और नकदी और नकदी समतुल्यों की निगरानी करके अपनी तरलता जरूरतों का प्रबंधन करते हैं, कमियों के निर्धारण के लिए निवल नकदी जरूरतों की तुलना उपलब्ध नकदी से की जाती है।

अल्पकालिक तरलता अपेक्षा में मुख्यतः विविध लेनदार, देय व्यय, कर्मचारी देय, प्रतिधारण और प्रत्येक प्रतिवेदन तिथि के अनुसार कारोबार के सामान्य व्यवहार के दौरान उत्पन्न जमा राशियां शामिल होती हैं। हम अपनी अल्पकालिक तरलता अपेक्षाएं पूरी करने के लिए नकदी और नकदी समतुल्यों में पर्याप्त संतुलन बनाए रखते हैं।

हम समय–समय पर दीर्घकालिक तरलता अपेक्षाओं का आकलन और आंतरिक संसाधनों के माध्यम से उनका प्रबंधन करते हैं। हमारी गैर–चालू देयताओं में ईआईबी ऋण, ब्याज़ मुक्त अधीनस्थ ऋण, प्रतिधारण और जमाराशियां और कर्मचारी लाभ की देयताएं शामिल हैं।

थ) खंड रिपोर्टिंग (इंड एएस 108)

कंपनी के परिचालनों में, इंड एएस 108–परिचालन खंड के तहत यथा अपेक्षित रिपोर्टिंग कारोबार/ भौगोलिक खंड के संदर्भ में केवल एक कारोबार खंड – मेट्रो रेल सुविधा का परिचालन एवं अनुरक्षण शामिल है।

इंड एएस 108–परिचालन खंड में परिभाषित "प्रबंधन दृष्टिकोण" के आधार पर, मुख्य प्रचालन निर्णयकर्ता कंपनी के कामकाज का मूल्यांकन करता है और कारोबार खंड द्वारा विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के विश्लेषण के आधार पर संसाधनों का आवंटन करता है। तद्नुसार, इन व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसे इंड एएस 108–परिचालन खंड के पैरा 13 में मात्रात्मक सीमा के आधार पर परिभाषित किया गया है:

सेवाओं के बारे में जानकारियां:

(लाख रुपए में)

विवरण	2019-20	2018-19
फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू	5473.31	1079.96
नॉन फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू	1278.97	424.05

भौगोलिक खंड

वर्तमान में कंपनी, सिर्फ़ लखनऊ शहर के अंदर परिचालन करती है और अन्य किसी शहर में मेट्रो सेवाओं का परिचालन नहीं कर रही है। कंपनी, विभिन्न जोखिमों एवं प्रतिफलों के साथ, एक आर्थिक वातावरण से संपन्न है। अतएव, इसे एकल भौगोलिक खंड में संचालित माना जाता है।

प्रमुख ग्राहकों के संबंध में जानकारी:

ग्राहकों से राजस्व– मेसर्स जागरण प्रकाशन लि. एवं मेसर्स अभी ऐडवरटाइज़िंग ने क्रमशः 606.77 लाख रुपए एवं 167.11 लाख रुपए का सहयोग किया है, जो कि 31 मार्च, 2020 तक कंपनी के नॉन फ़ेयर बॉक्स रेवेन्यू में 10 प्रतिशत या उससे अधिक का योगदान है।

द) पिछले वर्ष के आंकड़ों को चालू वर्ष की प्रस्तुति से तुलनयोग्य बनाने के लिए, आवश्यक होने पर, पुनःसमूहित/पुनःव्यवस्थित/पुनःवर्गीकृत किया गया है।

हमारी समदिनांकित संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते डी.एस. शुक्ला ऐंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेन्ट्स
एफ़आरएनः 000773C

हस्ताक्षर/–
(आर.के.श्रीवास्तव)
पार्टनर
सदस्यता संख्याः 078783
यूडीआईएनः 20078783AAAABX4585

स्थानः लखनऊ
दिनांकः 26.10.2020

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

हस्ताक्षर/–
(कुमार केशव)
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 02908695

हस्ताक्षर/–
(शील कुमार मित्तल)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 08821866

(पुष्पा बेलानी)
कंपनी सचिव

सत्यमेव जयते

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (आडिट–प्रथम)
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GNERAL (AUDIT-1)
U.P., ALLAHABAD

स्पीडपोस्ट / गोपनीय / By hand

पत्रांकः PAG(Audit-I)/AMG-IV/PSU/UPMRCL/A.A./cs/2019-20/625
दिनांक : 20/01/2021

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.
प्रशासनिक भवन (निकट भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल),
विपिन खंड, गोमती नगर,
लखनऊ–226010

विषय : उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के वर्ष 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टीका–टिप्पणियां।

महोदय,

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अधीन **उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड, उखनऊ** के वर्ष 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के प्रावधानों के अनुसरण में कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु अग्रेषित की जा रही हैं। कृपया वार्षिक सामान्य बैठक के समक्ष इन टिप्पणियों के प्रस्तुत किए जाने की वास्तविक तिथि की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। कृपया पत्र की पावती भेजें।

संलग्नक यथोपरि।

भवदीय,

20/1/21

(अवनींद्र कुमार राय)
उप–महालेखाकार
ए.एम.जी. IV

'सत्यनिष्ठा भवन' 15–ए, महर्षि दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद–1, दूरभाष : (कार्यालय) 2420441 फैक्स : 0532–2424102
'Satyanishtha Bhawan" 15-A, Maharshi Dayanand Marg, Allahabad-1, Ph. Off. : 2420441 Fax : 0532-2424102

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (b) के अंतर्गत, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.) के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 (यहां पर 'अधिनियम' के तौर पर संदर्भित) के अंतर्गत निर्दिष्ट वित्तीय प्रतिवेदन के प्रारूप के अनुसार, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (पूर्व में लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरशन लि.) के वित्तीय विवरण तैयार करना, कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक, अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर, अधिनियम की धारा 143 (10) में निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों पर आधारित स्वतंत्र लेखापरीक्षा आयोजित कर, अपनी राय प्रकट करने के लिए उत्तरदायी हैं। लेखापरीक्षा प्रतिवेदन दिनांक 26 अक्टूबर, 2020 के माध्यम से उनके द्वारा लेखापरीक्षा के संचालन के संबंध में बताया गया है।

मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अधिनियम की धारा 143 (6) (a) के तहत उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि., लखनऊ के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा की गई। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा स्वंतत्र रूप से, सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यशील दस्तावेज़ों को अलग रखते हुए की गई और यह मुख्यतः सांविधिक लेखापरीक्षकों एवं कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ एवं कुछ चुनिंदा लेखांकन रेकॉर्डों के परीक्षण तक सीमित है।

अनुपूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 143(6) (b) के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को रेखांकित करना चाहता हूं, जो मेरे संज्ञान में आए और जो मेरे दृष्टिकोण में वित्तीय विवरणों एवं संबंधित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की बेहतर समझ के लिए आवश्यक हैं:

क. लाभप्रदता पर टिप्पणी

लाभ एवं हानि का विवरण

आय

1. अन्य आय (नोट 23): 380.63 करोड़ रूपए

उत्तर प्रदेश बिजली आपूर्ति के कोड 2005 के क्लॉज़ 4.20(i) के अनुसार, कंपनी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. (एमवीवीएनएल) के वृंदावन मंडल के साथ बिजली के कनेक्शन के सापेक्ष जमा प्रतिभूति राशि पर लागू वित्तीय वर्ष के अंतर्गत 1 अप्रैल की तिथि को लागू बैंक दरों पर ब्याज़ प्राप्त करने की हकदार है।

जबकि कंपनी ने वृंदावन मंडल पर बिजली के कनेक्शन के संबंध में एमवीवीएनएल के पास जमा प्रतिभूति राशि[2] पर अक्टूबर, 2016 से लेकर मार्च, 2020 तक की अवधि के लिए प्राप्ति योग्य ब्याज़ 35.33 लाख[1] रुपए का लेखांकन नहीं किया है।

फलस्वरूप, अन्य आय एवं चालू परिसंपत्तियों, दोनों ही के विवरण में 35.33 लाख रुपए कम दर्ज किए गए और इस अवधि के लिए दर्शाए गए हानि के विवरण में इतनी ही राशि अधिक दर्ज की गई।

---

1. वर्ष 2016–17 के लिए 7.75 प्रतिशत की बैंक दर से। वर्ष 2017–18 और 2018–19 के लिए 6.50 प्रतिशत की बैंक दर एवं 2019–20 हेतु 5.65 प्रतिशत की दर से।
2. अक्टूबर, 2016 से लेकर अक्टूबर, 2019 तक 31.50 करोड़ रुपए एवं नवंबर, 2019 से लेकर मार्च, 2020 तक 2.16 करोड़ रुपए।

ख. वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

तुलनपत्र

चालू देयताएं

2. अन्य वित्तीय देयताएं (नोट 19): 143.53 करोड़ रूपए

(i) उत्तर रेलवे ने कंपनी से साल 2018–19 में रेलवे बोर्ड की नीति के अनुसार, बादशाहनगर और डालीगंज रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे की भूमि हेतु पारगमन प्रभार के रूप में 9.55 करोड़ रुपए की मांग की थी। जबकि, कंपनी ने 7.80 करोड़ रुपए का भुगतान किया और शेष 1.75 करोड़ रुपए की राशि को लेखाओं में आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया।

चूंकि, कंपनी उत्तर रेलवे को इस राशि के भुगतान हेतु बाध्य है, शेष बची हुई राशि को आकस्मिक देयता के स्थान पर चालू देयता के रूप में दर्ज किया जाना चाहिए था। फलस्वरूप, अमूर्त परिसंपत्तियों (भूमि के उपयोग के अधिकार) एवं चालू देयताओं, प्रत्येक शीर्ष में 1.75 करोड़ रुपए कम दर्ज हुए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कंपनी के वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 के लेखाओं पर इस टिप्पणी के बाद भी, प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(ii) उत्तर रेलवे ने रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नीतिगत दिशा–निर्देशों के अनुसार, कंपनी से मई 2019 में चारबाग़–हज़रतगंज के भूमिगत सेक्शन हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज के परिसर में भूमि के उपयोग के लिए 1.61 करोड़ रुपए की राशि अनुमति प्रभार के रूप में मांगी थी।

कंपनी ने 1.32 करोड़ रुपए की देयता स्वीकार की है और भूमि के उपयोग के अधिकार को अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में पूंजीकृत किया है। 0.29 करोड़ रुपए की शेष राशि को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है। चूंकि, कंपनी उत्तर रेलवे को इन प्रभारों का भुगतान करने के लिए बाध्य है, अतः शेष बची हुई राशि को आकस्मिक देयता के स्थान पर चालू देयता के शीर्ष में शामिल किया जाना चाहिए था। फलस्वरूप, अमूर्त परिसंपत्तियों (भूमि के उपयोग के अधिकार) एवं चालू देयताओं, प्रत्येक में 0.29 करोड़ रुपए कम दर्ज किए गए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु कंपनी के लेखाओं पर ऐसी ही टिप्पणी की गई थी, लेकिन इसके बाद भी कंपनी के प्रबंधन द्वारा कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

(iii) उत्तर रेलवे द्वारा (फ़रवरी 2018 में) चार जगहों पर रेलवे की भूमि से पारगमन की अनुमति हेतु कंपनी से पारगमन प्रभार के रूप में 34.30 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। कंपनी ने इस राशि में से 33.06 करोड़ रुपए का भुगतान वर्ष 2015–16 में कर दिया था। 1.24 करोड़ रुपए की शेष बची राशि को आकस्मिक देयता के रूप में दर्ज किया गया । चूंकि, कंपनी इस राशि के भुगतान हेतु बाध्य है और इस राशि को कंपनी के प्रबंधन द्वारा अपने लेखाओं में शामिल भी किया गया है। इस राशि को लेखाओं के अंतर्गत आकस्मिक देयता के स्थान पर चालू देयता के रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए था। फलस्वरूप, चालू देयता और कार्यशील पूंजी (सीडब्ल्यूआईपी) के शीर्षों में से प्रत्येक में 1.24 करोड़ रुपए कम दर्ज हुए।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 हेतु कंपनी के लेखाओं पर इस तरह की टिप्पणी के बाद भी कंपनी के प्रबंधन द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां (नोट 30)

3. आकस्मिक देयताएं

भारतीय विमानापत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा दिनांक 22.04.2016 को जारी अपने पत्र के माध्यम से कंपनी को कास्टिंग यार्ड तैयार करने हेतु 01.10.2014 से लेकर 31.03.2017 तक की अवधि के लिए 60,000 स्कवेयर मीटर की भूमि लीज़ (पट्टे) पर दी गई थी। एएआई ने दिनांक 18.01.2017 को जारी अपने पत्र के माध्यम से कंपनी से किराए के रूप में 24.40 करोड़ रुपए की मांग की। इसके बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने दिनांक 26.06.2019 को जारी अपने पत्र के माध्यम से कंपनी को उनके साथ सहयोग स्थापित करते हुए एएआई को देय राशि का भुगतान करने के लिए निर्देशित किया।

कंपनी ने एएआई को 29.12.2019 को 2.29 करोड़ रुपए का भुगतान, सर्किल रेट के आधार पर की गई गणना के अनुरूप किया, जो कि एएआई को स्वीकार नहीं था। चूंकि, कंपनी और एएआई के बीच में असहमति थी, शेष बची हुई 22.11 करोड़ रुपए की राशि को अंतिम समझौते तक आकस्मिक देयता के रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए था। वित्तीय विवरणों में उक्त आकस्मिक देयता का विवरण नहीं दिया गया है।

ग. प्रकटन पर टिप्पणियां

4. अन्य इक्विटी (नोट 13): (175.38 करोड़ रूपए)

